# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 06 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 241, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceofllucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स और निफ्टी रहे स्थिर

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बदलाव के साथ लगभग स्थिर बंद हुए। } 14

## स्मार्ट कक्षाओं और ब्लैक बोर्ड से ज्यादा जरूरी है स्मार्ट शिक्षक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चीज स्मार्ट शिक्षक हैं। } 16



# लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) को लेकर भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय में संभवतः सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर लिखा लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। साथ में उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो।

ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जिसमें रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से लागू हो चुका है। भारत ने अमेरिकी कार्वाई को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है और ऐसा किये जाने को लेकर आश्चर्य जताया। हैरानी की बात है कि अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन पर कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की है। पिछले कुछ दिनों में, व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो सहित ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत पर निशाना साधने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। हालांकि, सोमवार को एससीओ शिखर सम्मेलन का मुख्य जोर अपने सदस्य देशों के बीच गहन सुरक्षा और आर्थिक संपूरकता सुनिश्चित करना था, लेकिन जिस बात ने अधिक ध्यान आकर्षित किया, वह मोदी, पुतिन और शी के बीच सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित हुआ सहज माहौल था। मोदी और पुतिन का एक वीडियो, जिसमें वे हाथ पकड़कर शी चिनफिंग की ओर बढ़ रहे हैं और फिर तीनों अच्छे दोस्तों की तरह एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में, चिनफिंग ने एक नयी वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक व्यवस्था के लिए अपने दृष्टिकोण को विस्तार से रेखांकित किया, जिसमें ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता दी गई। बुधवार को बीजिंग में विजय दिवस परेड में चीन द्वारा कई देशों के नेताओं की मेजबानी किये जाने के दौरान, ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति पर पुतिन और उत्तर कोरिया के किम जोंग उन के साथ मिलकर अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, राष्ट्रपति शी और चीन के अद्भुत लोगों के लिए यह दिन शानदार और यादगार रहे। उन्होंने लिखा कृपया व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं दें, क्योंकि आप अमेरिका के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में, दो दशकों से भी अधिक समय के घनिष्ठ सहयोग के बाद, भारत-अमेरिका संबंधों में भारी गिरावट देखी गई है। यह तनाव व्यापार समझौते पर बातचीत के विफल होने और मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को सुलझाने के ट्रंप के बार-बार दावों के बाद शुरू हुआ। हालांकि, भारत का कहना है कि दोनों पक्षों (भारत और पाकिस्तान) के बीच सीधी बातचीत के बाद संघर्ष विराम हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए कई दौर की बातचीत की, लेकिन कृषि और डेरी सहित कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर मतभेदों के कारण इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। पिछले वर्ष भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 130 अरब अमेरिकी डॉलर का था। वाशिंगटन, रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों को लेकर भी नयी दिल्ली पर निशाना साधता रहा है। रूसी कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए, भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता ...शेष पृष्ठ 14 पर



## जल्द ही करूंगा पुतिन से वार्ता

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रौद्योगिकी जगत के नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में एक सवाल पर कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे।

दरअसल, ट्रंप से रात्रिभोज के दौरान एक पत्रकार ने पूछा था कि क्या उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात करने के बाद निकट भविष्य में अपने रूसी समकक्ष से भी बात करने की योजना बनायी है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हां, मैं करूंगा। हमारी बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों के साथ रात्रिभोज में ट्रंप एक लंबी मेज के बीचोंबीच प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग के बीच बैठे थे। मेलानिया ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर को व्हाइट हाउस की नयी कृत्रिम मेधा (एआई) शिक्षा कार्य बल की बैठक की अध्यक्षता की। पहले यह कार्यक्रम हाल में बने रोज गार्डन में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## 81 शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 81 शिक्षकों को उनकी अनूठी शिक्षण पद्धतियों के लिए शुक्रवार को इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इन अनूठी शिक्षण पद्धतियों में ताड़ के पत्ते की पांडुलिपियां बनाने से लेकर, तंत्रिका मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना, भारतीय ज्ञान प्रणालियों के साथ रंगमंच अध्ययन को एकीकृत करने, महिला सुरक्षा ऐप विकसित करने से लेकर कठपुतली शो तक शामिल हैं। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में शिक्षकों को ये पुरस्कार प्रदान किए। ओडिशा के मलकानगिरि में सरकारी एनयूपीएस कोंडेल स्कूल के शिक्षक बसंत कुमार राणा को उनके अभिनव शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया है, जिससे छात्रों की उपस्थिति और भागीदारी में सुधार हुआ। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, जागरूकता रैलियों, रोड शो, कठपुतली शो और एक मासिक मोबाइल सामुदायिक पुस्तकालय के माध्यम से, उन्होंने स्कूल-समाज के बीच जुड़ाव को मजबूत किया।

## छत्तीसगढ़ : 14 हजार कर्मियों ने दिया इस्तीफा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि छत्तीसगढ़ में एनएचएम के 14 हजार से अधिक संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ये कर्मचारी 18 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। पदाधिकारियों के मुताबिक संघ ने यह फैसला तब लिया है जब राज्य सरकार ने आंदोलन में सबसे आगे रहे एनएचएम के 25 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का फैसला किया। हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगें- जैसे सेवाओं के नियमितीकरण और काम करने की स्थिति में सुधार - को पूरा करने के बजाय सरकार ने दंडात्मक कदम उठाने का विकल्प चुना है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- 81 गुरुजनों को राज्य शिक्षक पुरस्कार (पृष्ठ-02)
- अच्छी रैंकिंग प्रदेश के संस्थानों की प्रगति का द्योतक (पृष्ठ-02)
- सोना 900 उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब (पृष्ठ-14)
- रुपया 15 पैसे टूटकर 88.27 डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले (पृष्ठ-14)


# दुष्टों के संहार से ही सुरक्षित रह सकता है राष्ट्र : योगी

○ सुरक्षा के माहौल में ही प्राप्त किया जा सकता है समृद्धि का लक्ष्य ○ दुर्गति की ओर ले जाती है किसी भी राष्ट्र के भीतर की अराजकता

विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है।सुरक्षा के माहौल में ही स्मृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सीएम योगी शुक्रवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर आयोजित संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि, कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतिरक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। उन्होंने कहा कि अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान, शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचप्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें सेना के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखने का भी एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि नागरिक चैन की नींद इसलिए सो पाते हैं कि हमारे सैनिक देश के मोर्चे पर माइनस 50 डिग्री तापमान में भी देश की सुरक्षा के लिए जागते रहते हैं। भारतीयों के ...शेष पृष्ठ 14 पर



## शिक्षक दिवस पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

विशेष संवाददाता

- कैशलेस इलाज की घोषणा, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का बढ़ेगा मानदेय
- 9 लाख शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों व रसोइयों को भी मिलेगे कैशलेस इलाज
- शिक्षा में अराजकता लाने वाले अब नकारात्मक राजनीति कर रहे : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी शिक्षक अब कैशलेस इलाज सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही सीएम ने शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने की भी घोषणा की है। प्रदेश में शिक्षकों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के साथ ही शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों तक को भी मिलेगी। राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यह ऐतिहासिक घोषणा हुए कहा कि इस फैसले से लगभग नौ लाख शिक्षक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। वहीं एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है जो शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के बारे में जल्द ही अपनी संस्तुति देगी, उसी आधार पर सरकार मानदेय की घोषणा करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा अब किसी भी बीमारी या आपातकालीन स्थिति में शिक्षकों और उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। सीएम योगी ने इसे शिक्षकों के योगदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युद्ध में सफलता के लिए सरप्राइज फैक्टर अहम

### ऑपरेशन सिंदूर में काफी कम थी आमने-सामने की लड़ाई : सीडीएस

जिला संवाददाता

गोरखपुर। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध में सफलता हासिल करने के लिए सरप्राइज (अचरज) एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है।

उरी सर्जिकल स्ट्राइक में भारत ने जमीन के रास्ते जाकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया, बालाकोट में एयर स्ट्राइक का सहारा लिया गया। जबकि पहलगाम हमले के बाद लो एयर स्पेस, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को सरप्राइज कर अपना टारगेट पूरा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भारतीय सेनाएं 365 दिन, 247 के फामूर्ले पर हमेशा तैयार हैं। आतंकवादी कहीं भी हो, उसे ढूढ़कर मारा जाएगा। सीडीएस ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य बलों को दिशा मिलती है। ऑपरेशन ...शेष पृष्ठ 14 पर



## मुम्बई में 14 आतंकियों की घुसने की धमकी

मुंबई। मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक संदेश मिला है जिसमें दावा किया गया है कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स के साथ शहर में घुस आए हैं और उन्होंने इसे वाहनों में रख दिया है, इसके बाद से पुलिस सतर्कता बरत रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गणेश उत्सव के 10वें दिन अनंत चतुर्दशी के लिए पुलिस सुरक्षा इंतजाम कर रही है, इस बीच यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को बृहस्पतिवार को व्हाट्सऐप हेल्पलाइन पर धमकी भरा संदेश मिला। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा ने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) तथा अन्य एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि संदेश भेजने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शिक्षक ही गढ़ते है विद्यार्थियों का भविष्य : धामी

### शिक्षा विभाग में 9500 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया है गतिमान : शिक्षा मंत्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2024 प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेशभर से चुने गये 16 उत्कृष्ट शिक्षकों और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समाज की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अध्यापक सिर्फ पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र, संस्कार और जीवन मूल्यों के निर्माता होते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षा को केवल रोजगार तक सीमित न रखकर छात्रों को जिम्मेदार, संस्कारवान और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ते हैं। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त ...शेष पृष्ठ 14 पर




**विशेष खबर** भारत ने संरा महासभा में कहा–यूक्रेन संघर्ष के परोक्ष परिणाम ग्लोबल साउथ पर डाल रहे हैं असर:

# कूटनीतिक प्रयासों के जरिये समाप्त हो रूस–यूक्रेन युद्ध

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने यूक्रेन संघर्ष के परोक्ष प्रभावों खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि ग्लोबल साउथ के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता। संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी शांति के लिए सभी हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। हरीश ने कहा कि भारत ने पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर बैठक का समर्थन किया और उसमें हुई प्रगति की सराहना की। हरीश ने कहा हम यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के कूटनीतिक प्रयासों पर भी ध्यान देते हैं।



उन्होंने कहा हमारा मानना है कि ये सभी कूटनीतिक प्रयास यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त कराने और स्थायी शांति की संभावनाओं के लिए अहम हैं। हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूदा स्थिति पर पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन संघर्ष का शीघ्र अंत सभी के हित में है, साथ ही उन्होंने मोदी के इस संदेश का जिक्र किया कि यह युद्ध का युग नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के बयान से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बातचीत की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आपसी हितों के मुद्दों और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द समाप्त कराने के प्रयासों पर विचार विमर्श किया।

# यूपी : सड़क हादसों में सात की मौत, 2 घायल

विशेष संवाददाता

- देवरिया, सहारनपुर, हापुड़ और वाराणसी में हुए सड़क हादसे

लखनऊ। देवरिया, सहारनपुर, हापुड़ और वाराणसी में हुए सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। देवरिया जिले के देवरिया शहर के कसया रोड पर शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे हुई एक सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मतकों के नाम मुन्नी देवी, अनूप और किशन बताए गए हैं। वहीं, सहारनपुर जिले में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दी जिसके कारण पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। कार एक पुलिसकर्मी चला रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार शाम को हुई इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार में शराब की बोतल देखकर हंगामा किया जिसके बाद पुलिस ने कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीष चंद्र ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम राशिद अपनी पत्नी मुन्नी के साथ मोटरसाइकिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस 2025 का हुआ आयोजन






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने शिक्षक दिवस 2025 का आयोजन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश प्रतिमा एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्यअधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल, बीबीडीयू के वाइस चांसलर प्रो एस के श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर डॉ एस सी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ सुधर्मा सिंह, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ एस एम के रिजवी एवं सभी डायरेक्टर, डीन, फैकेल्टी उपस्थित रहे। छात्रों के सभी फोरम द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया।बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह कार्यक्रम शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए समर्पित था, जो छात्रों के मार्गदर्शक, आदर्श और राष्ट्र निमार्ता के रूप में कार्य करते हैं।इस वर्ष का आयोजन ह्लनई पीढ़ी के शिक्षार्थियों को प्रेरित करना विषय पर आधारित था। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस.के. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में निष्ठा (National Initiative for School Heads and Teachers' Holistic Advancement) और एनएमएम जैसी सरकारी पहल का उल्लेख करते हुए शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण और छात्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस.सी. शर्मा ने छात्र जीवन में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही वे मार्गदर्शक हैं जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत प्रगति की ओर अग्रसर करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर प्रो एस एम के रिजवी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक एक दीपक के समान है, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों के मार्ग को आलोकित करता है।उन्होने विशेष रुप से श्रीमती अलका दास गुप्ता, चेयरपर्सन, बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप एंव विराज सागर दास, प्रेसीडेंट, बीबीडी ग्रुप को धन्यवाद दिया, जिनकी प्रेरणा से यह कार्य संभव हुआ और शिक्षको का मान बढ़ाया तथा उन सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया जिनकी अथक मेहनत से यह कार्यक्रम सफल हुआ। मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल द्वारा 16 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जो कि इस प्रकार है-बीबीडीआईटीएम के विनायक एवं डॉ. प्रीती मिश्रा, बीबीडीएनआईआईटी (इंजीनियरिंग) के यूसुफ खान एवं बीबीडीएनआईआईटी (फॉर्मेसी) के डॉ शेखर सिंह, बीबीडी विश्वविद्यालय से स्कूल ऑफ बेसिक साइंस से डॉ अंजली अवस्थी, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग से शैलजा चौरसिया, स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन से उमा राठौर, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन से डॉ सी के पाण्डेय, स्कूल ऑफ एजूकेशन से नेहा शुक्ला, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट से शेफ डॉ संदीप कुमार सिंह, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से डॉ. विनितेंद्र प्रताप सिंह एवं डॉ श्वेता श्रीवस्तव, स्कूल ऑफ फॉर्मेसी से दीपिका सिंह, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज से डॉ त्रिशला सिंह, स्कूल आफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग से अंकुर सक्सेना तथा बीबीडी कालेजआफ डेण्टल सांइसेज से डॉ लक्ष्मी बाला आदि थे।

# 81 गुरुजन राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का किया सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के लोकभवन सभागार में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर बेसिक और माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र के कुल 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसमें बेसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा के 15 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शामिल किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 2204 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट वितरण किया गया। इनमें महोबा से सरगम खरे और ज्ञानवंत सिंह, प्रयागराज के धर्मेन्द्र कुमार, चंदौली के राजेश यादव और गाजियाबाद की डॉ. विभा चौहान को मुख्यमंत्री ने मंच से टैबलेट प्रदान किया।



- बेसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा के 15 शिक्षक सम्मानित

कार्यक्रम में एससीईआरटी की ओर से तैयार की गई बाल कहानी संग्रह 'गुल्लक', 'बाल वाटिका' हस्त पुस्तिका, शैक्षिक नवाचारों के संकलन की पुस्तिका 'उद्गम' का विमोचन और उद्गम के डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया।

बता दें कि 'गुल्लक' के माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों के ज्ञान को सहज और रोचक बनाने के साथ साथ नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को विकसित करने में सफल हो सकेंगे। पुस्तक 'उद्गम' में शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में किये जा रहे नवाचारों के उत्कृष्ट प्रयासों को समाहित किया गया है। इसके अलावा बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समर कैम्प और वृक्षारोपण से संबंधित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ। समारोह की शुरूआत जनता गर्ल्स आलमबाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े 5-5 प्रधानाचार्य, शिक्षकों को सम्मान स्वरूप 25 हजार की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न के रूप में मां सरस्वती की प्रतिमा एवं शाल भेंट किया गया।

### बेसिक शिक्षा के इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

सम्मानित शिक्षकों में बेसिक शिक्षा विभाग से भदोही के सहायक अध्यापक संतोष कुमार सिंह, मेरठ से सहायक अध्यापिका रेनू सिंह, लखीमपुर खीरी से सहायक अध्यापिका मोहिनी श्रीवास्तव, प्रयागराज से सहायक अध्यापिका डॉ. रीना मिश्रा, गोरखपुर से सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार सिंह शामिल रहे।

### माध्यमिक शिक्षा के इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

माध्यमिक शिक्षा से जुड़े हमीरपुर के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्त, गाजियाबाद की अध्यापिका वाणिज्य कोमल त्यागी, बरेली से प्रधानाचार्य चमन जहां, जौनपुर से प्रधानाचार्य जंगबहादुर, गोरखपुर के विज्ञान अध्यापक डॉ. वीरेन्द्र कुमार पटेल को मुख्यमंत्री ने मंच से सम्मानित किया।

**स्मार्ट क्लास का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण :** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया और पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस बाबत मंच से प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनमें बांदा के अजय प्रकाश सिंह, गाजीपुर के दिनेश यादव, गोरखपुर की किरणमई तिवारी, ललितपुर की अंजना वर्मा और गोरखपुर से विश्वप्रकाश सिंह शामिल थे।

**गुणवत्तापूर्ण कंटेंट के माध्यम से बच्चों को समान शिक्षा मिल रही :** बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों को आधुनिक पद्धति से बिना भेदभाव शिक्षा प्रदान कर रही है। स्मार्ट क्लास, अच्छे शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण कंटेंट के माध्यम से बच्चों को समान शिक्षा मिल रही है। सरकार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में नकल पर पूरी तरह नकेल लगी है। नकल माफिया अब पराजित हैं और पकड़े जाने पर उन्हें एक करोड़ रुपए का जुमार्ना और आजीवन कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी को विद्वान बनाता है और गुरु विद्यार्थी को महान। शिक्षक समाज और बच्चों के लिए आदर्श हैं।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बसपा को छोड़कर सहारनपुर से पूर्व ब्लाक प्रमुख भागमल सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता शुक्रवार को ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम की शुरूआत करने से पूर्व शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद अजय राय ने पूर्व ब्लाक प्रमुख भागमल के साथ सदस्यता ग्रहण करने आए हुए लोगों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर सभी को विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार राय, विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर आसिफ रिजवी रिंकू, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी के चेयरमैन राम मोहन शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी बदायूँ के अध्यक्ष अजीत यादव, अभिरूप राय जी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण के बाद आये सदस्यता ग्रहण करने आए हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए अजय राय ने कहा कि वोटी चोरी से बनी भाजपा सरकार की नीतियों से समाज का प्रत्येक वर्ग पीड़ित है।

# यूपी के हर मंडल में होगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, प्रदेश बनेगा एविएशन पावर सेंटर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित यूपी बनाने के संकल्प में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयर कनेक्टिविटी को एक निर्णायक आधारस्तंभ माना है। उनका स्पष्ट विजन है कि आने वाले 22 वर्षों में प्रदेश को एविएशन सेक्टर का हब बनाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक मंडल एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संकल्प लिया है। इसके साथ ही हर ज़िले को न केवल सड़क और एक्सप्रेसवे बल्कि हवाई मार्ग से भी जोड़ा जाएगा। आगामी वर्षों में यूपी में ग्रीन स्मार्ट हाईवे, एयर कार्गो हब, रीजनल एयरस्ट्रिप्स, हेलिपोर्ट और आधुनिक एविएशन इकोसिस्टम तैयार किए जाएंगे। हर जिले को एयर कनेक्टिविटी से जोड़कर प्रदेश को लॉजिस्टिक पावरहाउस बनाया जाएगा। यह प्रयास केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यूपी को वैश्विक निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह विजन उत्तर प्रदेश को 2047 तक उस मुकाम पर ले जाएगा जहां से प्रदेश न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए एविएशन पावर सेंटर बनकर उभरेगा। 2017 से पहले प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहद सीमित थी। केवल चुनिंदा हवाई अड्डे संचालित हो रहे थे और अधिकांश जिले हवाई नेटवर्क से कटे हुए थे।

# लायंस क्लब ने शिक्षक दिवस में शिक्षकों को सम्मानित किया




**लखनऊ।** शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देते हुए लायंस क्लब लखनऊ इंटेलीजेंशिया ने निराला गेस्ट हाउस में शिक्षक दिवस पर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पचास प्रतिष्ठित शिक्षकों को उनके अथक समर्पण और भावी पीढ़ियों को आकार देने की प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रो. अरविंद मोहन, डॉ. अनिल कुमार सक्सेना, प्रो. पुनीत मिश्रा, प्रो. निधि सक्सेना, लायंस क्लब के मण्डलाधीष डॉ. आरसी मिश्रा, वीडीजी डीएस टोनी, अरुण श्रीवास्तव और अध्यक्ष सीए सुदीप कुलश्रेष्ठ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के एजेंडे में शिक्षा और नौकरी नहीं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के एजेंडे में शिक्षा और नौकरी नहीं है। अगर इस सरकार के एजेंडे में शिक्षा, नौकरी होती तो 27 हजार प्राथमिक स्कूल बंद नहीं करती। 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियो को अभी तक आंदोलन नहीं करना पड़ता। भाजपा सरकार ने विश्वविद्यालयों, स्कूलों की स्थिति खराब कर दी है। विश्वविद्यालयों और संस्थाओं में एक ही विचारधारा और एकरंगी लोगों को बैठाकर बर्बाद कर दिया। निजी विश्वविद्यालय बदलाव कर नए-नए कोर्सेज ला रहे है। शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग कर बच्चों को पढ़ा रहे है। वहीं भाजपा सरकार ने सरकारी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता खराब कर दी। इस सरकार ने शिक्षा, शिक्षक और छात्रों सबका भविष्य बर्बाद कर दिया है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने संस्थाओं का बहुत नुकसान किया है। संस्थाओं को खत्म कर रही हैं। भाजपा इस्तेमाली पार्टी हैं। पहले इस्तेमाल करती है, फिर बर्बाद कर देती हैं। भाजपा



किसी की सगी नहीं है। इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। इसके अब गिने-चुने दिन ही बचे हैं। छात्रों पर लाठीचार्ज परिषद बनाम वाहिनी की लड़ाई है। जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं वे भाजपा के सदस्य नहीं रहें हैं। वे भाजपा के लोगों का भविष्य खराब करके उस कुर्सी पर बैठे है। पिटाई को लेकर छात्र दुःखी होंगे। भाजपा से जुड़े लोग संस्थाओं में फजीवाड़ा कर रहे है। उन्होंने कहा कि सपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं को बहुत सावधान रहना होगा। शिक्षक सभा के लोग समेत सभी फ्रंटल संगठन के लोगों की जिम्मेदारी है कि एक भी वोट वोटर लिस्ट से कटने न पाये। भाजपा की तिगड़ी से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा जब से 2024 का लोकसभा चुनाव हारी है वह जानती है कि वह विधानसभा चुनाव ही हारेंगी। यूपी में सरकार नहीं बचेगी। जीएसटी को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव को देखते हुए नया जीएसटी लायी है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, मुनाफाखोरी चरम पर है। यह मुनाफाखोरी कम नहीं होने वाली है।

**सभी की जिंदगी से खेल रही भाजपा सरकार : अखिलेश...** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार शिक्षा, शिक्षक और छात्र सभी की जिंदगी से खेल कर रही है। अभी प्राइमरी शिक्षा संस्थाएं बंद की जा रही हैं आगे इंटर डिग्री कॉलेज भी बंद करने की साजिश है। भाजपा चाहती है गरीब का बच्चा पढ़ने लिखने से वंचित हो। आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय है। अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा के मुख्यालय में समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा आयोजित शिक्षक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा प्रो. बी. पाण्डेय ने की तथा संचालन कमलेश यादव प्रदेश महासचिव ने किया। उन्होंने शिक्षकों को इस अवसर पर बधाई देते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का भी स्मरण किया।

# परिवहन विभाग की योजनाओं का आज शुभारंभ व लोकार्पण करेंगे सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- 1.5 लाख सीएससी से परिवहन की सेवाएं उपलब्ध कराने का करेंगे शुभारंभ
- परिवहन विभाग की नई सरल हेल्पलाइन–149 का होगा शुभारंभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को परिवहन विभाग के जरिए प्रदेशवासियों को अनेक सौगात देंगे। वे परिवहन विभाग की अनेक योजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण भी करेंगे।

यह आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होगा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने का भी शुभारंभ करेंगे। परिवहन विभाग की इस पहल से आमजन को बड़ी सुविधाएं प्राप्त होंगी।



परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का शुभारंभ भी करेंगे।

आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग तथा परिवहन निगम व सीएससी के मध्य भी एमओयू होगा। सीएम योगी इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट की नई बुकलेट और डिजिटल बस ट्रैकिंग (मार्गदर्शी) ऐप का भी शुभारंभ करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि पीपीपी के अंतर्गत व अनुदान आधारित बस स्टेशनों का डिजिटल उद्घाटन व शिलान्यास भी होगा। इसके पश्चात पीपीपी मोड पर विकसित किए जाने के लिए चयनित बस स्टेशनों के विकासकताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। एडीटीसी व आरवीएसएफ के 4-4 नवीनतम केंद्रों के प्रमाण पत्र का भी वितरण होगा। सीएम योगी के हाथों चार नवीनतम ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा। जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने विषयक चार व्यक्तियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ मंच पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। सीएम योगी सड़क सुरक्षा के लिए 11 इंटरसेप्टर को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही 8 डबल डेकर इलेक्ट्रिकबस, 16 इलेक्ट्रिक बस, 1 रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी, दो एसी बस, 20 टाटा बस, 43 आशयर सहित 400 बीएस- सिक्स बसों का शुभारंभ भी करेंगे।

# अच्छी रैंकिंग प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों की निरंतर प्रगति का द्योतक : आनंदीबेन

## राज्यपाल ने एनआईआरएफ में राज्य विश्वविद्यालयों को मिली उत्कृष्ट रैंकिंग पर दी बधाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त उत्कृष्ट रैंकिंग पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विश्वविद्यालयों, कुलपतियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान कार्यों, नवाचार तथा विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का सजीव प्रमाण है।

एनआईआरएफ 2025 में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की स्थिति इस प्रकार रही। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 68वां,



लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 98वां तथा दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 151 से 200 बैंड में स्थान मिला। राज्य विश्वविद्यालय श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 23वां, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 27वां, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 41वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने 51 से 100 बैंड में स्थान बनाया।

प्राविधिक श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 60वां स्थान और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर को 201 से 300 बैंड में स्थान मिला। मैनेजमेंट श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 83वां तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 100वां स्थान प्राप्त हुआ। आर्किटेक्चर श्रेणी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग को 39वां स्थान मिला।

ओवरऑल श्रेणी में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 83वां तथा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 99वां स्थान प्राप्त हुआ। विधि श्रेणी में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां स्थान प्राप्त हुआ। चिकित्सा विश्वविद्यालय श्रेणी में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को 5वां तथा किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 8वां स्थान प्राप्त हुआ। फार्मेसी श्रेणी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को 68वां और महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को 86वां स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों की निरंतर प्रगति का द्योतक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे।

# 2047 तक यूपी का हर शहर होगा स्मार्ट

विशेष संवाददाता (vol)

- पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड तक शहरी विकास को मिलेगी नई उड़ान

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन को मिशन बनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। सरकार विभिन्न सेक्टर में रोडमैप तैयार कर रही है। इसमें शहरी विकास का नया मॉडल बनाने का खाका भी तैयार किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लक्ष्य है कि आने वाले 22 वर्षों में प्रदेश में पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट शहर विकसित किए जाएं, जो न केवल देश बल्कि दुनिया के सामने यूपी को निवेश, कनेक्टिविटी और जीवन स्तर के मामले में नई पहचान देंगे। 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के तहत हर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल, 24 घंटे बिजली, पक्के मकान, आधुनिक सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो और लाइट मेट्रो जैसी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचाने का लक्ष्य है। सबसे बड़ा संकल्प है, पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट सिटीज का निर्माण, जो जीवन की गुणवत्ता, कनेक्टिविटी और निवेश के अवसरों के मामले में किसी भी वैश्विक शहर से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**आधुनिक वैज्ञानिक आधार पर सीवेज प्रबंधन प्रणाली की जाएगी विकसित :** विजन में सीवर और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

सरकार का लक्ष्य है कि सभी शहरों में आधुनिक वैज्ञानिक आधार पर सीवेज प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए, जिससे गंदे पानी का प्रभावी निस्तारण हो सके। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को भी मजबूत किया जा रहा है, जिसमें कलेक्शन, रीसाइक्लिंग और अंतिम निस्तारण की व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह प्रयास न केवल शहरों को स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त बनाएगा, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शहरी विकास सिर्फ ढांचे का निर्माण नहीं बल्कि नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का मिशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए यूपी 2047 तक न सिर्फ भारत का सबसे विकसित राज्य बनेगा बल्कि विश्व के मानचित्र पर शहरी विकास का आदर्श मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।

**आठ सालों में शहरी विकास को नई दिशा मिली :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शहरी विकास को नई दिशा मिली है। पिछले आठ वर्षों में 117 नए शहरी स्थानीय निकाय बनाए गए और 123 का विस्तार किया गया। स्मार्ट सिटी योजना के तहत 17 जिलों के मुख्यालयों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया गया। लखनऊ और आसपास के 5 ज़िलों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र का गठन किया गया, जिससे योजनाबद्ध विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। आकांक्षी नगर योजना के तहत 100 आकांक्षात्मक शहरों को विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास हुआ है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 2534 किलोमीटर सड़कों और 342 किलोमीटर नालियों का निर्माण 240 शहरी स्थानीय निकायों में किया गया।

पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्रों पर भी विशेष फोकस किया गया है। बता दें कि 2017 से पहले प्रदेश की शहरी व्यवस्था कमजोर ढांचे और अव्यवस्थित विस्तार से जूझ रही थी।

संक्षेप

## जुलूस में गाजे-बाजे के साथ दिखा जोश

प्रतापगढ़। नगर पंचायत इलाके मे ईद उल मिलादुन्नबी को लेकर बरावफात का जुलूस गाजेबाजे के साथ निकाला गया। जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम मे शुक्रवार को नौजवानों का जोश भी नजर आया। जुलूस में शामिल लोगों में मुल्क की सलामती की दुआ के साथ वतनपरस्ती की भी मिसाल देखी गयी। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे जोश के साथ शामिल हुए। खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी से खास रंगत में निकले जुलूस मे अकीदतमंदो ने वतन की खुशहाली और अमनों शांति का भी पैगाम दिया। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना रहमानी मियां ने किया। जुलूस घुइसरनाथ रोड होते हुए चौक से तहसील तथा कालाकांकर रोड होते हुए संगम चौराहे से मदरसा वापस पहुंचा। इधर बाजार मे भी बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। जुलूस के रास्ते में भारी फोर्स को भी मुस्तैद देखा गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र, लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार भी फोर्स के साथ सुरक्षा बंदोबस्त में मशक्कत करते दिखे। इधर इलाके के जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर, बाबूगंज, दीवानगंज, भैंसना, सेमरा, कुम्भीआइमा आदि इलाकों में भी बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकला।

## प्रमोद व मोना के विकास कार्यों की मजबूती का संकल्प

प्रतापगढ़। संगठन सृजन अभियान को लेकर शुक्रवार को यहां ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मण्डल एवं न्याय पंचायत इकाई कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में बूथ कमेटी को सक्रिय किये जाने के साथ मतदाता सूची को लेकर पारदर्शिता पर मंथन किया गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर कार्यकताओं को सतर्क एवं सावधान रहना होगा। उन्होने कहा कि कार्यकर्ता ग्रामीण संवाद कार्यक्रम के तहत राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा यहां संचालित विकास योजनाओं पर लोगों को जागरूकता प्रदान करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र ने मण्डल एवं न्याय पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों से संगठन सृजन अभियान की मजबूती पर जोर दिया।

# विधायक ने किया ग्रामीणों से संवाद

## गांव चलो अभियान से बदल रही श्रावस्ती की तस्वीर



जिला संवाददाता

इकौना श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में चल रहे गांव चलो अभियान के तहत विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 290 श्रावस्ती के अंतर्गत जोरडीह, रमवापुर तथा भटपुरवा कला ग्राम सभाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण चौपाल लगाकर सीधे आमजन से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आवास, पेंशन, रोजगार तथा स्वच्छता से जुड़ी अपनी-अपनी समस्याएँ विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि किसी भी नागरिक की शिकायत उपेक्षित नहीं रहने दी जाएगी। विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही हमारी राजनीति का वास्तविक उद्देश्य है। गाँव चलो अभियान जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी मिटाने का सेतु है। जनता का विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। जब जनता मजबूत होगी तभी लोकतंत्र सशक्त होगा। इसलिए मेरा संकल्प है कि गाँव की गलियों, खेतों-खलिहानों और चौपालों में जाकर हर एक आवाज को सुनूँ और उसका समाधान करूँ। यही सच्ची जनसेवा है और यही मेरे जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि श्रावस्ती का विकास तभी संभव है जब अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। विकास का असली मतलब है—ग्राम सड़कें चमकें, खेतों में सिंचाई की सुविधा हो, हर घर तक पेयजल पहुँचे, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर परिवार स्वस्थ जीवन जी सके। ग्रामवासियों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि गाँव चलो अभियान से उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे रखने का अवसर मिला है। चौपाल के माध्यम से जनता को यह विश्वास हुआ कि उनकी बात सुनी जाएगी और उस पर कार्रवाई भी होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, ग्राम प्रधान, समाजसेवी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल का वातावरण संवाद, सहयोग और समाधान से परिपूर्ण रहा।

## शिक्षक दिवस पर गुरुओं को सम्मान



श्रावस्ती। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर महान दार्शनिक, विद्वान शिक्षक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती श्री दद्दन मिश्रा द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान देने वाले गुरुओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक की भूमिका केवल पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन, चरित्र और आदर्शों का निर्माण करता है। शिक्षक विद्यार्थियों के हृदय में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करते हुए उन्हें भविष्य का आदर्श नागरिक बनाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता की धरोहर भी संजोते हैं। वह सेवा, परिश्रम, तपस्या और दायित्व के साथ समाज का नेतृत्व करते हैं। शिक्षक का व्यक्तित्व संवेदना, दृष्टिकोण, नैतिकता, सत्य, अहिंसा और सदाचार जैसे गुणों से परिपूर्ण होता है। उनमें आत्मबल, उदारता, राष्ट्रभक्ति और संघर्षशीलता के साथ अनुकरणीय निष्ठा और ईमानदारी का भाव निहित होता है। मिश्रा ने कहा कि शिक्षक परोपकार, त्याग, विवेक, धैर्य, सहनशीलता और सहयोग की मिसाल होते हैं। वे अपने शिष्यों के भीतर समर्पण, बलिदान और साहस का संचार करते हैं। शिक्षक अपने व्यक्तित्व से संगठन, प्रेरणा, उपलब्धि और विजन का मार्ग प्रशस्त करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उनके द्वारा प्रज्वलित ज्ञानदीप ही मानवता को प्रगति और विकास की राह दिखाता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और समाजसेवियों ने भी शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज का वास्तविक निमार्ता और राष्ट्र का शिल्पकार होता है। आज आवश्यकता है कि हम सब शिक्षक सम्मान के साथ-साथ उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लें, ताकि राष्ट्र मजबूत और समृद्ध बन सके।

## डीएम- एसपी ने जनपद में आयोजित जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा बारावफात के दृष्टिगत विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा बांसी स्टैण्ड नौगढ़ व कस्बा इटवा, थाना डुमरियागंज के बेवा में आयोजित जुलूस का निरीक्षण किया गया। बेवा में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## प्रशासन के निगरानी सुरक्षा के बीच ईद त्योहार जुलूस हुआ सम्पन्न



बांसी सिद्धार्थनगर। तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव एवं प्रभारी निरीक्षक बांसी मैं फोर्स के निगरानी में ईद को सम्पन्न कराया गया, पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जश्ने ए ईद मिलादुन्नबी पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव और मोहल्लों, घरों और गलियों को सजाया गया था। कस्बे में जगह-जगह स्टॉल लगाए गए थे। जहां जुलूस में शामिल होने वाले लोगों के लिए अदब के साथ स्वागत एवं खिदमत किया गया। जलूस के स्वागत के लिए भव्य पंडाल और विशाल तोरणद्वार बनाए गए थे। जुलूस ए मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम आजादनगर वार्ड के डाक बंगला तिराहा पर स्थित मदरसा से बाद नमाज जुमा तीन बजे से प्रारंभ होकर मंगलबाजार, अकबरनगर, श्यामनगर राजेंद्रनगर वार्ड होते हुए रोडवेज चौराहा से राप्ती नदी पुल पार कर नरकटहा पहुंचेगा।

## शिक्षाविद् पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का किया भूमिपूजन



प्रतापगढ़। साहबगंज स्थित सुखपतिराम इण्टर कालेज के प्रांगण में शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने शिक्षाविद तथा पूर्व प्राचार्य स्व0 रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा स्थापना को लेकर समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। डीएम ने शिक्षक दिवस पर विद्यालय में आयोजित समारोह में शिक्षकों को सम्मानित भी किया। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने परिसर में पूर्व प्रधानाचार्य एवं कई विद्यालयों के प्रबंधक रहे स्व0 पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा की स्थापना को लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आधारशिला रखी। वहीं डीएम ने प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल के साथ परिसर में स्व0 पं0 सुखपतिराम उपाध्याय की प्रतिमा व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 रामराज शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर स्मृति को नमन किया। बतौर मुख्य अतिथि डीएम शिवसहाय अवस्थी ने विद्यालय के शिक्षकों को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक मजबूत समाज एवं प्रखर राष्ट्र का निमार्ता है। उन्होने कहा कि शिक्षकों का सम्मान भावी पीढ़ी के निर्माण में सकारात्मक ऊर्जा का परिवेश सुदृढ़ किया करती है। स्व0 पं0 रामकिशोर मिश्र के पौत्र एवं विशिष्ट अतिथि आईएएस योगेश मिश्र ने सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में स्व0 मिश्र के योगदान को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं जिले के ग्रामीण इण्टर कालेजेज के अध्यक्ष पं0 श्यामकिशोर शुक्ल ने किया। अतिथियों का स्वागत शशिप्रकाश मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य मनोज मिश्र ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन शिक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्र द्वारा किया गया। इसके पूर्व डीएम शिवसहाय अवस्थी का परिसर में छात्राओं ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्र, रणधीर सिंह, सोनू तिवारी, नागेश मिश्र, चंदन मिश्र आदि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं के समाधान में श्रावस्ती फिर बना अव्वल

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आई0जी0आर0एस0 रैंकिंग में जनपद श्रावस्ती ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए पाँचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के सामूहिक प्रयास, समयबद्ध कार्यप्रणाली और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के परिणामस्वरूप हासिल हुई है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिदिन सुबह 10 बजे जनसुनवाई, शाम 5 बजे लंबित मामलों की समीक्षा तथा रात 9 बजे असंतुष्ट फीडबैक प्रकरणों की गुणवत्ता परीक्षण समीक्षा की जा रही है। साथ ही नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर हर शिकायत की बारीकी से जाँच कराई जाती है। शासन की मंशानुरूप जनसमस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जा रहा है। कॉल सेंटर के माध्यम से शिकायतकताओं से प्रतिदिन फीडबैक लिया जा रहा है, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्या ही हमारी प्राथमिकता है, और समाधान ही हमारा संकल्प। जनपद श्रावस्ती ने लगातार पांचवीं बार प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि जब जिम्मेदारी, पारदर्शिता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य किया जाए तो परिणाम स्वतः ही श्रेष्ठ होते हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बधाई दी और भविष्य में भी शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सतत प्रयास करने के निर्देश दिए।

## रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल, दारोगा निलम्बित

प्रतापगढ़। मुकदमें में धारा बढ़ाने के नाम पर पीड़ित से रिश्वत की मांग आखिरकार दरोगा जी को भारी पड़ गयी। शिकायत पर जिले के पुलिस कप्तान की दरोगा पर निलंबन की गाज गिरी है। निलंबित दरोगा इसके पहले भी अपने कारनामों की वजह से लाइन हाजिरी की राह देख चुकें हैं। सांगीपुर थाने में तैनात दरोगा सचिन पटेल को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने गुरूवार की देर रात निलंबित कर दिया। आरोपी दरोगा सचिन पटेल पर एक पीड़ित से रिश्वत की मांग का मामला अफसरों की नजर चढ़ गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के विलियमगढ़ निवासी पिण्टू वर्मा के साथ आपराधिक वारदात को लेकर मुकदमा थाने में दर्ज हुआ।

# एक पेड़ गुरू के नाम अभियान में रोपित हुए पौधे



प्रतापगढ़। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधरोपण अभियान के तहत शुक्रवार को भटनी के करपात्री धाम में एक पेड़ गुरू के नाम अभियान में भारी उत्साह देखा गया। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से भेजे गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा एक पेड़ गुरू के नाम अभियान को हरी झण्डी मिलने पर प्रकृति प्रेमी आयोजन को लेकर गदगद दिखे। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के पदाधिकारियों के साथ वनकर्मियों ने भी सरकारी अराजी तथा तालाब की भूमि पर बरगद, पाकड़, पीपल आदि के चालीस पौध रोपित किये। संस्थान की ओर से रोपित पौधों की सुरक्षा को लेकर ट्रीगार्ड की भी सराहनीय पहल दिखी। अभियान को लेकर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। वहीं संस्थान के प्रस्ताव की स्वीकृति को लेकर डिप्टी रेंजर कालाकांकर अवधबिहारी ने शासन के प्रति आभार जताया। अभियान में देवेन्द्र नारायण मिश्र, अरूण मिश्र, राजेश तिवारी, वनरक्षक जगदीश प्रसाद, आशीष पाण्डेय, अरबाज आदि रहे।

## दो दिन से लापता युवक का तालाब में मिला शव



सिद्धार्थनगर- सदर थाना क्षेत्र के रोमापार गांव में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव के ही पोखरे में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान सनी (20) के रूप में हुई। घटना की सूचना पर गांव में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और परिजनों ने बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, 3 सितंबर की रात सनी रोजाना की तरह परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। अगली सुबह जब वह कमरे में नहीं मिला तो परिजनों ने तलाश शुरू की। हैरानी की बात यह रही कि उसका मोबाइल उसी के बिस्तर पर पड़ा था और लगातार बज रहा था। परिवार ने रिश्तेदारों और गांव में खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। निराश होकर परिवार ने 4 सितंबर को सदर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने तलाश शुरू की ही थी कि शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने सूचना दी—पोखरे में एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचे मृतक के पिता ने शव की पहचान अपने बेटे सनी के रूप में की। यह देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता रुद्र नारायण का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। उनका आरोप है कि बेटे के नाक, कान और आंख से खून निकल रहा था और गले पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। परिजनों का कहना है कि सनी की हत्या कर शव पोखरे में फेंका गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। सदर थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। इस घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन है।

# मकान के मलबे में दबने से युवती की मौत



**प्रतापगढ़।** बारिश की शीलन के चलते कच्चा मकान अचानक ढह जाने से बाइस वर्षीया युवती की दर्दनाक मौत हो गयी। वही हादसे में परिवार के चार सदस्य भी घायल हो गये। इनमें से एक युवक को गंभीर दशा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लालगंज कोतवाली के बभनपुर गांव में बीती गुरूवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के संदीप कुमार शर्मा के कच्चे मकान की दीवार ढह गयी। हादसे में संदीप की पुत्री सोनम शर्मा 22 पत्नी प्रमोद कुमार की दीवार के मलबे में दबकर मौत हो गयी। वहीं संदीप का पुत्र अठारह वर्षीय सचिन को गंभीर चोटें आ गयी। हादसे में संदीप शर्मा व अन्नू 50, अनीता 15 को भी चोट आयी है। मृतका सोनम की शादी रायबरेली जिले के सलोन तहसील के जबरसिंह कोरमऊ गांव में एक वर्ष पहले हुई थी। सोनम रक्षाबंक्षन पर मायके आयी थी। मृतका अपने पीछे दो माह की मासूम बच्ची को भी छोड़ गयी है। वहीं मृतका सोनम का भाई सचिन भी मलबे में दब जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने राजस्व टीम को मौके पर भेजवाया। नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र व राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। इधर पुलिस ने हादसे में मृतका सोनम के शव को कब्जे में लेकर गुरूवार की देर रात को पीएम के लिए भेजवाया। हादसे में घर में बंधी दो बकरियों की भी दबकर मौत हो गयी। घटना को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पीड़ित परिवार को शासकीय सहायता एवं घायल युवक के बेहतर उपचार को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से टेलीफोनिक वार्ता भी की है।

## शिक्षक राष्ट्र का सबसे जिम्मेदार गुणशील है नागरिक

प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्यअतिथि राजनीति विज्ञान के मनीषी एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्व्लन कर शिक्षक दिवस समारोह का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र का सबसे जिम्मेदार नागरिक होता है। प्रो0 ओझा ने कहा कि शिक्षक में आत्म अनुशासन तथा सदाचारिता के साथ नितान्त अध्ययनशील व्यक्तित्व का होना अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का सर्वोत्तम गुण है। निदेशक डॉ0 संदीप कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण दिया।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

**आगामी त्यौहरों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :-**

**रेलगाड़ी सं. 05742/05741 न्यू जलपाईगुड़ी-गोमती नगर-न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05742 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05741 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07.00 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09.25 | ---- |
| 06.23 | 06.25 | बाराबंकी जं. | 10.18 | 10.20 |
| 07.15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 09.40 |

चलने के दिन : 05742 न्यू जलपाईगुड़ी से प्रत्येक रविवार दिनांक 28.09.25 से 02.11.25 तक एवं 05741 गोमती नगर से प्रत्येक सोमवार दिनांक 29.09.25 से 03.11.25 तक।
ठहराव : सिलीगुड़ी जं., ठाकुरगंज, अररिया कोर्ट, पूर्णिया, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., मनकापुर जं., अयोध्या धाम जं. और बाराबंकी जं. स्टेशन
स्थान : सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05734/05733 किशनगंज-अमृतसर-किशनगंज साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05734 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05733 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09.10 | किशनगंज | 17.30 | ---- |
| 00.10 | ---- | अमृतसर | ---- | 04.25 |

चलने के दिन : 05734 किशनगंज से प्रत्येक वीरवार दिनांक 02.10.25 से 13.11.25 तक एवं 05733 अमृतसर से प्रत्येक शनिवार दिनांक 04.10.25 से 15.11.25 तक।
ठहराव : बारसोई, कटिहार, नवगछिया, मानसी जं., खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनामी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05325/05326 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक ट.-गोमती नगर साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05325 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05326 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00.15 | गोमती नगर | 10.45 | ---- |
| 05.50 | ---- | लोकमान्य तिलक ट. | ---- | 07.55 |

चलने के दिन : 05325 गोमती नगर से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.09.25 से 01.11.25 तक एवं 05326 लोकमान्य तिलक ट. से प्रत्येक रविवार दिनांक 28.09.25 से 02.11.25 तक।
ठहराव : बादशाहनगर, लखनऊ शहर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, नासिक रोड, इगतपुरी और कल्याण स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05023/05024 गोमती नगर-खातीपुरा-गोमती नगर साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23.55 | गोमती नगर | 11.45 | ---- |
| 12.10 | 12.20 | दिल्ली जं. | 00.25 | 00.35 |
| 17.30 | ---- | खातीपुरा | ---- | 18.50 |

चलने के दिन : 05023 गोमती नगर से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 23.09.25 से 04.11.25 तक एवं 05024 खातीपुरा से प्रत्येक बुधवार दिनांक 24.09.25 से 05.11.25 तक।
ठहराव : बादशाह नगर, डालीगंज, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर जं. और बांदीकुई जं. स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

**रेलगाड़ी सं. 04195/04196 आगरा छावनी-जोगबनी-आगरा छावनी साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04195 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05.00 | आगरा छावनी | 07.10 | ---- |
| 17.25 | 17.35 | लखनऊ | 16.55 | 17.05 |
| 18.45 | ---- | जोगबनी | ---- | 21.00 |

चलने के दिन : 04195 आगरा छावनी से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 12.09.25 से 28.11.25 (26.09.25 को छोड़कर) तक एवं 04196 जोगबनी से प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.09.25 से 29.11.25 तक (27.09.25 को छोड़कर)।
ठहराव : धौलपुर, ग्वालियर, डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, पुखरायाँ, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, कर्नलगंज, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी, सिवान जं., छपरा जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी जं., थाना बिहपुर, नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया जं., अररिया और फारबिसगंज स्टेशन
स्थान : शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 08763/08764 दुर्ग जं.-सुलतानपुर जं.-दुर्ग जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08763 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08764 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07.20 | दुर्ग जं. | 12.50 | ---- |
| 07.00 | ---- | सुलतानपुर जं. | ---- | 10.00 |

चलने के दिन : 08763 दुर्ग जं. से प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.09.25 से 29.11.25 तक एवं 08764 सुलतानपुर जं. से प्रत्येक रविवार दिनांक 14.09.25 से 30.11.25 तक।
ठहराव : राजपुर जं., उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., रागौल, भीमसेन जं., कानपुर सेंट्रल और लखनऊ स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनामी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 01491/01492 पुणे जं-हज़रत निज़ामुद्दीन-पुणे जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | ---- |
| 20:00 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 21:25 |

चलने के दिन : 01491 पुणे जं. से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.09.25 से 28.11.25 तक एवं 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.09.25 से 29.11.25 तक।
ठहराव : लोनावला, कल्याण जंक्शन, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बारसी टाऊन और मथुरा जं. स्टेशन.
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 132 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01080 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22.30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00.40 | ---- |
| 04.10 | 04.15 | लखनऊ | 19.50 | 19.55 |
| 10.00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 14.30 |

चलने के दिन : 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से प्रतिदिन दिनांक 26.09.25 से 30.11.25 तक एवं 01080 गोरखपुर जं. से प्रतिदिन दिनांक 28.09.25 से 02.12.25 तक।
ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## खाटू श्यामजी मंदिर पर भंडारे का शुभारंभ

इटावा। खाटू श्यामजी मंदिर इकदिल पर द्वादशी के उपलक्ष्य में छटवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर हारे के सहारे की जय जयकार की। भंडारे का शुभारंभ नेहा सिंह चैहान एडवोकेट ने बाबा का पूजन आरती और भोग लगाकर कन्याओं को प्रसाद वितरण कर किया तथा संचालन सेवाश्रम लखना नगर अध्यक्ष गिरजेश सारस्वत ने किया। ज्ञान चंद्र इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह भटेले और सेवाश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह चैहान ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और डी वी ए उपाध्यक्ष शशिबाला चतुर्वेदी, सेवाश्रम कोषाध्यक्ष प्राची सक्सेना, नगर अध्यक्ष इकदिल डिम्पल दुबे, सेवाश्रम पूर्व कोषाध्यक्ष शशि त्रिपाठी, नीतू दीक्षित, ने माल्यार्पण कर तथा अखिलेश तिवारी, जिला सचिव संजीव दुबे, बढ़पुरा ब्लॉक उपाध्यक्ष शिव शंकर शाक्य जिला मंत्री बसंत राजपूत आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया मुख्य अतिथि ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए खाटू श्यामजी के दिव्य और भव्य मंदिर निर्माण में समर्पण भाव से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया सेवाश्रम प्रमुख और सेवाश्रम के वरिष्ट कार्यकत्रा लालजी दुबे ने मुख्य अतिथि को खाटू नरेश का प्रतीक चिन्ह भेंट किया इस अवसर पर गोविंद राजपूत, मुकेश तिवारी, राजनारायण दुबे, भोले तिवारी, उमेश चंद्र, दीपक त्रिपाठी, विमलेश चतुर्वेदी, मीनाक्षी देवी विवेक यादव, शिखा गुप्ता, मीना पाण्डेय समेत सैकड़ों खाटू श्यामजी के भक्त उपस्थित रहे भक्तों ने हारे जा सहारा बाबा श्याम हमारा, शीश के दानी की जय, कलियुग के भगवान की जय, तीन बाणधारी की जय,जैसे नारों से जयघोष किया।

## ड्रेस स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित

इटावा। विगत दस दिनों से जैन समाज के सबसे बड़े पर्व दसलक्षण शहर के सभी जिनालयों में पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाऐ जा रहे हैं। सभी जैन धर्मावलंभी यथायोग्य समर्पण, त्याग व्रत करके अपने कर्मों की निर्जरा कर रहे हैं। सरायशेख जैन मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला जारी है बातीं शाम मंदिर जी में छोटे बच्चों का फैंसी ड्रेस कंपटीशन आयोजन किया गया जिसमें दर्जनभर से अधिक बच्चे विभिन्न वेशभूषाओं पहनकर आए जिओ और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा जैन सरिता जैन अजीत जैन नीरज जैन सोनू जैन श्रेया जैन रिंकी जैन शिबू जैन का सहयोग रहा।

## जलधारा महोत्सव कल

इटावा। पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र नशियां के अध्यक्ष संजू जैन, महामंत्री धर्मेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन, मेजर सहकोषाध्यक्ष नवनीत जैन ने संयुक्त रूप से कहा नशियां जी जलधारा मेला महोत्सव व पालकी यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 सितंबर दिन रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें भगवान महावीर की 21 फुट ऊंची प्रतिमा पर 21 इंद्र के द्वारा महामस्तिकाभिषेक किया जाएगा। सुबह 7 बजे श्री जी का जलाभिषेक 7.30 बजे संगीत में पूजन दोपहर 2 बजे श्री जी की पालकी यात्रा 4.30 बजे जलधारा की जाएगी।

## प्रांतीय सम्मेलन आज

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय सम्मेलन शनिवार को डीआर कृष्णा पैलेस आईटीआई चैराहे के पास आयोजित होगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल करेंगे कार्यक्रम में पचास से जनपदों व्यापारी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि ला मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ की हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2021 व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2023 कहीं खो गई है। **अलीना खान पुत्री परवेज खान नि.- फ्लैट नं.-1, 49 जगत नारायण रोड, क्रिश्चिन कॉलेज चौराहा, गोलागंज जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विकास उर्फ जनार्दन व बहू अंजू देवी का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **राम कन्हैया पुत्र श्री सुलखे नि.- ग्राम बेहटा सिकरी तहसील लहरपुर जनपद सीतापुर।**

# हर समस्या का करायेंगे समाधान : सीएम

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

जिला संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, ह्यघबराइए मत, आपकी समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएंगे। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है।ह्ल जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अफसरों से कहा कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

## जेल में बंद पल्लव दुबे के समर्थन में आये अधिवक्ता



इटावा। भाजपा द्वारा कांग्रेसियों पर लगाए गए फर्जी मुकदमे में जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई सेशन जज द्वारा स्पेशल जज एस सी एक्ट न्यायालय सुनवाई हेतु अंतरित की गई जहां पर सबूत पक्ष की ओर से डीजीसी द्वारा जमानत का विरोध किया गया। तथा अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता एड. सिद्धार्थ शंकर दीक्षित द्वारा जमानत दिये जाने के संबंध मैं तर्क प्रस्तुत किए गए। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद 6 कांग्रेस जनों को 50-50 हजार के निजी मुचलके तथा इसी राशि की दो जमानतें प्रस्तुत करने पर रिहा किये जाने का आदेश दिया गया। कुछ न्यायालीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सोमवार को सभी 6 कांग्रेसियों को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। इस पूरे प्रकरण में अधिवक्ताओं ने जिस तरह से सभी कांग्रेसियों का साथ दिया वह अभूतपूर्व है। जेल में बंद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एड. पल्लव दुबे के सहयोग और समर्थन में खुलकर अधिवक्ता गण सामने आ गए। कानपुर से पधारे उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्री रह चुके नरेश चंद्र त्रिपाठी, लखनऊ से आए कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं वर्तमान कांग्रेस प्रदेश विधि विभाग कोऑर्डिनेटर एड.आसिफ रिजवी ने इटावा के सभी अधिवक्ताओं से भेंट कर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसी क्रम में कानपुर लखनऊ से अनेक अधिवक्ता इटावा पहुंचे। कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लेकर सभी अधिवक्ताओं ने इस मामले में कांग्रेसियों का खुला समर्थन किया। इसके लिए कांग्रेस पार्टी उनकी हृदय से आभारी है। इस पूरे प्रकरण में बढ़-चढ़कर सहयोग करने में डीबीए अध्यक्ष एड.अनिल गौर, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता संजय दुबे, डीबीए महामंत्री देवेंद्र पाल, बचाव पक्ष के अधिवक्ता सिद्धार्थ शंकर दीक्षित,एड मनोज शाक्य एड.रवि तिवारी एड. अवनीश शर्मा. एड.विष्णु कांत मिश्रा एड. कुलदीप नारायण त्रिपाठी, एड.प्रशांत दुबे, एड.गोपाल बाजपेई,एड.योगेश पांडे, अक्षय पाल आदि अधिवक्तगण मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से निकाला गया ईद-मिलादुन्नबी का जुलूस



पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली क्षेत्र के कस्बा पिपरौली बाजार में इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण पर्व ईद-मिलादुन्नबी (बारावफात) बड़े शिद्दत और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार को सुबह से ही कस्बे का माहौल जश्नों के रंग में सराबोर हो गया। पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था में निकाले गए जुलूस ने पूरे कस्बे की गलियों और मोहल्लों को रौशन कर दिया।

जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग शामिल रहे। सभी लोग हर्षोल्लास के साथ नारे-तकबीर और ईमान की पुकार लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस कस्बे के चारों मोहल्लों से होकर गुजरा। इस दौरान जगह-जगह स्वागत की भी व्यवस्था रही, वहीं गली-गली में चहल-पहल और रौनक का माहौल देखने को मिला।

बताते चलें कि इस्लाम धर्म में इस पर्व का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इस बार पैगंबर-ए-इस्लाम का 1500वां जन्म दिवस मनाया गया, जिससे लोगों में खास उत्साह देखने को मिला।

एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गीडा थाना प्रभारी अश्विनी कुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज पिपरौली संतोष कुमार सिंह मय फोर्स मौजूद रहे और पूरे जुलूस की निगरानी करते रहे।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, इकरार खान, अज्जू भाईया, अजीज अहमद, मोहम्मद रजा, जावेद, शहनवाज खान, जाकिर हुसैन, मोहम्मद कैश, मोहम्मद शमीम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्र की सुरक्षा में उत्पन्न हुए हैं अमूर्त खतरे: प्रो. हर्ष सिन्हा

गोरखपुर। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी श्रृंखला को संबोधिक करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के आचार्य प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की सीमाएं अनंत हैं। उसे देखने के कई कोण हैं। उन्होंने कहा कि सात देशों की सीमाएं भारतीय सीमा को स्पर्श करती हैं। 17 राज्यों की सीमाएं अंतरराष्ट्रीय हैं। प्रो. सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद की 70 प्रतिशत घटनाओं में कमी आई है, फिर भी चुनौती बनी हुई है। राष्ट्र की सुरक्षा में नए किस्म के और अमूर्त खतरे उत्पन्न हुए हैं। मसलन साइबर अटैक, देश में प्रति मिनट 761 साइबर अटैक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कुछ साहसिक फैसलों, संकल्पों और पराक्रम की मांग करता है। संगोष्ठी को अशर्फी भवन अयोध्या से आए स्वामी श्रीधराचार्य ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का शुभारंभ युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्रों पर पुष्पांजलि से हुआ। दिग्विजय स्त्रोत पाठ डॉ. अभिषेक पांडेय, महंत अवेद्यनाथ स्त्रोत पाठ डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र, वैदिक मंगलाचरण डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी और गोरक्ष अष्टक पाठ आदित्य तिवारी व गौरव पांडेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया। इस अवसर पर परिधान पीठ गोपाल मंदिर अयोध्या से आए कथा व्यास जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संतोषाचार्य उर्फ सतुआ बाबा, सवाई आगरा के ब्रह्मचारी दास लाल, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास, धर्मदास, अयोध्या से आए महंत कमलनयनदास, अनंत स्वामी पद्मनाभाचार्य, महंत रामलखनदास, राममिलनदास, जबलपुर से आए स्वामी नरसिंहदास, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन ,नहर में रोक पर भक्तों ने जतायी नाराजगी

जसवंतनगर, इटावा। गणेश चतुर्थी के बाद गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार को चरम पर रहा। सिरहौल गांव के पास भोगनीपुर गंग नहर पुल के निकट प्रशासन द्वारा तैयार कराए गए गहरे गड्ढे में पानी भरकर मूर्तियों का विसर्जन कराया गया। जानकारी के अनुसार, नगर सहित अलग अलग गाँव से एक सैकड़ा से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन यहां किया गया। भक्तों ने पारंपरिक रूप से नहर के बहते पानी में प्रतिमा विसर्जन की अनुमति मांगी, लेकिन सुरक्षा कारणों से पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों की नाराजगी के बावजूद मूर्तियां गड्ढे में ही विसर्जित की गईं। प्रशासन का कहना है कि नहर में विसर्जन से हादसे की आशंका रहती है और स्वच्छता पर भी असर पड़ता है। वहीं, श्रद्धालुओं ने दुखी मन से गड्ढे में प्रतिमाओं का विसर्जन कर परंपरा निभाई। गणेश चतुर्थी पर स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन विशेष महत्व रखता है। इस दौरान भक्त गणपति बप्पा की आरती करते हुए मंत्रोच्चार के साथ विदाई देते हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि विसर्जन के समय ह्लजय गणेश, जय गणेशह्व का पाठ करना अत्यंत शुभ फलदायी होता है। प्रशासन ने अपील की है कि सभी लोग निर्धारित स्थानों पर ही मूर्तियों का विसर्जन करें, ताकि स्वच्छता और सुरक्षा बनी रहे।

# मृत व्यक्ति के नाम से की शिकायत

## राजस्व विभाग जांच में जुटा

ऊसराहार, इटावा। तेरह साल पहले मर चुके दुलारे के नाम से जमीन के विवाद की शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई है मरे हुए व्यक्ति के नाम से की गई फर्जी शिकायत पर राजस्व विभाग अब जांच मे जुटा है।

जमीन के विवादों में आए दिन नए-नए मामले सामने आते हैं, लेकिन इस बार एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सभी को चैंका दिया है। इस बार तेरह साल पहले मर चुके व्यक्ति ने आीजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराकर जमीन पर अबैध कब्जे को मुक्त कराने की मांग की है मरने वाले व्यक्ति का नाम दुलारे है वह ऊसराहार थाना क्षेत्र के वहादुरपुर गांव का निवासी है। दुलारे ने अपने जीवनकाल में गाटा संख्या 278 के रकबे 7 बीघा जमीन में से 2 बीघा भूमि वर्ष 2004 में बहादुरपुर निवासी रामसनेही को बेची थी। दर्ज शिकायत मे आरोप है कि रामसनेही ने खरीद समझौते के विपरीत पूरी 7 बीघा जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। इसी को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर मृतक दुलारे के नाम से शिकायत दर्ज हुई है। गांव में इस मामले की चर्चा जोरों पर है, क्योंकि दुलारे की मृत्यु लगभग तेरह वर्ष पूर्व हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि मरने के बाद किसी व्यक्ति का ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना असंभव है। ऐसे में मामला फजीर्वाड़े और साजिश की ओर इशारा कर रहा है। मृतक के नाम से दर्ज हुई यह शिकायत मामले को और उलझा रही है। सवाल यह है कि आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज करने वाले व्यक्ति की पहचान किस तरह की गई और यह कैसे संभव हुआ कि मृतक के नाम से आवेदन प्रस्तुत हुआ। फिलहाल प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम तथ्यों की पड़ताल कर रही है। ग्रामीण भी इस मामले को लेकर हैरत में हैं और पूछ रहे हैं कि आखिर ष्मृतक की शिकायतष्कैसे दर्ज हो गई। यह मामला न केवल जमीन कब्जे से जुड़ा है बल्कि आईजीआरएस पोर्टल की पारदर्शिता से जुडा है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक रामगोपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक के नाम से किसी दूसरे व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करायी है जिसकी जांच करायी जायेगी। वही दुलारे के पुत्र नाहर सिंह से जब इस शिकायत के संबध में बात की गई तो उन्होंने बताया उनके पिता ने सात बीघा जमीन मे रामसनेही को दो बीघा जमीन बेंची थी और वह दो बीघा जमीन पर ही काबिज है पांच बीघा जमीन दूसरे व्यक्ति को बेंची है वह हिस्सा जिसे बेंची उनके पास है दर्ज शिकायत से उनका कोई लेना देना नही है किसी व्यक्ति ने फर्जी शिकायत दर्ज करायी है उनके पिता की मौत भी तेरह साल पहले हो चुकी है वह खुद गांव छोड चुके है ग्यारह साल से अलीगढ़ रह रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला दलित का शव

अमेठी। रामगंज थाना क्षेत्र के रामगंज सोनारी मार्ग के खरगीपुर मोड़ के पास शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक दलित व्यक्ति का शव सड़क किनारे मिला। पुलिस के मुताबिक पनवरिया अग्रसेर गांव निवासी राम बहल पासी (45) का शव शुक्रवार को रामगंज सोनारी मार्ग के खरगीपुर मोड़ के पास सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगंज कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच की जा रही है।

# जलभराव से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

जिला संवाददाता

ऊसराहार, इटावा। क्षेत्र के पुरैला गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या ने ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया है, जिससे गांव के लोगों के साथ आसपास के गांवों के राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। इस जलभराव ने गांव की मुख्य सड़क को तालाब का रूप दे दिया है।

ग्रामीण लालजी राठौर, जगदीश सिंह, मनोज कुमार, राकेश कुमार का कहना है कि सड़क पर कई दिनों से पानी भरा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। आने-जाने वाले लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बच्चों और बुजुर्गों को रास्ता पार करने में सबसे ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। स्कूल जाने वाले छात्र रोजाना गीले कपड़ों और जूतों के साथ घर लौटते हैं, वहीं बुजुर्गों और बीमार लोगों को आवश्यक कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के चलते कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रमण और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह समस्या हर साल सामने आती है, लेकिन समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाए और सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

इस संबंध में एडीओ पंचायत भगवान दास से बात की गई तो उन्होंने बताया कि समस्या का समाधान कराया जायेगा।

## यूपीयूएमएस में ब्रेस्ट क्लीनिक का शुभारंभ



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई के जनरल सर्जरी विभाग द्वारा ब्रेस्ट क्लिनिक की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने फीता काटकर किया। कुलपति ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ब्रेस्ट क्लिनिक न केवल बेहतर इलाज उपलब्ध कराएगा, बल्कि भ्रांतियों को दूर करने और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा स्तन कैंसर केवल महिलाओं में ही नहीं, बल्कि पुरुषों में भी हो सकता है। इसलिए सेल्फ-एग्जामिनेशन का महत्व समझना बेहद जरूरी है। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया कि यह क्लिनिक प्रत्येक बुधवार दोपहर 2 से 4 बजे तक (ओल्ड बिल्डिंग, कक्ष संख्या 61-62) में संचालित होगा। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक में जनरल सर्जरी, एंडोक्राइन सर्जरी और ऑकोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों की टीम मिलकर एक ही छत के नीचे मरीजों को समग्र उपचार प्रदान करेगी। ब्रेस्ट क्लिनिक नोडल ऑफिसर प्रोफेसर डॉक्टर सोमेंद्र पाल ने कहा कि माननीय कुलपति जी के निर्देशन अनुसार हम कॉलेज स्कूल मैं जाकर आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सेल्फ- एग्जामिन करने के तरीके और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे जिससे लोग स्तन गांठ के संदर्भ में लापरवाही ना करें तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में शिक्षकों का भी हुआ सम्मान




इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा एवं श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक सदस्य स्व. राजाराम त्रिपाठी चच्चू एवं डा. अशोक चैधरी के पुत्र स्व. शिवा चैधरी की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 141 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ, जिनमें 12 मरीज ऑपरेशन हेतु चिन्हित हुए। इस अवसर पर चिकित्सालय संस्थान की ओर से शिक्षक दिवस होने के उपलक्ष्य में एक दर्जन शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। चिकित्सालय के सभागार में दोनों दिवंगत आत्माओं के पुण्य स्मरण हेतु श्रद्धांजलि सभा भी की गई जिसमें सबसे पहले कीर्तिशेष पं. राजाराम चच्चू एवं शिवा चैधरी के चित्र पर पुष्पांजलि करके वंदे मातरम्-गीत गाया गया। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी का परिचय देते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत की पूर्व महिला संयोजिका नीलिमा चैधरी ने कहा कि यह संस्थान और दोनों पुण्यात्माओं के परिजन साधुवाद के पात्र हैं, जो परमार्थ के लिए समर्पित रहे उक्त दोनों व्यक्तित्वों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनके सेवाधर्मी संकल्पों को सतत रूप से आगे बढ़ा कर समाज की भलाई में लगे हुए हैं। आपका यह नेत्र चिकित्सालय हजारों जरूरतमंदों को नेत्र चिकित्सा का लाभ देकर एक प्रेरणादाई कार्य कर रहा है, इसलिए यहां आकर वास्तव में मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हुए धन्य महसूस करती हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष एवं संरक्षक डॉ विद्याकांत तिवारी ने चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित का विशेष साधुवाद करते हुए कहा कि उन्होंने दोनों दिवंगत पुण्यात्माओं की स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा देने के साथ साथ आज शिक्षक दिवस होने के उपलक्ष्य में हम शिक्षकों का सम्मान करके जो उदार सहृदयता का परिचय दिया है, उसके लिए हम सब उनके प्रात कृतज्ञ हैं।

# शहर में अदबो एहतराम के साथ निकला जुलूसे मोहम्मदी

## जुलूसे में इस्लामी परचम के साथ लहराया तिरंगा



इटावा। जश्ने ईद मीलादुन्नबी के मौके पर शहर में जुलूस ए मोहम्मदी बड़े ही अदबो एहतराम के साथ सरकार की आमद मरहबा, अर्श का दूल्हा आया है के नारों के साथ निकला। जुलूस में शहर के कई मोहल्लों की अंजुमनों ने झांकियों के साथ के भाग लिया। नई बस्ती आजाद नगर स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरान से आयोजक कारी सरफराज आलम निजामी एंव नया शहर से अंजुमने हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा के नेतृत्व एवं उलेमाओं की सरपरस्ती में कदीमी जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत से निकला। जुलूस का शुभारंभ कारी सरफराज आलम और नया शहर पर जुलूस का शुभारंभ मौलाना जाहिद रजा, मौलाना अब्दुल वाजिद व अंजुमन हुसैनिया कमेटी के सदर हाजी सरफराज मुस्तफा सहित सीओ सिटी अभय नारायण राय ने हरी झंडी दिखाकर किया। नया शहर पर हुसैन वारसी ने कुरान की तिलावत की, हाफिज फैजान चिश्ती ने नात शरीफ पढ़ी और मौलाना जाहिद रजा ने तकरीर की। नदीम अहमद बरकाती ने संचालन किया। हाजी सरफराज मुस्तफा, शोएब खान रूमी ने सीओ सिटी अभय नारायण राय व शहर कोतवाल यशवंत सिंह का साफा पहनाकर स्वागत किया। जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निजामी ने उलमाए इकराम आदि का साफा पहनाकर स्वागत किया। अंजुमने गुलामाने हुसैन कमेटी के संरक्षक हाजी अजीम वारसी, अध्यक्ष हाजी रईस चिश्ती, सेकेटरी वाईके शफी, कमाल अहमद चिश्ती, साजिद हुसैन, महासचिव शफी अहमद बालक, अहमद अली राईन ने उलेमाओं सहित सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य का स्वागत किया। वारसी ट्रेवल्स पर हाजी नईम उद्दीन मंसूरी, हाजी फईम उद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, हाजी अब्दुल हन्नान चाँद मंसूरी, वहाज अली निहाल, गुफरान अहमद, अनवर वारसी, अरीब वारसी ने लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया। दोनों जुलूस झम्मन लाल करारी पर आपस में मिल गए। यहां से दोनों जुलूस कटरा शहाब खां, चिड़ीमार स्कूल, उर्दू मोहल्ला, मेवाती टोला, नोरंगाबाद, नया शहर, साबितगंज, तहसील, शाहगंज, पचराहा, मिश्री टोला, कोतवाली, बजाजा लाइन, सिग्नल वाली मस्जिद होकर रामगंज चैराहे पहुंचे, अंजुमने हुसैनिया कमेटी का जुलूस नया शहर पर समाप्त हुआ और दूसरा जुलूस नई बस्ती आजाद नगर स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरान पर समाप्त हुआ। जुलूसे मोहम्मदी में खाना काबे के तुगरे, गुम्बदे खिजरा, विभिन्न मोहल्लों की चैकियां व साउंड शामिल थे।

## किसान को खींचकर ले गये सिपाही, कपड़े फटे

इटावा। भरथना में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। नगला हरवंश मौजा कुड़ा गांव में पुलिसकर्मियों द्वारा एक किसान को जबरन घसीटकर ले जाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में भरथना थाना क्षेत्र के हल्का इंचार्ज राजेश कुमार और कांस्टेबल देवेंद्र कुमार, ग्रामीण बृजेश सिंह को घसीटते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विरोध करने पर युवक के कपड़े फट गए। बृजेश वीडियो में कह रहे हैं कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। परिजनों द्वारा वीडियो बनाए जाने पर पुलिसकर्मी मौके से भाग गए। बृजेश सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि गांव के कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। पुलिसकर्मी विपक्षी पक्ष से मिले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने 50 हजार रुपए की मांग की और न देने पर गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी दी।

संक्षेप

## खाटू श्याम मंदिर का हुआ भूमि पूजन

पसगवा खीरी। नगर पंचायत बरबर में देविस्थान मंदिर प्रांगण में नगर पंचायत अध्यक्ष संजय शर्मा के द्वारा भूमि पूजन किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के टाइम सभी श्याम परिवार ने हमारे द्वारा संकल्प दिलवाया था अगर चुनाव में विजयी होते हैं तो खाटू श्याम मंदिर बनवाएंगे उन्होंने बताया कि हम अपने संकल्प को पूरा करने लिए आज भूमि पूजन कर भव्य मंदिर का निर्माण करवाएंगे भूमि पूजन में एडवोकेट धीरेंद्र श्रीवास्तव, सतपाल कुशवाहा, विमलेश दीक्षित,बीरबल कुशवाहा ,नीरज कुशवाहा, शोभित गुप्ता,राजेश गुप्ता, नितिन द्विवेदी, सुभाष पांडे,यश वर्मा, सुनील अग्निहोत्री, रामलखन अग्निहोत्री व सभी श्याम प्रेमी मौजूद रहे है।

## हाई कोर्ट के आदेश पर निकलेगा जुलूस

मोहम्मदी खीरी। बारा वफात के जुलूस को लेकर प्रशासन की हठधर्मिता के चलते अनुमति न देने पर कमेटी के लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जिसमें जुलूस की अनुमति मिलने पर लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए जीत बताई है। सूफी कमरुल हसन कादरी सूफी खानकाह संगठन के सचिव ने बताया कोविड के पहले प्रशासन की अनुमति पर नगर में वारा वफात पर सौहार्दपूर्ण जुलूस निकाला जाता था प्रशासन की हठधर्मिता के चलते दिए गए आवेदन में कार्यवाही न होने में डीएम और एसपी 1 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई गई थीं। कार्रवाई न होने पर कमेटी के लोग हाई कोर्ट चले गए जहां 2 सितंबर को केस फाइल करने पर न्यायालय ने सुनवाई करते हुए 3 सितंबर को शर्तों का अनुपालन करने पर डीएम खीरी को जुलूस निकालने की व्यवस्था का आदेश दिया जिस पर एसडीएम मोहम्मदी ने 4 सितंबर को कमेटी के लोगों को 6 सितंबर को 200 व्यक्तियों की संख्या निर्धारित कर जुलूस निकालने का आदेश दिया है जिनकी समय सीमा 2 बजे तक निर्धारित की गई है।

## परिवार परामर्श केन्द्र में 1दंपति को किया विदा

शाहजहांपुर।पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहाँपुर में किया गया। 13 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01दम्पति को विदा किया गया ।थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 03 वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका 6 माह से अपने मायके में रह रही थी आवेदिका ने बताया की मेरा पति मेरे साथ मार -पीट करता है और अपनी मां के कहने में चलते हैं मेरा कोई खर्च नहीं उठाते हैं इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहाँपुर बुलाया गया क दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है कदोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहाँपुर म0आ0 पिंकी, म0आ0 सरस्वती मौजूद रही।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षकों का हुआ सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें एक दिन की संपूर्ण शिक्षण व्यवस्था इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई और समस्त कक्षाओं में शिक्षण कार्य किया। इसके साथ छात्र-छात्राओं ने दिन भर विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन करते हुए अनुशासन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने समस्त भैया बहनों को संबोधित करते हुए शिक्षक जीवन के महत्व को परिभाषित किया और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादाई संस्मरण भी सुनाए। इस अवसर पर भैया बहनों के द्वारा समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भी भैया /बहनों के द्वारा शामिल किया गया। इंटरमीडिएट के समस्त भैया/बहन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें प्रधानाचार्य के रूप में विद्यालय के भैया नितिन वर्मा ने व्यवस्थाओं की देखरेख की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व प्रबंध समिति के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## राजेंद्र गिरि में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी और प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने डा० एस राधाकृष्णन के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर आदर और श्रद्धा के साथ उन्हें याद किया और छात्र छात्राओं को उनके व्यक्तित्व से परिचित करवाया। छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सम्मान में उन्हें बुके भेंट करते हुये अपने विचार व्यक्त किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक व विद्यालय प्रबंध निदेशक अमन गिरि ने भी सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। प्रबंध समिति ने सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किए। इस मौके पर कार्यालय प्रमुख जगदीश अवस्थी, विकास शुक्ला आदि, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बड़े ही हर्षोल्लास से क्षेत्र में मनाया गया शिक्षक दिवस

धौरहरा खीरी। भारतीय गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस हर वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।इसी कडी में शुक्रवार को तराई क्षेत्र के सरकारी गैर-सरकारी शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों में पूर्व राष्ट्रपति का जन्मदिन बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जानकारी के मुताबिक भारतीय गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन पेशे से एक शिक्षक/वकील भी रहे बाद में उन्होंने भारत का राष्ट्रपति चुना गया।उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए शासन स्तर से सरकारी गैर-सरकारी शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों में प्रति वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाता है।इस दिन छात्र अपने गुरुओं/टीचरों का सम्मान करते आए हैं।इस मौके पर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में सजावट होने के साथ शिक्षकों व छात्रों ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए व दीप जलाकर उन्हें याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं।

## बाढ़ पीड़ितों से मिले धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया

धौरहरा खीरी। समाजवादी पार्टी से सांसद धौरहरा ने शुक्रवार को क्षेत्र में उतरकर बाढ़ पीड़ितों से मिलने व हालात का जायजा लेने टैक्टर पर सवार होकर



रुबरु हुए। ज्ञात हो शुक्रवार मे समाजवादी पार्टी के धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर उनके दुःख दर्द में शामिल हुए तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवो में ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे क्षेत्रीय सांसद आनंद भदौरिया घुटनों से उपर बह रहे पानी में जाकर मिले पीड़ितों से।बाढ़ प्रभावित गांवों में ग्रामीणों से की बातचीत करते हुए जाना उनका दुख दर्द।व पीड़ितों को सरकारी सहायता जल्दी मिले इसके लिए जिला प्रशासन से बात की।इस दौरान उनके साथ पार्टी जिलाध्यक्ष राम पाल सिंह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वरुण यशपाल चौधरी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बंडा जिओ पेट्रोल पंप मालिक का बंजर भूमि पर अवैध कब्जा, एसडीएम से शिकायत

बंडा/ शाहजहांपुर ।बंडा में पुवाया रोड पर जिओ पेट्रोल पंप मालिक ने बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर किया बाउंड्री वॉल ।

एक तरफ सूबे के मुखिया आदित्यनाथ योगीजी अवैध कब्जा करने वालों के ऊपर तरह-तरह के रुख अपना रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ भू माफिया अवैध कब्जा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है उन्होंने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को बताया कि आखिर किसकी शरण में फल फूल रहे हैं भू माफिया ।

एडवोकेट पवन कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य ने उप जिला अधिकारी को लिखित शिकायत में बताया ग्राम उमरापुर मङ्ग, बंडा की गाटा संख्या 228 बंजर की भूमि पुवाया बंडा रोड स्थित है बेश कीमती भूमि पर वलविंदर सिंह पुत्र हरभजन सिंह, निवासी गुरु नानक कॉलोनी बंडा ने जिओ कंपनी का पेट्रोल पंप लगाया है जिसकी गाटा संख्या 207 ,2008 है उसके सामने बंजर भूमि है उसके बाद बंडा पुवाया रोड है तथा बंजर भूमि पर कब्जा करके पंप में सम्मिलित कर लिया उन्होंने बताया पेट्रोल पंप की एनओसी कैसे दी गई बंजर भूमि पर किसी का एकाधिकार नहीं किस मानकनुसार दी गई रिपोर्ट किस सक्षम अधिकारी द्वारा किन-किन तत्वों पर स्वीकृत की गई। उन्होंने उप जिला अधिकारी से नियमानुसार जांच कर सरकारी भूमि पर अबैध कब्जा करने वाले, विक्रम सिंह पुत्र बलविंदर सिंह , बलविंदर सिंह ब हर भजन सिंह भू माफिया के विरुद्ध कूट रचित दस्तावेज के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।

इधर उप जिला अधिकारी चित्रा निरवाल ने बताया जांच भेज दी है कार्रवाई की जाएगी

# अकीकत के साथ मना बारा वफात का पर्व



जिला संवाददाता(vol)

पिपरिया धनी खीरी।रेहरिया क्षेत्र में बारा वफात का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया।सुबह से ही बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस के दौरान नौजवानों ने नारे लगाते हुए धार्मिक जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया। पुलिस चौकी रेहरिया व मूडानिजाम क्षेत्र के अंतर्गत जुलूस ए मोहम्मदी ईद मिलादुन्नबी बड़ी ही शान ए शौकत के साथ निकल गया।जिसमें हजारों की तादात में लोग शामिल हुए। मुख्य मार्गो से गुजरते हुए सरकार की आमद मरहबा,मदनी की आमद मरहबा,की सदाएं बुलंद करते हुए अकीकत का इजहार किया।

क्षेत्र के उमरपुर, रामपुर मदारी, चठिया मूडानिजाम,पडसर, पिपरिया कप्तान,करौंदा, बसखेड़ा,मुकुंदपुर बंजरिया औरंगाबाद, कैमाहरिया आदि ग्रामों में हुजूर की पैदाइश ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया लोगों द्वारा जगह-जगह खाने पीने की व्यवस्था की गईं। हुजूर की पैदाइश का दिन यौमे पैदाइश को 1500 सौ साल पूरे हो रहे है।इस लिऐ जश्ने यौमे पैदाइश हर जगह धूमधाम से मनाया गया वही शकलैनी कमेटी,व गुलाम-ए-मुस्तफा कमेटी रामपुर मदारी सहित विभिन्न स्थानों पर कमेटी के लोगों ने खाने पीने की व्यवस्था की थी। इस मौके पर कमेटी के रफीउल्ला खान, जुल्फिकार खान, सोहराब खान, सगीर खां, जावेद खां, मिनहाज खां, अशफाक खां, रशीद खान, इस्माइल खान, अकरम खान, हाशिम खान, जावेद खान, प्रधान इसराज खान,मौलाना साने आलम, हाफिज मुकीम, अफलातून खान, सरफराज खान, रियासत खां, छोटे खां, चौकी प्रभारी मूडानिजाम विक्रांत चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहें।

## धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

शाहजहांपुर / शाहजहांपुर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस स्टेशन वाली मस्जिद से शुरू होकर लाल इमली चौहरा, तारीन टिकली और घंटाघर होते हुए अंटा तक



पहुंचा। हजारों लोगों ने नात-ए-रसूल पढ़ते और नारे लगाते हुए जुलूस में भाग लिया।धार्मिक स्थलों के आसपास जुलूस कमेटी ने वालंटियर तैनात किए और उन्हें सुरक्षा व आपातकालीन सेवाओं की जिम्मेदारी दी गई। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। जुलूस के दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

# धूमधाम से मना नगर पालिका परिषद का स्थापना दिवस




गोला गोकर्णनाथ, खीरी । नगर पालिका परिषद का स्थापना दिवस पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ,अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, सभासदों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया।

स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ पालिका स्थिति स्मृति शेष पं० सियाराम मिश्र व राम नरेश तिवारी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया । इसके उपरांत नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि, छोटी काशी गोलागोकर्णनाथ पालिका की स्थापना 05 सितम्बर 1936 को हुई थी तब से लेकर आज तक के सफर में विकास के साथ-साथ अनेकों आयाम स्थापित किए हैं। नगर की जनता के सहयोग से स्वच्छता अभियान में प्रदेश में द्वितीय और मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आप सबके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने कहा,हमें सिंगल यूज पोलीथीन का प्रयोग नही करना चाहिए। सभासद आनंद सोनी ,नानक चन्द्र वर्मा ,प्रो राम औतार विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शत्रोहन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, रियाजुद्दीन, साहिद अंसारी, रज्जन खान ,कफील अहमद, दानिश राईन,सौरभ तिवारी, आशीष अवस्थी, सुरेश जायसवाल, भाजपा नेता सुर्जन लाल वर्मा, विनोद स्वर्णकार ,धीरज बाजपेयी, सुधीर अवस्थी, रेखा मिश्रा, सीमा सक्सेना, गीता विश्वकर्मा, विजय मिश्रा, शिवम गुप्ता, अनुराग गुप्ता, संदीप अवस्थी, काके सहगल, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर सत्य प्रकाश अग्रवाल, अशोक सक्सेना, पालिका वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, अवधेश कुमार, विमलेश वर्मा, रामसिंह, सुरेन्द्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## संकल्प मशाल के साथ हुआ नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ



ईसानगर खीरी। ईसानगर ब्लॉक के महेवा गाँव में शुक्रवार को गायत्री परिवार द्वारा नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया यह दीपयज्ञ गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी पर उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ देव परिवार निर्माण के उद्देश्य से नगर मुख्यालय में आयोजित होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह प्रशिक्षण में जिले भर की नारी शक्तियों को आमंत्रित करने के अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार से पूजित होकर आई नारी उत्कर्ष संकल्प मशाल को महिलाओं द्वारा सिर पर धारण करके की गई ग्राम प्रदक्षिणा यात्रा के साथ हुआ। हम गायत्री मां के बेटे तुम्हें जगाने आए हैं, महाकाल की चली सवारी चलो साथ हो जाओ जैसे प्रेरणा गीत गाते हुए गायत्री परिवार महिला मंडल की बहनों ने गाँव की महिलाओं को नारी उत्कर्ष दीपयज्ञ के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन जयंती विश्वकर्मा, सुगंधा शुक्ला, सुमन वर्मा, परबीता सिंह, अजय वर्मा, नंद किशोर गुप्ता और कुलदीप वर्मा की टोली द्वारा किया गया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद और वरिष्ठ समाजसेवी गायत्री साधक मुरलीधर मौर्य ने उपस्थित महिलाओं को गायत्री परिवार द्वारा 06 नवंबर से होने जा रहे देव परिवार निर्माण के प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद गांव के सभी घरों से आए दीपकों के प्रज्वलन के साथ नारी उत्कर्ष अभियान की सफलता हेतु दीपमहायज्ञ संपन्न किया गया जिसमें सभी ने गायत्री महामंत्र के साथ भाव आहुतियाँ प्रदान कीं। सभी को 7 सितंबर को धौरहरा में होने जा रहे ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान दीपा वर्मा, संगीता वर्मा, ब्रजरानी, सुनीता कटियार, रीता चौधरी, आरती कौशल, प्रज्ञा कटियार, नीलम पटेल, प्रेमकांत कटियार, विशम्भर दयाल वर्मा, शिव भगवान वर्मा, राजेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## गर्रा तथा खन्नौत नदी के बढ़ते जलस्तर का डीएम और एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जनपद में गर्रा तथा खन्नौत नदी के बढ़ते जलस्तर की वास्तविक स्थिति का स्थलीय निरीक्षण



किया गया।निरीक्षण के दौरान जनपद के विभिन्न तटीय एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर नदी के जलस्तर का जायजा लिया गया तथा उपस्थित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नदी के जलस्तर पर सतत निगरानी रखी जाए।बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैनात टीमें अलर्ट मोड में रहें।निचले एवं प्रभावित इलाकों के निवासियों को समय-समय पर सचेत किया जाए।किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए।

# नाव बनी एंबुलेंस, बाढ़ में भी पहुंची दवा और राहत



- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल : जलमग्न गांवों तक नाव से पहुंची दवाइयां

लखीमपुर खीरी। बाढ़ की तबाही से जूझ रहे गाँवङ्ग सड़कें जलमग्न, घरों के चारों ओर पानी ही पानी। हालात ऐसे कि पैदल चलना तो दूर, साइकिल और बाइक भी बेकार। मगर इन सबके बीच जब स्वास्थ्य सेवाएँ ठप पड़ने का खतरा मंडरा रहा था, तभी स्वास्थ्य विभाग की नाव उम्मीद का सहारा बनकर पहुँची। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के सख्त निर्देश और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीम ने कमर कसी और ठान लिया कि चाहे हालात जैसे भी हों, लोगों तक दवाएँ हर हाल में पहुँचेंगी।

श्रीनगर और आजादनगर क्षेत्रों में चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजीत सिंह, फार्मासिस्ट टी. रहमान और एनसीडी परामर्शदाता अंकित दीक्षित के नेतृत्व में नाव पर दवाइयाँ लदीं और टीम पानी से घिरे गाँवों तक निकल पड़ी।

गाँव वालों के चेहरे पर जैसे ही स्वास्थ्यकर्मी पहुँचे, उम्मीद की किरण लौट आई। टीम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को घर-घर जाकर जरूरी दवाएँ उपलब्ध कराईं, लोगों की सेहत की जाँच की और जरूरतमंदों को परामर्श भी दिया। ग्रामीणों ने टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी है, तब नाव से आई दवाइयाँ हमारे लिए जीवनदान साबित हुईं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बाढ़ जैसी विकट परिस्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाएँ किसी हाल में बाधित नहीं होंगी। हर जरूरतमंद तक दवा और चिकित्सा सुविधा पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुँच रही हैं। नावों के सहारे भी हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई मरीज दवा और इलाज से वंचित न रहे।

## शिक्षक दिवस पर विधायक ने 125 लोगों को किया सम्मानित



मोहम्मदी खीरी। शिक्षक दिवस के मौके पर भाजपा कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य गुलशन कुमार भसीन ने की बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। संचालन शचींद्र दीक्षित ने किया है।शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता होता है जो समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाता है। जिला संघ चालक अमित भसीन ने कहा शिक्षक के बिना उन्नतशील राष्ट्र की कल्पना अधूरी है।

आयोजन में विधानसभा क्षेत्र केबेसिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकगण,इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और शिक्षक के अलावा उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य और शिक्षकों में बादशाह मिश्रा, मनोज खरे,शिव प्रकाश बाजपेई, विनोद बाजपेई,डॉ शिव गुप्ता,राम राकेश मिश्रा और रमाकांत मिश्र समेत 125 लोगों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे हैं।

## ई खसरा पड़ताल शुरू

लखीमपुर खीरी। एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत जनपद खीरी के कृषकों के गाटों का ई-खसरा पड़ताल एंव किसान रजिस्ट्री (फार्मर रजिस्ट्री) बनाये जाने का कार्य कृषि विभाग व राजस्व विभाग एंव कॉमन सर्विस सेंटर की सक्रिय भागीदारी से किया जा रहा है। संज्ञान में आया है कि कतिपय सीएससी व जन सुविधा केन्द्र और सम्बद्ध एजेसिंया, भौतिक व आफ लाइन मोड में किसान पहचान पत्र जारी कर रही है। यह न केवल नियम विरूद्ध है अपितु अवैधानिक है। कृषि विभाग यह स्पष्ट करना चाहता है कि एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के भौतिक व आफ लाइन मोड में किसान पहचान पत्र को जारी नही किया जाता है। इस संदर्भ में गिरीश चंद कृषि उपनिदेशक ने बताया कि कतिपय अवांछनीय तत्वों द्वारा कृषकों को भ्रमित करने के हेतु इस प्रकार के कृत्य किये जा रहे है। इस सन्दर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रदेश के समस्त सी0एस0सी व जनसुविधा केन्द्र एंव उनके सहयोगी एजेसियां आर्फ लाइन मोड में किसी भी प्रकार के किसान पहचान पत्र (फार्मर आई0डी0) या उनकी फोटो कॉपी न छापे, न प्रसारित करें और नही वितरण करें। कृषक को सलाह दी जाती है कि यदि किसी प्रकार का प्रकरण कहीं भी संज्ञान में आता है तो उक्त विषयक जानकारी कृपया तत्काल कृषि विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध करायें।

## किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गोला गोकर्णनाथ, खीरी कोतवाली क्षेत्र के मुड़िया गांव निवासी 55 वर्षीय शारदा प्रसाद ने गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार शाम शारदा प्रसाद करनपुर साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने गए थे। घर लौटने के बाद देर रात वे गांव के दक्षिण दिशा स्थित अपने गन्ने के खेत में गए और वहां शीशम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## जीएसटी स्लैब कम होने से व्यापारियों में खुशी

लखीमपुर खीरी। व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी के स्लैब को कम करके व्यापारी व आम जनता को राहत दी है। मेला




रोड पर व्यापारियों के द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिला उपाध्यक्ष कौशल तिवारी को मेला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक सुरेंद्र तौलानी, जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मनमोहन मेहता, नगर अध्यक्ष शिव तोलानी, आईटी सेल के जिला अध्यक्ष योगी सचदेवा, जिला महामंत्री उमेश शुक्ला , जिला महामंत्री युवा व्यापा संजय सिन्हा सहित आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कुएं में गिरी गाय बचाने में युवक की जान गयी

जौनपुर । केराकत क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। सरौनी पूरब पट्टी के अमलधारी निषाद की उस समय कुंए में कुएं में गिरकर मौत हो गई जब वह उसमें गिरे बछड़े को बचाने उतर रहे थे। 35 वर्षीय अमलधारी अपने गांव के पश्चिम पट्टी में एक कुएं में गिरे बछड़े को बचाने गए थे। गाय को कुएं से निकालते समय रस्सी अचानक टूट गई।इस दौरान अमलधारी संतुलन खोकर कुएं में गिर गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें कुएं से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और लेखपाल मौके पर पहुंचे। और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वे मामले की जांच कर रहे हैं। अमलधारी के स्वर्गीय पिता का नाम राम जद निषाद था।इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## दो बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर ।लाइन बाजार थाना क्षेत्र में शिक्षक से हुई चेन लूट और गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा किया है।पुलिस ने राममनोहर लोहिया स्कूल कलीचाबाद के पास से आकाश यादव उर्फ सिंटू और रिषभ यादव को गिरफ्तार किया है।ज्ञात हो कि घटना 1 सितंबर की सुबह 6 बजे की है। कंधरपुर निवासी शिक्षक संतोष कुमार यादव टहल रहे थे। बाइक सवार दो बदमाशों ने उनसे चेन छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने शिक्षक के बाएं पैर की जांघ में गोली मार दी।वे उनके गले से दो चेन छीनकर फरार हो गए।सीओ सिटी देवेश सिंह के अनुसार, आकाश यादव प्यारेपुर थाना सुजानगंज का निवासी है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।लूट के माल की बिक्री से मिले 21,500 रुपये भी जब्त किए गए हैं।पूछताछ में आकाश यादव ने बताया कि वे पहले रेकी करते हैं। चेन पहनने वाले लोगों को चिह्नित करते हैं।सुबह के समय लूट की घटना को अंजाम देते हैं।विरोध होने पर गोली चला देते हैं।

## सूफी शकूर शाह की दरगाह पर उमड़े जायरीन

जौनपुर। हजरत सूफी अलहाज अब्दुल शकुरशाह के 36वा सालाना उर्स में दूसरे दिन सांसद और विधायक ने दरगाह पर चादर चढ़ाया और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। मछलीशहर कस्बे के मोहल्ला काजी का पूरा में हजरत सूफी अलहाज अब्दुल शकुर शाह का सालाना उर्स बड़े ही अकीदत से मनाया गया।उर्स के दूसरे दिन क्षेत्रीय सांसद प्रिया सरोज और विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने उनके दरगाह पर पहुंच कर चादर चढ़ाया और मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ मांगी।उक्त उर्स में काफी संख्या में जायरीन आते हैं। चादर शरीफ का जुलूस निकला जिसमे काफी संख्या में अकीदतमंद शामिल होकर दरगाह पहुंचे और अकीदत का इजहार करते हुए गुलपोशी की। दरगाह पर दिन भर जायरीनों के आने का सिलसिला चलता रहा। वहीं बाद ए नमाजे मगरिब शरीफ खत्म हुआ । इसके बाद महफिलें शमा का आयोजन किया गया।जिसमे कव्वालो ने बाबा की शान में कलाम सुनाकर जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बच्चे और महिलाएं मेले और मेले में लगे झूलों का लुफ्त उठाया।

## सर्राफा की दुकान से उचक्कागिरी

आजमगढ़।जिले के माहुल नगर के खान चौक पर गुरुवार देर शाम एक सर्राफा दुकान से 9 ग्राम का सोने का हार चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरों ने दुकान में मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया और बिना नंबर की स्कूटी से फरार हो गए।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। माहुल के सोमवारी बाजार निवासी रत्नेश सेठ की खान चैक पर सरार्फा दुकान है। गुरुवार को एक युवक और एक महिला बिना नंबर की स्कूटी से दुकान पर आए और अन्य ग्राहकों के साथ बैठ गए।रत्नेश उस समय एक महिला ग्राहक को हार दिखा रहे थे। इसी बीच उचक्कों ने काउंटर पर रखा 9 ग्राम का सोने का हार चुरा लिया और तेजी से फरार हो गए।हार गायब होने पर रत्नेश ने काउंटर की जांच की तो चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें पूरी वारदात कैद थी।इसके बाद माहुल चैकी पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी कुंजी




- राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्ति व शिक्षक दिवस समारोह संपन्न

सोनभद्र। शिक्षक दिवस के अवसर पर रॉबर्ट्सगंज स्थित राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज की अर्थशास्त्र प्रवक्ता श्रीमती संगीता पाण्डेय के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह का आयोजन शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद राम सकल ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं। श्रीमती संगीता पाण्डेय ने न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा दी बल्कि उनके चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके समर्पण और अनुशासन को हर शिक्षक के लिए प्रेरणा मानना चाहिए।विशिष्ट अतिथि सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा शिक्षक दिवस पर शिक्षक के प्रति सम्मान और उनके योगदान को याद करना अत्यंत आवश्यक है। संगीता पाण्डेय ने अपने शिक्षण कार्य में उत्कृष्टता का मानदंड स्थापित किया। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी कुंजी है।आज हम संगीता पाण्डेय जी के विदाई समारोह में उनके योगदान का सम्मान कर रहे हैं।उनके अनुभव और ज्ञान से विद्यार्थियों और सहकर्मियों ने हमेशा लाभ उठाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक अशोक कुमार, आशुतोष सिंह, सूर्य देव राम, दिवाकर सिंह, प्रेम सिंह पटेल, वरिष्ठ सहायक सुजाता सिंह, तथा शिक्षिकाएँ अर्चना सिन्हा, कविता यादव, प्रियंका द्विवेदी, रंजिता सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा। मंच संचालन का कार्य सुरेश चंद्र कन्नौजिया एवं सुनील कुमार राव ने किया।

## 50 शिक्षकों का समारोह पूर्वक सम्मान



जौनपुर। शहर के वाजिदपुर तिराहा स्थित एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शाखा में गुरुवार की देर शाम शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को अंगवस्त्रम, और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि नगर शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि एसबीआई लाइफ के डिप्टी रीजनल मैनेजर मनीष मिश्रा रहे।

इस अवसर पर श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, जो केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि अच्छे संस्कार भी प्रदान करते हैं।वहीं मनीष मिश्रा ने शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही समाज में प्रगति संभव है। संचालन सीनियर एजेंसी मैनेजर राजकुमार सिंह ने किया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सहित 50 से अधिक गुरुजनों को सम्मानित किया गया। अमन श्रीवास्तव, रवि यादव, अर्जुन शर्मा (पत्रकार), आनंद कुमार सिंह (पत्रकार), कृष्णा यादव, महिमा यादव और अमर यादव का योगदान रहा। डिविजनल मैनेजर रवि श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा सरकार में शिक्षकों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहारः रामनिहोर



सोनभद्र। भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र मनाई गई और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं उपस्थित शिक्षकों को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव द्वारा सम्मानित किया गया ।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक ऐसे महान शिक्षक थे जिन्होंने खुद यह सुझाव दिया कि उनका जन्मदिन देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और हर साल 5 दिसंबर को देश के लाखों स्कूलों कॉलेजों और विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है ।इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार हम समाजवादियों द्वारा भी हर वर्ष शिक्षक दिवस मनाया जाता है ।गुरु की कृपा से शिक्षा का ज्ञान से आत्मबोध अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है । बिना गुरु के शिक्षा से कोई आगे नहीं बढ़ सकता है ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमेशा शिक्षकों का सम्मान करने का काम किया है । लेकिन केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिससे शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है और गरीब परिवार के बच्चे अशिक्षित होते जा रहे हैं ।भाजपा सरकार को गरीब के बच्चों से कोई लेना-देना नहीं है वह केवल वोट की राजनीति कर रही है जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और गरीबों की लड़ाई हमेशा लड़ती रहेगी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष इं अजीत कुमार मौर्य ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है शिक्षकों का अनदेखी कर रही है । इस भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है इसलिए हम सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि हम लोग गांव-गांव जाकर गरीब तपके के लोगों को समझने का काम करें कि इस भाजपा सरकार में गरीबों का भला नहीं होने वाला है । संगोष्ठी में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, अनिल प्रधान, अली मुख्तार, कमलेश पटेल, बृजेश पटेल, मंगलम, गोपालन, आशीष कुमार विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, वीरेंद्र बहादुर यादव, जय हिंद सिंह चैहान, राम ललित शर्मा, दशरथ कोल, लक्ष्मीकांत पासवान, विजय नारायण, राजेश्वर कुमार, राकेश कुमार, बद्रीनाथ यादव, राजकुमार मौर्य, आशुतोष गौतम, अभिषेक केसरी, बसंत सिंह, महेश कुमार, सत्यम मौर्य, शिव प्रकाश सिंह उपस्थित थे।

## दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए डॉ.अंकुर पांडेय



आजमगढ़। लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में आजमगढ़ के डा. अंकुर पांडेय सम्मानित हुए। जिससे आजमगढ़ जनपद पुनः एक बार राष्ट्रीय फलक पर गौरवांवित हो उठा। यह सम्मान विवि कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व चिकित्सक शिक्षा राज्य मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह की मौजूदगी में कुलपति डा. संजीव मिश्र के हाथों किया गया।

आजमगढ़ शहर से सटे गांव सलेमपुर, पोस्ट हीरापट्टी के निवासी डा अंकुर पांडेय बचपन से मेधावी के छात्र रहे और उनका लक्ष्य चिकित्सकीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देना था।वे इसी विवि से चिकित्सकीय की डिग्री के लिए अध्ययनरत थे।उन्हें अपने ओरल सर्जरी के विषय में तीसरा स्थान हासिल प्राप्त हुआ।बताते चले कि डा. अंकुर पांडेय के पिता दंत चिकित्सक डा आरपी पांडेय और माता दीपशिखा पांडेय जो कि गृहणी है।

दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने पर सभी के प्रति आभार जताते हुए डा अंकुर पाडेय ने बताया कि दंत चिकित्सा में ओरल सर्जरी का खास महत्व होता है।इसके माध्यम से मुँह, जबड़े, चेहरे और गर्दन के कठोर और नरम ऊतकों से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों और चोटों का निदान और उपचार करने के लिए एक व्यापक क्षेत्र है। जिसमे अध्ययनरत चिकित्सकों को विजडम टूथ निकालने, डेंटल इम्प्लांट्स लगाने, जबड़े की समस्याओं का इलाज करने और चेहरे की चोटों का प्रबंधन करने जैसी जटिल प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल प्रदान करता है। शीध्र ही वे अपने चिकित्सकीय कौशल के माध्यम से लोगों को लाभांवित करेंगे।इस बधाई देने वालों में बृजेश पांडेय, राकेश पांडेय, धीरू सिंह, कमलेश यादव, आशीष मौर्या, शालिनी श्रीवास्तव आदि शामिल रही।

## सर्पमित्र को सांप ने काटा

आजमगढ़।गाजीपुर जनपद के शादियाबाद स्थित मरदानपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सर्प मित्र चंदू कश्यप सर्पदंश का शिकार खरिहानी बाजार स्थित एक क्लिनिक में भर्ती कराया गया।बताते चले कि शादात बाजार स्थित बुढ़नपुर गांव निवासी राजेश राजभर नामक व्यक्ति के घर शुक्रवार को 8 बजे उनके कहने पर सर्पमित्र गोहउँन सर्प (कोबरा) निकालने गए थे, सर्प मित्र ने कोबरा तो पकड़ लिया, डिब्बे में भरते समय बाए हाथ के अंगूठे में बुरी तरह डस लिया।

बावजूद इसके धैर्य व हिम्मत नहीं छोड़ा कोबरा को डिब्बे में भर लिया लेकिन थोड़ी देर बाद बेहोश हो गया।राजेश राजभर ने सर्पमित्र के स्वजन को सूचना दी। स्वजन भी आ गए।ततपश्चात स्वजन ने आजमगढ़ के खरिहानी बाजार स्थित एक क्लिनिक में भर्ती कराया। दूसरी घटना मेंहनगर थाना क्षेत्र कटात चक कटात निवासी शिवचंद्र राम की 17 वर्षीय पुत्री सुषमा गुरुवार को सुबह 7 बजे खाना बनाने के लिए उपला निकाल रही थी।इसी बीच पैर में कोबरा सर्प ने डंस लिया।स्वजन झाड़फुक के चक्कर में जब वह बेहोश हो गई तो आनन फानन में बेहोशी हालत में खरिहानी आशीर्वाद क्लीनिक में भर्ती कराया।इस बाबत सर्पदंश चिकित्सक डा. नरेंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों मरीजों को कोबरा ने डंसा हैं।इलाज चल रहा है।गाजीपुर के मरीज व सर्पमित्र ने डिब्बे बंद कर कोबरा को ले लाया है। वैसे दोनों मरीज खतरे से बाहर हैं। अंत मे श्री पाण्डेय ने बताया कि सर्पदंश के शिकार होने की दशा में मरीज झाड़ फूक के चक्कर में कत्तई न पड़ें।नजदीकी चिकित्सक को जरूर दिखाए, साथ ही जिस स्थान पर सर्प डंसे उसके ऊपरी हिस्से पर जरूर बांधे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ने भगवान गणेश का किया पूजन



मीरजापुर। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने गुरुवार की रात ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मंच पर स्थापित गणेश प्रतिमा का पूजन अर्चन कर स्थानीय लोगों संग आरती उतारी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य रमाकांत पांडेय ने भगवान गणेश का पूजन कराया।

आरती पूजन के पश्चात पंडाल में बड़ी संख्या मौजूद बाजार वासियों को संबोधित करते हुए सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि सनातन धर्म में किसी भी कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ आरंभ होता है।कहा कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान गणेश उत्सव की शुरूआत महान क्रांतिकारी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक द्वारा देशवासियों को आजादी की लड़ाई में एकजुट करने के लिए किया था। पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ने ड्रमंडगंज में गणेश उत्सव मनाने पर उत्सव समिति के लोगों का आभार जताया।इस दौरान कलाकारों द्वारा डांडिया नृत्य,देवी देवताओं की झांकी और भजन की प्रस्तुति की गई।इस दौरान ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह,गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष विकास केशरी,ओम चौरसिया आरएसएस खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी विहिप नेता पिंटू केशरी ओंकार केशरी, धीरज केशरी, संजय सिंह, नवनीत बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## दो श्रम प्रवर्तन अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति

मीरजापुर।सचिव भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश पूजा यादव ने दो श्रम प्रवर्तन अधिकारियों निमेष पाण्डेय व कौशलेंद्र कुमार सिंह को जनपद में नियुक्ति के दौरान अपात्रों को योजना का हितलाभ देने के मामले में दोषी पाए जाने पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की है।

इस आदेश से महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।कार्यालय में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण दुबे भी इस कार्रवाई की जद में है, जिसको जांच अधिकारी द्वारा आरोपित अधिकारियों ने अपने-अपने बयान में दोषी ठहराया है।यह सम्पूर्ण मामला 2021 का है, 2023 में मजदूर नेता व कलमकार मंगल तिवारी ने मजदूरों के हक के लिए आवाज उठाई थी।शिकायत पत्र में उल्लेखित है कि उक्त श्रम प्रवर्तन अधिकारियों ने बोर्ड के नियमों को ताक पर रख कर सिंडिकेट की मदद से अपात्रों के आवेदन को पास किया।प्रमुख सचिव श्रम, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमांण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निर्देश पर नामित जांच अधिकारी ने रिपोर्ट सौंपी। 9 सदस्यीय जांच टीम में वाराणसी, भदोही और जौनपुर के अधिकारी शामिल रहे जिसका नेतृत्व वाराणसी के उप श्रमायुक्त धर्मेंद्र कुमार सिंह ने की थी ? जिसके बाद विभागीय कार्रवाई अपनायी जा रही है।विभागीय सूत्रों की माने तो धांधली बड़े पैमाने पर हुई है, यदि सारे आवेदनों की जांच हुई तो यह प्रदेश के बड़े भ्रष्टाचार में से एक होगा, लेकिन शिकायत मात्र 1072 सूची से संबंधित है।सन 2019-20 से लेकर अब तक विभागीय लोगों द्वारा योजनाओं में लगातार गड़बड़ी की जा रही है।बताते चलें कि श्रम विभाग मिजार्पुर में सन-2021 का दौर ऐसा था जब शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना में हो रही गड़बड़ियों की चर्चा विभागीय कर्मचारियों के बंटवारे को लेकर अनबन के कारण बाहर आयी।शिकायत कर्ता ने जब श्रमिकहित में जानकारी की तो पता चला कि लगभग 1426 में 1072 ऐसे शिशु हितलाभ योजना आवेदनों की जानकारी मिली जिसे लेबर अफसरों ने पास किया था।इस सूची में कुछ को छोड़कर सारे आवेदक या आवेदन बोर्ड के नियमों का पालन नही कर रहे थे, साफ जाहिर है कि योजना में जमकर लूट हो रही है।विभागीय सूत्र बताते हैं कि शिशु हितलाभ के लिए 2022, 23 में किए गए संदिग्ध आवेदनों पर अब जाकर 2025 में, चुन चुन कर भुगतान किए जाने जा रहे हैं। विभागीय लेबर अफसरों ने हद तब कर दी जब 2025 में आवेदन किए गए फर्जी निर्माण श्रमिकों के खाते में भी मई माह में भुगतान करा दिया।इस पूरी गड़बड़ी में सबसे बड़ा कार्यकाल तत्कालीन सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह का है जिन्होंने शिकायतों पर अपनी आंखे मूंदे रखी, यहां यह बताना आवश्यक है कि शिशु हितलाभ योजना में भुगतान की कार्यवाही सहायक श्रमायुक्त द्वारा की जाती है।मीडिया ने 1072 की जांच टीम को जांच के दौरान कटघरे में खड़ा कर दिया था।मीडिया के पूछे गए सवालों ( जिला प्रशासन को खबर किए बिना जांच, जांच के बिंदु, श्रम कार्यालय आए बगैर गेस्ट हाउस में बैठकर जांच, शिकायतकर्ता को सूचना आदि ) का जवाब न तो नामित जांच अधिकारी धर्मेंद्र सिंह के पास था न ही वर्तमान उप श्रमायुक्त मिजार्पुर क्षेत्र पिपरी, सोनभद्र अरुण कुमार सिंह के पास।आश्चर्य की बात यह थी कि इस जांच की जानकारी तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन को भी तब हुई जब सोशल मीडिया में यह मामला वायरल हुआ और डीएम ने सीडीओ से इस बाबत जानकारी मांगी और श्रम विभाग को औंधे मुंह प्रस्तुत होना पड़ा।आरोप लगना लाजमी था कि जांच पूर्णतया निष्पक्ष नहीं था और न है।जांच अधिकारी व विभाग मुख्यालय के उच्चाधिकारी अज्ञात कारणों से अपने विभागीय अधिकारियों को बचाने का प्रयास करने के चलते जांच में खानापूर्ति हो रही है, चूंकि मामला बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का है जिसे जांच टीम भी नहीं पचा पायी।

## डीएम ने किया ओवर ब्रिज के निर्माण स्थल का निरीक्षण



जौनपुर ।जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा जफराबाद- सुल्तानपुर-लखनऊ रेल सेक्शन पर जौनपुर (सिटी यार्ड) उत्तर रेलवे के सम्पार संख्या 09 बी० पर रा०मा०सं०-231 के किमी0 169.10 पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य के कार्यस्थल का औचक निरीक्षण किया गया। सेतु की लंबाई 800.762 मी० और कुल लागत रू0 9222.84 लाख है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राज्य सेतु निगम लि० सेतु निर्माण इकाई, जौनपुर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सेतु निर्माण कार्य पर श्रमिकों की संख्या को बढ़ाते हुए तीव्रगति से निर्धारित लक्षित समयावधि (माह जून, 2026) में गुणवत्तापूर्ण कार्य को सम्पादित कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि इस ओवरब्रिज का निर्माण हो जाने से जनपद वासियों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सकेगी। इस अवसर पर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम जे पी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के भीमपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है।मृतक के गले पर फांसी के फंदे का निशान मिलने से मामला और पेचीदा हो गया है।परिजन इसे आत्महत्या से जोड़ रहे हैं, वहीं युवक की मां ने रो-रोकर पट्टीदारों पर जमीन विवाद के चलते बेटे की मौत का आरोप लगाया है।मृतक की पहचान 22 वर्षीय विशाल उपाध्याय पुत्र संतोष उपाध्याय के रूप में हुई है। रात विशाल की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे भदोही के एक नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की मां का आरोप है कि परिवार में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।उन्होंने पट्टीदारों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया।बताया जा रहा है कि इस विवाद को लेकर मृतक के पिता संतोष उपाध्याय पहले ही मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, आईजी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से शिकायत कर चुके थे।पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।रिपोर्ट आने और लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।गांव में पुलिस तैनात किया गया है।

## समाज की नींव होता है सच्चा शिक्षक

जौनपुर।शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा एक कार्यक्रम में जिले के शिक्षकों को गुरु श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।यह आयोजन नगर के माँ शारदा मैहर वाली मंदिर स्थित धर्मशाला में हुआ। मुख्य अतिथि प्रो.अजय कुमार दुबे द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ0. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षकों के योगदान को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सम्मानित शिक्षकों ने क्रमशः शिक्षक दिवस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. पूनम सिंह जी, डॉ अरविंद सिंह , ऋषि श्रीवास्तव, सुश्री दिव्या सिंह , श्रीमती खुशबू त्रिपाठी , अशोक कुमार यादव , रामानंद विश्वकर्मा , सैयद शम्स अब्बास , श्रीमती गीता कनौजिया ,प्रो. अजय कुमार दुबे ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आधुनिक शिक्षा के प्रभावों पर चिंता जताई।उन्होंने कहा कि ।ज्ञान तो बढ़ रहा है, लेकिन छात्र सोचने-समझने की क्षमता और नैतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं।शिक्षकों की भूमिका सीमित होती जा रही है और विद्यार्थी तकनीक पर अत्यधिक निर्भर हो रहे हैं, जो दीर्घकालीन रूप से हानिकारक सिद्ध हो सकता है। क्लब अध्यक्ष विवेक प्रताप सेठी ने कहा कि ह्लएक सच्चा शिक्षक समाज की नींव होता है, और हम सौभाग्यशाली हैं कि आज ऐसे ही नेशन बिल्डर्स को सम्मानित कर रहे हैं। कृष्ण कुमार मिश्र, डा. एस.के. सिंह, विशाल गुप्ता, संजय जायसवाल, संदीप सेठ जफराबाद, राजेश जावा, मिथलेश अग्रहरी, एवं शहर के प्रमुख शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया यौम-ए -न्नबी का जश्न

जौनपुर ।शहर में यौमुन्नबी के मौके पर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लाह व धूमधाम से मनाया गया। इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म अरब देश के मक्का में 570 ईस्वी में हुआ था। पुरानी




रिवायत के अनुसार जश्ने यौम ए न्नबी का जश्न मछली शहर पड़ाव स्थित शाही ईदगाह से हरी झंडी अरशद खान और निखलेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दिखा कर शुरू हुआ जिसमें विभिन्न अखाड़े अपने-अपने अलग-अलग करतब दिखाते हुए आगे चल रहे थे, वही इस्लामी नजम पढ़ने वाली विभिन्न प्रकार की अंजुमन भी हुजूर की शान में नात पढ़ते हुए आगे बढ़ रही थी, पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया गया था अलग-अलग सजावट कमेटी ने दिन-रात एक करके इस काम को अंजाम दिया था वही कोतवाली के सामने एक कार्यक्रम कौमी यकजहती राष्ट्रीय एकता के नाम पर किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्य में हजरत मुस्तफा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस समय भी उनकी बातों को आत्मसात करना बहुत जरूरी है तभी समाज देश व पूरी दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है ।जुलूस शाही अटाला मस्जिद के प्रांगण में पहुंचा जहां पर देर रात एक जलसे को मौलाना कयामुद्दीन ने संबोधित किया इस प्रकार रात भर पूरे शहर में चहल-पहल बनी रही।

## पीपल के पेड़ से लटका मिला शव, सनसनी

आजमगढ़।शहर कोतवाली क्षेत्र के राहुलनगर मड़या निवासी महेंद्र निषाद उर्फ सुमित (15) पुत्र अच्छेलाल का शव बृहस्पतिवार की देर रात टौंस नदी के किनारे एक मंदिर के पास पीपल के पेड़ पर चादर के सहारे लटकता हुआ पाया गया। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी।मृतक के पिता अच्छेलाल ने बताया कि उन्हें रात लगभग 11:30 बजे आसपास के लोगों से सूचना मिली कि उनका बेटा सुमित पीपल के पेड़ पर लटका हुआ है।जानकारी के अनुसार, सुमित का दोस्त आकाश (16) भी घटनास्थल पर मौजूद था।बताया जा रहा है कि पीपल की डाल टूटने से आकाश नीचे गिर गया और बेहोश हो गया।आकाश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।मृतक सुमित तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है, लेकिन मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं।कुछ का मानना है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है, जबकि अन्य इसे हादसा मान रहे हैं।पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

सोनभद्र। 5 सितंबर 1888 को जन्मे मूल रूप से राधाकृष्णनय्या जो बाद में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के नाम से भारतीय इतिहास में विख्यात हुए, विवेकानंद के परम अनुयाई भारतीय दार्शनिक,राजनेता, शिक्षाविद और भारत रत्न से सम्मानित, भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, सोवियत संघ में भारत के दूसरे राजदूत, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति, तथा आंध्र विश्वविद्यालय के दूसरे



कुलपति का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में कंपोजिट विद्यालय ऊंचडीह,विकासखंड- राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र में बड़े धूमधाम से लायंस क्लब के तत्वावधान में मनाया गया जिसमें शिक्षक दिवस और शिक्षक की गरिमा का विस्तृत विवरण अनेक विद्वानों द्वारा अपने उद्बोधन में दिया गया ।बेसिक शिक्षा परिषद के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत आदर्श शिक्षकों का सम्मान भी किया जिसमें कंपोजिट विद्यालय ऊंचडीह के प्रधानाध्यापक सिंधु दत्त पांडे , अखाड़ा महल के सहायक अध्यापक संदीप कुमार पांडे , प्राथमिक विद्यालय खटौली के सहायक अध्यापक अभिषेक मिश्रा , प्राथमिक विद्यालय बिच्छी की सहायक अध्यापिका साधना सारंग, प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी पहाड़ी घोरावल ब्लॉक की सहायक अध्यापिका अंजू , कंपोजिट विद्यालय ऊंचडीह की सहायक अध्यापिका मुमताज बानो , प्राथमिक विद्यालय ऊंचडीह की शिक्षिका अर्चना ,श्याम श्याम सुंदर प्रभारी प्रधानाध्यापक एआरपी कंपोजिट विद्यालय चननी कोन ब्लॉक ,सहायक अध्यापिका पूनम का सम्मान क्लब द्वारा किया गया गया कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार त्रिपाठी (शिशु तिवारी) ने किया स अतिथियों को ग्राम प्रधान ऊंचडीह अंगवस्त्र एवं द्वारा तुलसी के पौधे प्रदान कर पर्यावरण की शुद्धता पर भी विशेष बल दिया गया ।

# शिक्षक ही समाज का सही मार्ग दर्शक होता है : शलभ मणि



जिला संवाददाता

दिवरिया । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पू०मा०) शिक्षक संघ जनपद देवरिया के तत्वावधान मे सेवानिवृत्त हुवे शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत देवरिया के सभागार में किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि देवरिया सदर

**●शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत शिक्षकों का हुआ सम्मान**

विधायक डा० शलभ मणि,विशिष्ट अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। आये हुवे अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बैज अलंकरण स्मृति चिन्ह, शाल ओढा कर जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, महामंत्री नन्दलाल मण्डल अध्यक्ष अशोक सिंह व मण्डल महामंत्री अशरफ अली खों जिला कोषाध्यक्ष डा० हेमन्त भुक्ला एवं समस्त ब्लाकों के अध्यक्ष मन्त्री, कोषाध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया । उच्च प्रा०वि० मुकुन्दपुर के छाताओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा० शलभ मणि विधायक देवरिया सदर विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी देवरिया प्रत्यूष पाण्डेय, वित्त एवं लेखाधिकारी देवरिया मदन मोहन द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षको/ शिक्षिका बहनों का सम्मान माल्यार्पण, अंग वस्त, शाल व स्मृतिचिन्ह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक देवरिया डा० शलभ मणि ने कहा कि हमारा शिक्षक समाज से बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध है। मेरे पिता जी. बहन, भाभी सहित अनन्य लोग शिक्षक हैं।

शिक्षक समाज का आइना होता है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। सेवानिवृत्ति तो सरकारी नियम व कानून की कडी होता है 62 वर्ष की अधिवर्षता पूर्ण कर सरकारी बन्धन से मुक्त होजाता है समाज के सृजनकर्ता गुरुजनों के सामाजिक सम्मान हेतु समस्त पुरोधाओं द्वारा शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की जो व्यवस्था की गई है उस व्यवस्था को उत्कृष्ट रूप देने के लिए आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद। ये कार्यक्रम मेरा अपना कार्यक्रम प्रतीत होता जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी देवरिया ने कहा कि सरकारी नियमों न आदेशों व शासनादेशों का पालन आप द्वार पूर्ण मनोयोग से किया जा रहा है । अपने का निवहन पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से की जा रही है। । एक शिक्षक शिक्षण कालांग के अतिरिक 8 घण्टे कार्य करता है यही एक शिक्षक का गुण है। एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण आपके द्वारा ही सम्भव है। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज को एक सीख मिलती है। जो सभ्य समाज और भारतीय संस्कृति का परिचायक के रूप में उद्वलित होता है। शास्तों में इसका वर्णन निहित है। प्रदेश के मुख्यमंती / प्रदेश सरकार शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित है। उनका निवारण स्वयं प्रदेश के मुखिया संज्ञान में लेते हैं और त्वरित निवारण करते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया ने कहा कि शिक्षक जिले में सरकारी संसाधन के अतिरिक्त अपने निजी फण्ड/धन से विद्यालयों में खर्च कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं साथ ही नवनि ?हालों का जीवन सुधार रहे हैं। जनपद से कुल 54 शिक्षक सेवानिवृत्त हुवे हैं जिनका सम्मान उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक देवरिया डा० शलभ मणि, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी देवरिया प्रत्यूष पाष्डिय, रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, वित्त एवं लेखा -धिकारी देवरिया मोहन-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया शालिनी श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी देसही देवरिया गोपाल मिश्ररहे। है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाशय मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ देवरिया व संचालन सुनील त्रिपाठी ने की। आये सभी अतिथियों व शिक्षको का स्वागत अपने उद् ?बोधन में जिलाध्यक्षा विनोद कुमार सिंह, महामंत्री नन्दलाल, मण्डल अध्यक्ष अशोक सिंह मण्डल महा मंत्री अशरफ अली खाँ, डा० हेमन्त शुक्ल व बरिष्ठ उपा० नरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में कृपानारायण सिंह, बृजेश राय सहित आये हुवे अतिथियों का स्वागत समस्त ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री कोषाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यो / पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामनिवास सिंह, मु०जैश, रसीद अहमद, उदय प्रताप सिंह, रईश अहमद, महिमा प्रसाद, मनोहर सिहं वीरेंद्र मिश्र रोशन आरा खातून, गायत्री सिंह. माया राय, कृष्ण प्रताप सिंह ओम प्रकाश जायसवाल, श्रीनिवास मिश्र, लल्लन सिहं, शैलेन्द्र सिंह, आनन्द श्रीवास्तव, मारकण्डेय सिंह, इन्द्रसेन गुप्ता आफताब आलम, अमरनाथ, साहब लाल पटेल, अनिल सिंह, नन्द प्रकाश, रामकृपाल, वीरेन्द्र सिहं, नसीरुद्दीन, नसीम अहमद, प्रताप, रामनिरंजन, आंकेश्वर सिंह, राकेश श्रीवास्तर?पज्योति गिरि, रणजीत मल्ल, मिथिलेश देवी, जयदीप सिंह, नरेन्द्र कुशवाहा, अशोक कुमार, विशाल गुप्ता, शान्ती चौरसिया अवधेश मौर्या, रामदयाल सिहं, कृष्ण प्रताप सिहं, रामानन्द यादव , साफिया खातून, सुमन मिश्र, विपिन मिश्र, विनोद तिवारी नीरज शर्मा, मु०रफीक अंसारी, राजीव मिश्र पारसनाथ सिंह, तेजप्रताप सिंह , स्वना पाण्डेय, संतोषी सिह कुमुद श्रीवास्तव, शाइस्ता, उषा यादव, वीरेन्द्र लाल, विनय द्विवेदी उपेन्द्र भुप्ता, विनोद पाडेय, राजेश यादव, फरहान खान, मु० मेराज, विनोद निगम सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

## वात्सल्य वैली में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस -

देवरिया । नगर पंचायत बैतालपुर के बरारी स्थित वात्सल्य वैली प्री स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान जिले के जाने-माने शिक्षक, पत्रकार जगदीश नारायण श्रीवास्तव को शिक्षा रत्न से नवाजा गया। साथ ही वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षक दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला और जे एन लाल श्रीवास्तव की सेवाओं को रेखांकित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में शिक्षक ,अभिभावक ,पुरातन छात्र ,ग्रामीण उपस्थित रहे । इसके पूर्व स्कूल के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य पौहारी शरण राय, डा.अमरनाथ पांडेय, भाजपा नेता विश्वनाथ मणि, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, भगवान मणि, वेद व्यास मणि, सुभाष श्रीवास्तव, कपिलमुनी तिवारी, कपिल मुनी मणि ने विचार रखा। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम का समापन डायरेक्टर धनंजय मणि ने किया। इस दौरान मैनेजर घनश्याम पति त्रिपाठी, पत्रकार अम्बरीष मणि, सलोनी मणि, शिक्षिका रुखसार, पल्लवी, पारुल, प्रतिभा सिंह, प्रतिभा, खुशबू, मेड कालिंदी, संध्या आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




## 17 से 2 अक्टूबर तक भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा

देवरिया । क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी जिसके निमित्त विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के ऐसे पहले नेता हैं जो अपना जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में देश के नागरिकों की सेवा करते हुए मानते हैं । उन्होंने बताया कि पखवाड़े भर चलने वाले इस अभियान में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और गरीब वर्ग तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कुल 17 प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक रूप से शामिल होना है । पंचायत चुनाव के जिला संयोजक व जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर 8 सितंबर को दो संयुक्त कार्यक्रमों की जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें ब्लाक संयोजक, मंडल संयोजक, वार्ड संयोजक तथा सभी पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता गण सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे । सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे को जिला संयोजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय अंकुर, गिरिजेश सिंह, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, तथा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया को सह संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है तथा अनूप राय को पंचायत चुनाव के निमित्त सह संयोजक बनाया गया है। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, डा अर्चना पांडे, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, आराधना पांडे, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह सैंथवार, ब्रजेशधर दुबे, योगेश प्रजापति, सुशील सिंह, धनवंत सिंह, यशवंत शाही सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं मे एक ज्ञात व चार अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। निकटवर्ती बरियारपुर थाना मे भटनी थाने के एक ज्ञात व चार अज्ञात लोगो पर जानसे मारने सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज हुआ है ।इस सम्बन्ध में बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज भटनी के संस्थापक प्रबन्धकएवं ग्राम महुई थाना बरियारपुर निवासी कैप्टन जयराम यादव द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि बहादुर यादव कालेज आफ फामेर्सी का निर्माण कार्य हो रहा था ।उस समय मेरे साले अजय कुमार यादव की देखरेख मे कार्य हो रहा था ।अपने चचेरे भाई से चार लाख रुपया व एक लाख रुपये लेकर मशीन मंगवाये थे ।कार्य सम्पन्न हो जाने के बादचेक के माध्यम से पाँच लाख रुपये का चेक अपने चचेरे भाई को वापस करने के लिए दिया थे ।उस चेक को कुटरचित ढंग से अपने खाते मे आहरण करवा लिए । मेरे साले भटनी थाने के ग्राम मडपही के निवासी है ।उस रुपये के माँगने पर पिछले 14अगस्त को रात्रि आठ बजे के लगभगघरेलुसामान खरीदने के लिए बैकुंठपुर बाजार आया था ।रामचन्द्र चाय वाले के दुकान पर खडा था ।उसी समय अजय कुमार यादव अपने चार अन्य साथियों के साथ आकर जानसे मारने की धमकी के साथ पुरे परिवार को जान से मारने की धमक देते हुए भद्दी भद्दी गाली देने लगे । पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 316(4)352व 351(3)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के आधार : सांसद शशांक मणि त्रिपाठी



जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर ब्लाक के ग्राम मधुरिया स्थित पावानगर सेंट्रल स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। चीफ गेस्ट क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि बिना शिक्षक के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षक केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि देश की नींव को सुदृढ़ बनाते हैं। वे विद्यार्थियों में विचार, चरित्र और आत्मबल का निर्माण करते हैं, जो आने वाले राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करता है। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक वह हस्ती है, जिसकी गोद में प्रलय और निर्माण दोनों खेलते हैं। वह प्रतिभाओं को गढ़ता है और भविष्य की नींव रखता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मण्डल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षक की भूमिका को युग निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें समाज की रीढ़ बताया। समारोह में क्षेत्र के बरिष्ठ एवं अवकाश प्राप्त शिक्षकों रामायन पांडेय, सुरेश राय, घरभरन गुप्ता, कृपाशंकर चौबे, मुन्ना मिश्र, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त सुनील त्रिपाठी सुमन को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं समीक्षा सिंह, सात्विक पांडेय, सक्षम जायसवाल, परी जायसवाल, सोनम यादव, पीहू कुमारी, नाफि जा खातून, ऋद्धि-सिद्धि आदि ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संजू सिंह ने से किया। विद्यालय प्रबंधक अशोक जायसवाल ने आए हुए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक आकाश अग्रहरी, राजेश्वर द्विवेदी, संध्या शाही, अनुष्का पांडेय, अमृता तिवारी, महेंद्र उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, सांसद पीआरओ प्रिंस चतुर्वेदी, भाजपा नेता मनोज चौबे, कुलदीप उपाध्याय, कृष्ण कुमार उपाध्याय, राणा प्रताप मिश्र, नीलेश उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, ग्राम प्रधान नागेंद्र गुप्ता, पूर्व ग्राम प्रधान विनय तिवारी, छात्र नेता बलराम जायसवाल, राना सिंह, योगेन्द्र कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## समारोहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

भटनी नगर (हरि कीर्तन मोहल्ला) स्थित प्रिंस पब्लिक विद्यालय में 5 , सितंबर, शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस शिक्षक दिवस को विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा केक काटकर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने, छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को आज के युग में भी प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके प्रयासों को याद किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपक यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के प्रथम उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति थे, वह भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षा विद, महान दार्शनिक एवं महान विचारक थे।इस अवसर पर विद्यालय के अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहे।

# रील बनाने के चक्कर में महिला समेत दो छात्रों की मौत

जिला संवाददाता

देवरिया। शहर में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। एक बाइक पर सवार होकर रील बना रहे तीन छात्रों ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। महिला को टक्कर मारने के बाद बाईक अनियंत्रित होकर एक खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और

**●ट्रक से टकराकर दो हिस्से में बटी बाइक**

महिला समेत तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस लोगों के सहयोग से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां महिला समेत दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि तीसरे किशोर की हालत गंभीर बनी है। हादसा देवरिया कुशीनगर मार्ग पर हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक किशोर ने नयी बाईक खरीदी थी और वह अपने दोस्तों के साथ बाईक से रील बनाने निकला था। महिला को टक्कर मारने के बाद ट्रक से टकरा गई बाइक देवरिया कुशीनगर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह शहर के वार्ड नंबर 9 पिड़रा निवासी किशन चौहान 17, अपने दोस्तों राघवपुर वार्ड नंबर 1 निवासी अनूप 16 पुत्र पिंटू और राज 17 के साथ अपाची बाईक से रील बना रहे थे। देवरिया कसया रोड का ओवरब्रिज पार करने के बाद तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क पार कर रही सिंधी मिल कॉलोनी निवासी मुन्नी 40 पत्नी पारस को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाईक एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला समेत दो छात्रों की मौत टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि अगल बगल के लोग घरों से बाहर निकल गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से सभी घायलों को ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवाया।

जहां चिकित्सकों ने मुन्नी देवी, अनूप व किशन को मृत घोषित कर दिया। जबकि राज की हालत गंभीर बनी है। तीनों किशोर हाई स्कूल के छात्र थे। इस घटना के बाद कोहराम मच गया। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां महिला समेत दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

## संस्कार-संगम की शिक्षक दिवस पर परिचर्चा




कुशीनगर। परंपरागत मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से कार्यरत अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्था संस्कार-संगम द्वारा रविवार को नगर के चित्रतुली मोहल्ले स्थित डॉ. अंबरीश विश्वकर्मा के आवास पर शिक्षक दिवस पर परिचर्चा आयोजित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त प्रवक्ता सुरेश गुप्त ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं। वे ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों की शिक्षा देकर समाज को समृद्ध बनाते हैं। लब्ध प्रतिष्ठित कवि दिनेश तिवारी ह्वभोजपुरियाह्ल ने कहा कि ॠशिक्षक समाज की वह नींव हैं जिन पर सभ्यता और संस्कृति टिकी हुई है। डॉ. अंबरीश विश्वकर्मा ने कहा कि ॠशिक्षक दिवस हमें यह स्मरण कराता है। श्रीमती किरण जयसवाल ने कहा कि ॠगुरु का स्थान सबसे ऊँचा है। अध्यक्षता कर रहे कृष्णमुरारी धर द्विवेदी ने कहा कि ॠगुरुजनों का सम्मान करना समाज का परम कर्तव्य है। संचालन करते हुए शिक्षक राजू मद्धेशिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन सामूहिक गुरु वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर राम नारायण जायसवाल, रमेश मद्धेशिया, अमित मिश्रा, पवन गुप्ता, धीरज जायसवाल, मनोज सिंह, विवेक विश्वकर्मा, सुभाष मद्धेशिया सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने की बुद्ध वंदना

जिला संवाददाता

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन और बौद्ध तीर्थ कुशीनगर पहुंचे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शांति, करुणा, मैत्री के उपदेशक भगवान बुद्ध का दर्शन पूजन किया और चीवर चढ़ाकर देश की खुशहाली की कामना की। शुक्रवार को बुद्ध स्थली पहुंचे कर चीवर चढ़ाया। बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज के एनसीसी कैप्टन वेद प्रकाश मिश्रा और गाइड डॉ अभय कुमार राय ने उन्हें कुशीनगर के पुरातात्विक, ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराते हुए बुद्ध के निर्वाण स्थल, अंतिम उपदेश स्थल, अंतिम संस्कार स्थल आदि की जानकारी दी। श्री चौहान गोरखपुर में गुरुवार को गोरखा रेजिमेंट के शताब्दी समारोह में भाग लेने आए



सीडीएस जनरल अनिल चौहान सबसे पहले थाई मंदिर पहुंचे जहां अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश कटियार ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य थाई मंदिर पहुंचे और बुद्ध की दर्शन किया। प्रमुख भंते डॉ पी सोम पोंग के निर्देशन में थाई भंते फ्रा सों क्रान और ने बुद्ध की प्रतिमा, कलम डायरी, और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में सीडीएस जनरल श्री चौहान मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और भिक्षुओं के बुद्ध वंदना के बीच बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन हुए थे। यहां भंते यशपाल ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम डॉ संत राज बघेल, सीओ कुंदन सिंह, मेजर ध्रुवा बहादुर खत्री, आई पी एस अरुण कुमार एस, नायब तहसीलदार संदीप कुमार, चौकी इंचार्ज कुशीनगर गौरव कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि, लेखपाल निलेश रंजन राव, डा. संजय कुमार सिंह, थाई मंदिर से अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, सूरज यादव, गौतम शर्मा, विवेक कुमार गोंड आदि सहित सेना, पुलिस, पर्यटन पुलिस, चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहे।

# मोहब्बत के पैगाम के साथ निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



कुशीनगर। जुबां पर अमन के तराने और हथेलियों में दुआओं की शक्ल हो तो पैगम्बर हजरत मोहम्मद की आमद का दिन और भी खास हो जाता है। क्योंकि यही इस्लाम की ताकत और पहचान है। उक्त बातें

**●जुलूस का बड़ी संख्या में लोगों ने किया इस्तकबाल, बांटी मिठाइयां**

महासोंन बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना तौकीर आलम ने कही। वह शुक्रवार की सुबह महासोंन से ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को रवाना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस्लाम इंसानियत, हक-हकूककी हिफाजत का नाम है।इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए 571 ईसवी की तीसरी ईद अर्थात बारह तारीख अव्वल को हजरत मोहम्मद की पैदाइश हुई थी। मौलाना ने सभी से देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करने के साथ आपसी सौहार्द को और मजबूत करने पर बल दिया। इसी प्रकार बसडीला पांडेय, महुअवा कारखाना में हजरत मोहम्मद की पैदाइश की खुशी में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग हाथों में इस्लामी झंडा के साथ तिरंगा ले रखे थे, और नबी के नारे लगा रहे थे। जुलूस शेखवा टोला, लाला गुरुवालिया, महासोंन बड़ी मस्जिद से होता हुआ बसडीला जामा मस्जिद, रावतपार, डिग्री, महासोन, से पुनः लाला गुरुवालिया आकर जुलूस समाप्त हुआ। रास्ते में फूलों से, चमकीले कागजों से, झंडा, पतंगियों क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह जगह जलपान की भी व्यवस्था की गई।

?? सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित किए हिन्दू समाज के लोगः-

शेखवा टोला लाला गुरुवालिया के आयोजकों ने मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर हिन्दू समाज के शिक्षक सुनील कुमार सुमन, राजन शुक्ला, हरिकेश यादव ग्रामप्रधान, सियाशरण पाण्डेय, गौतम लाल प्रसाद, अंशुमान त्रिपाठी, छात्र नेता सुनील आर्या, धनेश गौतम, रामाज्ञा प्रसाद आदि को सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित किया।

## सरकार की आमद मर्हबा के नारों से गूंजा नगर और क्षेत्र

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बारह-रवी-उल-अव्वल ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम से भव्य जलूस निकाल कर मनाया गया ईमाम चौक बड़ी मस्जिद से जुमे की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईमाम चौक से भव्य जुलूस निकालकर सरकार की आमद के खुशी में एक दूसरे को बधाई दिया ।जुलूस रामलीला मैदान से होकर गांधी चौक होते हुए मेन रोड से 116 नम्बर समपार फाटक से हतवा गाँव पहुँचा जहाँ हतवा गाँव के लोगो ने भव्य जुलूस का स्वागत किया और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया ।इसके उपरांत जुलूस दक्षिणी रेलवे सड़क से होकर नूरीगंज बाजार में पहुंचा जहाँ जुलूस का स्वागत नूरीगंज के लोगो ने मिष्ठान व जलपान कराकर किया। नूरीगंज में दूसरे समुदाय के लोगों ने गंगा जमुनी की मिशाल पेश करते हुए जुलूस का स्वागत किया और साथ ही बढ़चढ कर हिस्सा लिया ।जिसमें मुख्य रूप से अब्बास अली, तैयब अली,इरशाद अहमद, जलील अहमद रमजान अली, मुश्ताक अहमद, महबूब आलम,शमशाद अली, अख्तर हुसैन सहित सहदेव मद्देशिया, बिशम्भर बरनवाल, मुन्ना मद्देशिया, नन्द जी मद्देशिया, हरिजी मद्देशिया, पवन मद्देशिया पूर्व सभासद, राजन मद्देशिया, संदीप मद्देशिया आदि लोग मौजूद रहे ।जुलूस देर शाम नूरीगंज से केवड़ा होते हुए हरिकर्त्तन मोहल्ला से ईमाम चौक बड़ी मस्जिद पर जाकर खत्म हुआ ।जुलूस में मुख्य रूप से बडी मस्जिद के ईमाम खुशलोद रजा दिलशाद अहमद, रोशन जमीर अब्दुल्लाह मंसूरी नूर आलम अख्तर हुसैन शमशुद्दीन, गुड्डू अंसारी रेयाज अहमद रईस अन्सारी सोबरती निजामुद्दीन कलीम अहमद रूमी निजामी अनीश रजा रमीज रजा सलीम अली आदि लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया ।इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारह- रवी-उल-अव्वल के पावन पर्व पर बड़े ही धूमधाम से जलूस निकालकर मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से रजवल परसौनी खोरीबारी मिश्रौली चाँदपार सहित भरहेचौरा के लोगों ने बढ़चढ कर जुलूस में हिस्सा लिया।

## लोक अदालत का आयोजन 13 को

कुशीनगर। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि 13 सितंबर दिन शनिवार को दीवानी न्यायालय कुशीनगर, वाह्य न्यायालय कसया कुशीनगर एवं जनपद के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में किया जा रहा है ।उन्होंने जनपद के समस्त अधिवक्ता एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करायें। साथ ही ऐसे वाद जो न्यायालय में दाखिल नही किये गये है, उनको प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारित करावें। राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकरी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## पत्रकार हितों को लेकर संगठन सतत जागरूक : नागेंद्र नाथ

देवरिया । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक रुद्रपुर स्थित डीएन इंटर कॉलेज के सभागार में जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में स्थाई समिति के गठन ,पत्रकारों के सामूहिक बीमा कराने, जिला सम्मेलन करने आदि मुद्दों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। संगठन को सशक्त व सक्रिय बनाने ,अक्टूबर माह में जिला सम्मेलन करने और पत्रकारों का सामूहिक बीमा करना आज बिंदुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के अतिरिक्त रुद्रपुर तहसील के पदाधिकारी सदस्यों ने भी भाग लिया ।जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि पत्रकार साथियों के सुरक्षा व सम्मान को लेकर संगठन सतत जागरुक है ।।प्रदेश उपाध्यक्ष कप्तान वीरेंद्र सिंह ने जिले में एक भव्य जिला सम्मेलन करने के लिए सभी सदस्यों से अपील किया। पूर्व जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय ने संगठन में आपसी सहयोग और अनुशासन के साथ-साथ तहसीलों में नियमित बैठके करने की अपील किया ।जिला महासचिव डॉक्टर हरिशचंद्र मिश्रा ने आगामी सम्मेलन के लिए तहसीलों में बैठकर इसकी तैयारी की अपील तहसील अध्यक्षों तथा सदस्यों से की ।बैठक को पूर्व महासचिव प्रेमचन्द मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष रामनवल सिंह ,राजेंद्र सिंह केपी गुप्त ,जिला संगठन मंत्री अवध नारायण मिश्रा, मंडल पदाधिकारी सुरेंद्र देव मिश्र ,डॉ अजय बरनवाल ,जिला मंत्री मनोज भारती ,तहसील अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, मणीन्द्र नारायण उर्फ मोनू सिंह सिंहासन यादव, श्रवण कुमार गुप्त आदि ने बैठक को संबोधित कर लिए गए ।

संक्षेप

## एसडीएम ने ग्रामों का किया भ्रमण

सीतापुर। उपजिलाधिकारी लहरपुर ने बताया कि तहसील लहरपुर जनपद सीतापुर में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के तटवर्ती ग्रामों में शारदा नदी का पानी आबादी के समीप पहुंचने के सम्बन्ध में नदी के किनारे स्थित ग्रामों का भ्रमण किया गया है। जिसमें ग्राम महारी करिन्दा, मझरी मासिन एवं मद्वारी सुन्दर, बेलवा डिंगरा का भ्रमण अशोक कुमार नायब तहसीलदार लहरपुर द्वारा किया गया है। ग्राम मझारी करिन्दा व ग्राम बेलवा डिंगरा में आबादी के निकट पानी आ गया है। उपरोक्त ग्रामो में किसी भी मकान में पानी घर के अन्दर में प्रवेश नहीं किया है। ग्राम मझारी करिन्दा की आबादी चारों तरफ पानी से घिर गई है एवं ग्राम को जाने वाले मुख्यमार्ग में जलभराव हो जाने के कारण आवागमन बाधित है। ग्राम मझारी पासिन में लगभग 40 परिवारों के मकान पानी से घिरे हुये है। दीनानाथ यादव नायब तहसीलदार तम्बौर द्वारा ग्राम तम्बौर, बिसवां खुर्द पर शारदा नदी से आयी बाढ़ के पानी को निकालने हेतु नगर पंचायत तम्बौर के सहयोग से नाला खुदवाकर पुलिया की सफाई करायी गयी है। मनीष कुमार त्रिपाठी तहसीलदार लहरपुर द्वारा ग्राम बेरती, बेलया गौहनिया एवं परवतपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। जिसमें बेलवा व बरेती की पूर्ण आबादी शारदा नदी के जलस्तर बढ़ने पूर्णतयः प्रभावित है। ग्राम परवतपुर में 15 घरो में शारदा नदी का जलस्तर से बढ़ने से प्रभावित है। मेरे द्वारा ग्राम इच्छा, खानामडोर, रायमठोर, औरीशाहपुर व पुरनसरांय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें उपरोक्त ग्रामो के एक भी पक्के मकानो में पानी नहीं पाया गया है। आबादी के अन्दर अभी पानी प्रवेश नहीं किया है।

## हॉकर नफीस बेग का निधन, पत्रकार जगत ने जताया शोक

सीतापुर। कस्बे में पिछले 25 वर्षों से अखबार वितरण सेवा में लगे नफीस बेग का अचानक आए बुखार से निधन हो गया। नफीस बेग ने अपना पूरा जीवन अखबार बेचने और लोगों तक समाचार पहुंचाने के कार्य को समर्पित कर दिया। परिवार में उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार जगत और हॉकर समुदाय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नफीस बेग ईमानदारी और लगन के साथ हर सुबह घर-घर समाचार पहुंचाते थे। उनका जाना कस्बे के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रवि जायसवाल, पुतान, अंकित गुप्ता, अनुजेश सिन्हा, जयमल सिंह, कुलदीप जायसवाल, प्रकाश शुक्ला, रामू कनौजिया, उमेश जायसवाल सहित कई पत्रकार और साथियों के नाम शामिल हैं।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

सिधौली (सीतापुर)। अज्ञात कारणों के चलते बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली इलाके के खेरवा मजरा खरवलिया निवासी श्रीराम 60 पुत्र पोहकर ने गांव के बाहर आम के पेड़ में प्लास्टिक रस्सी के सहारे अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि श्रीराम की शादी नहीं हुई थी उनके कोई नहीं था जमीन भी नहीं थी। सिर्फ रहने के लिए एक कमरा था और गुरुवार को शाम से घर से गायब था किसी को नहीं दिखा। शुक्रवार को सुबह जाब गांव के ग्रामीण बाहर के लिए निकले तो देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम

पाटन, उन्नाव। बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय सुमेरपुर उन्नाव में शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिक्षक दिवस के अवसर पर बीएड ,डीएलएड बीसीए, बीबीए बीपीएड एवं अन्य संकाय के छात्र-छात्राओ ने सर्वप्रथम शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र में माल्यार्पण कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तदोपरांत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तुनीरा भदौरिया एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया।

# गुरु से बढ़कर संसार में कोई नहीं: मनोज



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर सुशीला मोंटेसरी स्कूल आनंद नगर सीतापुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं महान शिक्षाविद भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

मुख्य अतिथि को विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र तिवारी के द्वारा गणेश जी की मूर्ति देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों के द्वारा बच्चे मन के सच्चे जीत पर डांस किया तथा बच्चों के द्वारा गुरु महिमा पर भी एकांकी प्रस्तुतकी एवं केक काटकर बच्चों के द्वारा अपने गुरुओं एवं साथियों को केक खिलाया गया। कार्यक्रम को संबंध करते हुए मुख्य अतिथि अपने सभी शिक्षकों छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गुरु से बढ़कर संसार में कोई नहीं है। जैसा की लिखा भी है गुरु और गोविंद दोनों सामने खड़े हैं तो हमें पहले किसको प्रणाम करना चाहिए गुरु ने हमको भगवान तक पहुंचाने का मार्ग दिखाया। इसलिए गुरु को पहले प्रणाम करना चाहिए गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। छात्र की प्रथम गुरु मां होती है और दूसरी गुरु जो शिक्षा प्रदान करते हैं। इसलिए गुरु का महत्व इस संसार में बहुत बड़ा है। कार्यक्रम में कार्यक्रम आयोजन में विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जनपद में प्रथम श्रेणी में विद्यालय का नाम अंकित होगा। विद्यालय में अध्यापकों के द्वारा बहुत ही अच्छी शिक्षा दी जा रही है। अंत में आए हुए सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि हमारे विद्यालय में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथिगण हमारे बीच में उपस्थित हैं। सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद व्यापित करता हूं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाले छात्रों एवं अध्यापकों अध्यापिकाओं को सम्मानित भी किया गया।

## शिक्षक दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

जिला संवाददाता(vol)




बिसवां नगर (सीतापुर)। विकासखंड बिसवां के अजीम मेमोरियल नेशनल पीजी कॉलेज बेनीपुर में गुरुवार को शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक शिक्षक ही राष्ट्र निमार्ता हैं। जिसके निर्णायक डॉ फिदा हुसैन अंसारी पूर्व उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग अध्यक्ष व देवी शंकर बाजपेई पूर्व प्रवक्ता एसजेडी इण्टर कॉलेज बिसवां, उषा अवस्थी सहायक प्रधानाचार्या कृष्णा देवी इण्टर कॉलेज बिसवां तथा संदीप वर्मा प्रधानाचार्य अमर ज्योति शिक्षण संस्थान भागीपुर आदि थे। इस निर्णायक मण्डल ने निकहत फातिमा बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा को प्रथम स्थान व सुभाषिनी बीए सेकंड ईयर को द्वितीय स्थान व अलका बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

# शिक्षक कर्मचारियों ने उपवास रखकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की




- शिक्षक दिवस पर पीएसपीएसए अध्यक्ष ने अटेवा के उपवास का समर्थन किया

उन्नाव। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अटेवा/ एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर विकास खंड औरास के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने एक दिन का सामूहिक उपवास रखकर सरकार से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने की जोरदार मांग उठाई। ब्लॉक संयोजक प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक एवं बुढ़ापे का सहारा है सरकार से बिना देरी किए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।

उपवास कार्यक्रम में उपस्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री संजय शुक्ल ने पुरानी पेंशन का समर्थन करते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। पीएसपीएसए के जिला एवं मांडलिक महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा ने आज औरास के शिक्षक कर्मचारियों के उपवास को लेकर कहा कि देश में जनप्रतिनिधि कई कई पेंशन ले रहे हैं और वहीं, शिक्षक कर्मचारियों को सरकार पुरानी पेंशन देने से भी कतरा रही है। प्रदीप ने एनपीएस और यूपीएस जैसी छलावा वाली योजनाओं का विरोध किया। कार्यक्रम में मोहम्मद सुफियान महामंत्री अटेवा, विनोद कुमार, राकेश बघेल, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष उमेश चंद, शिव स्वरूप, उमेश तिवारी, इम्तियाज अली, अनूप, प्रतीक्षा, संध्या, अजय, धर्मेंद्र सिंह, अंजू, रामनाथ मौर्य, प्रेम शंकर, मनीष, बृजेश, नेहा, रेखा, रहीसुल गौहर, संतोष आदि ने शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली हेतु एक दिन का उपवास रखा। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी और जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने अटेवा को अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही। अमित तिवारी ने कहा कि संघर्ष के इन क्षणों में हम किसी दबाव को मानने को तैयार नहीं और अगर आवश्यता पड़ी तो संगठन एक साथ मिलकर विधानसभा का घेराव कर इस आंदोलन को मजबूती देंगे।

## नवदिवसीय गणेश उत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

हिलौली, उन्नाव। जिले के हिलौली ब्लॉक क्षेत्र के गांव लउवा में नौ दिवसीय श्री गणेश उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में मौरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ



मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

विवेक सेठ ने पूजा-अर्चना के बाद कहा कि श्री गणेश हमारे इष्ट देवता हैं। उन्होंने बताया कि सभी शुभ कार्यों में भगवान गणेश का आवाहन आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजक विनोद दीक्षित ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि दसवें दिन भंडारे का आयोजन होगा। ग्यारहवें दिन मूर्ति विसर्जन भवरेश्वर महादेव मंदिर में किया जाएगा। यह मंदिर उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ तीन जिलों की सीमा पर स्थित है। पूर्व भाजपा विधायक प्रतिनिधि उत्तम चंद्र लोधी ने कहा कि भगवान गणेश हम सबके कण-कण में विराजमान हैं। कार्यक्रम में राजू सिंह कोदिया, सोनू सिंह, महेंद्र सिंह, कुलदीप अवस्थी, गौरी शंकर सिंह और नितिन डॉक्टर समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## जिला अस्पताल में आधे समय चली ओपीडी



उन्नाव। शुक्रवार को बारावफात की छुट्टी की वजह से जिला अस्पताल में ओपीडी दोपहर 12 बजे तक ही चली। मरीज कम होने से डॉक्टर भी खाली बैठे रहे पर्चा काउंटर 11:30 बजे बंद हो गया। शुक्रवार को लगभग 811 मरीजों ने पर्चा बनवाकर डॉक्टर को दिखाया। शुक्रवार को अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी कम रही। इसमें पर्चा काउंटर, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी में भीड़ नहीं रही। डॉक्टरों ने 12 बजे तक मरीजों को देखा और दवा व रोगों से बचने की सलाह दी। कुछ डॉक्टर मरीज न होने से 11:30 बजे ही अपने कक्ष से उठ गए थे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव के पास 113 बच्चे वायरल फीवर से परेशान पहुंचे। वहीं फिजिशियन डॉक्टर कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया बुखार और सांस लेने के मरीजों की संख्या बढ़ी है। और मरीजों को सलाह दी ज्यादा मसालेदार, तली-भुनी खाने की चीजों का इस्तेमाल कम करें और पानी अधिक पीएं।

## 23 वें रक्तदान शिविर का आयोजन

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग के विकासखंड सुमेरपुर में कार्यरत विज्ञान शिक्षक अक्षय कटियार ने अपना 23 वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संकल्प सेवा समिति द्वारा मधुलोक अस्पताल, किदवई नगर, कानपुर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुलोक अस्पताल के डॉ लोकेश सिंह थे शिक्षक दिवस पर आयोजित विशेष रक्तदान शिविर के अवसर पर उन्होंने शिक्षकों द्वारा समाज में दिए जा रहे योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की रक्तदान शिविर में कई शिक्षक, भूतपूर्व सैनिक, पुलिसकर्मी एवं समाजसेवी शामिल हुए इससे पूर्व भी जनपद उन्नाव में संकल्प सेवा समिति द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में जनपद उन्नाव के 50 शिक्षकों प्रतिभाग किया था संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान है रक्त की आवश्यकता पड़ने अध्यक्ष श्री संतोष सिंह जी द्वारा प्रतिदिन कई लोगों की मदद की जाती है। अक्षय कटियार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री है अक्षय कटियार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पादप विषाणु रोग विभाग में रिसर्च विद्यार्थी भी रहे हैं उनके द्वारा कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं बेसिक शिक्षा में आने के पश्चात उन्होंने शोध कार्य को जारी रखा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष




संजय कुमार कनौजिया ने शिक्षक अक्षय कटियार की सराहना करते हुए कहा है कि हमारे बीच ऐसे कई प्रतिभाशाली शिक्षक हैं। अक्षय कटियार द्वारा 23 वी रक्तदान किया गया है जो अपने आप में मानवताके लिए एक अद्भुत योगदान है अक्षय कटियार द्वारा आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंदों को संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष के माध्यम से रक्त भी उपलब्ध करवाया जाता है मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, महामंत्री अवनीश पाल, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, दिलीप अवस्थी, राकेश बघेल, वीरेंद्र कुमार, वैष्णव कनौजिया नमो नारायण समेत सैकड़ों शिक्षकों ने शिक्षक दिवस पर रक्तदान की सोच की सराहना करते हुए शिक्षक अक्षय कटियार को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# मोहम्मद साहब का यौमे पैदाइश पर्व उल्लास के साथ मनाया



जिला संवाददाता(vol)

हिलौली। कस्बे में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1500वां यौमे पैदाइश पर्व मुस्लिम समाज की ओर से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। जो मदरसे से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए साहब की दरगाह पर संपन्न हुआ। जुलूस में मुस्लिम समाज के हजारों लोग शामिल हुए। उन्होंने हाथों में झंडे थामे और सरकार की आमद मरहबाह्व के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। ढोल-नगाड़ों और नात-ए-पाक की गूंज से वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया।

जुलूस मार्ग में जगह-जगह प्रतिभागियों का स्वागत किया गया और पुष्पवर्षा से उनका उत्साह बढ़ाया गया। ईदमिलादुन नबी के अवसर पर मुस्लिम बंधुओं ने हिलौली कस्बा व नगर पंचायत मौरावां में भी जुलूस निकाला गया। नगर के मदरसा से निकले जुलूस अलग-अलग रास्तों से होते हुए मुख्य बाजार तक गए और वहां से वापस होकर फिर मदरसा में देर शाम समाप्त हो गए। जुलूस में मोहम्मद साहब की शान में नात शरीफ का नजराना पेश किया गया। मौलानाओं ने कहा कि अल्लाह ने मोहम्मद साहब को मुहसिने इंसानियत बनाकर इस दुनिया में भेजा था। मोहम्मद साहब ने दुनिया वालों को अमन और शांति का संदेश दिया और एक दूसरे के साथ प्यार और मोहब्बत के साथ रहने की सीख दी। इस मौके मौरावां थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह अपने दलबल के साथ निगरानी में मौजूद रहे। नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, लेखपाल निशांत वर्मा, नगर अध्यक्ष विवेक सेठ, जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, मो. जहीर, मो. कादिर, मो. सागर, मो. नजीर, मो. अजीज, मो. दानिश, मो. अयान, मो. अजीज अहमद, सलीम सिद्दकी, रहमत अली, सोनू सिंह, राजीव सिंह, शुभम सिंह, धर्मेंद्र यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बारा वफात पर लोगों ने निकाली झंडा यात्रा



जिला संवाददाता(vol)

महोली (सीतापुर)। क्षेत्र में हर्षोल्लास से बारा वफात का त्योहार मनाया गया। जश्ने मोहम्मदी के जुलूस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथ में झंडा लेकर पूरे जोश से नगर भ्रमण किया। मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर मनाये जा रहे त्यौहार बारह रवी अउवल के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने फूल बरसाते हुए शांति से त्यौहार मनाया।

जुलूस के साथ रहे कोतवाली प्रभारी दिलीप कुमार चैबे ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बा इंचार्ज अशोक सिंह, विनोद कुमार के साथ पुलिस बल की तैनाती की। शुक्रवार को आदर्श नगर मोहल्ले के लिए बड़ा इबादत का दिन रहा। जुमे की नमाज के दिन मनाये जा रहे बारह वफात के त्यौहार पर वार्ड सभासद राजू मंसूरी, मो शकील, आफताब, कलाम, अनवर, मुन्ना, अरमान, आलम, हफीज आदि के साथ सैकड़ों लोगों ने मदरसा गुलशने रजा से जूलूस लेकर पूरे जोश से लबरेज शहर का भ्रमण किया। झंडा यात्रा के दौरान चांद सितारे और काबे की फोटो के झंडे लिये लोगों ने सभी की बरकत की कामना की। झंडा यात्रा अंत में गौशिया मस्जिद पर सम्पन्न हुई। लोगों ने त्यौहार पर जहां लजीज व्यंजनों के लंगर बांटे तो लोगों ने तमाम व्यवस्थाओं के साथ सभी के लिए दुआ मांगी।

## जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

पुरवा, उन्नाव। जश्न-ए-ईद मिलाद उन नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जुलूस बागे मदिना से शुरू होकर बस स्टॉप, मसवानी, जिंदवा बाड़ी वजीरगंज, राजबाजार, दलीगढी, मुख्य बाजार से होते हुए शीतलगंज, मिर्री चैराहा से होकर वापस पीराशाह मस्जिद पर समाप्त हुआ। इस मौके पर पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश और बारावफात मनाई गई। जुलूस में पुरवा कस्बे के राजू, उत्तम चंद्र लोधी, योगेंद्र द्विवेदी ने सभी को मुबारकबाद दी। जगह-जगह लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों को हलवा, जर्दा, शरबत पानी, कोल्डड्रिंक, सेब, लडडू, और जलेबी का वितरण किया। मुख्य बाजार चैराहे पर हाफिज फैयाज अहमद ने मोहम्मद साहब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद साहब पूरी मानवता के लिए रहमत बनकर आए थे। उन्होंने इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम दिया। इस अवसर पर अंसार अली, रिंकू, शब्बीर, आलम, हाफिज फैय्याज सहित सैकडो लोग शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को शिक्षकों ने देखा

उन्नाव। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का



सजीव प्रसारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह द्वारा नगर क्षेत्र कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों बच्चों व कार्यालय स्टाफ के साथ बीएसए ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में राज्य पुरस्कार से सम्मानित माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा के शिक्षक गणों को प्रशस्ति पत्र वितरण, बाल वाटिका पुस्तक का वितरण, टेबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास, एनसीईआरटी पुस्तकों का बेसिक शिक्षा में सम्मिलित होना, विज्ञान एवं नवाचार पर ज्यादा जोर देना एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा की भी घोषणा करते हुए आदि के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदयवीर सिंह, सोनू सिंह, सुजाता, सरिता, स्मिता, राम, नेहा, गौरव सिंह, संदीप वर्मा एआरपी, शिवम आदि उपस्थित रहे।

## 3 माह के बच्चे को बंदर ने उठाकर ड्रम में फेंका, मौके पर मौत

सीतापुर। अनुज यादव पुत्र रामदेव उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी सूरजपुर के तीन माह के बच्चे को बृहस्पतिवार सुबह लगभग सात बजे घर के अन्दर चारपाई पर 3 माह का बच्चा शिवांश सो रहा था। शिवांश को सोते समय बन्दर उठा ले गया। बच्चे की मां सरिता स्नान कर रही थी तब तक देखा बच्चा गायब है। शोर मचाने लगी तब सभी परिजन बच्चे को ढूंढने लगे। पीछे की तरफ बन रहा घर अनुज का ही जहां छत पर पानी से भरे ड्रम में बच्चा उतराता हुआ मिला। शिवांश को तत्काल सीएचसी मछरेहटा ले गये। डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अनुज ने बताया कि बच्चा शिवांश दो माह से बीमार था। मेडिकल कॉलेज लखनऊ का इलाज चल रहा था। बुधवार को लखनऊ से दिखाकर लाए थे। बन्दर को ले जाते देखा नहीं जीने पर रखा अनाज बिखरा पड़ा हुआ था इससे अंदाजा लगाया कि बन्दर ही उठाकर ले गया। सीएचसी से मृत शिवांश को लाकर दफन कर दिया। चैकी प्रभारी गजेन्द्र खरवार जानकारी पाकर पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि हम किसी प्रकार की करवाई न की है न चाहते

## 80 वर्ष बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

सिधौली (सीतापुर)। आजादी के लगभग अस्सी वर्ष बीत जाने के बाद भी सीतापुर जिले के खाले कोटवा गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गांव में सड़क न होने की वजह से ग्रामीणों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्तों पर लोगों का चलना दूभर हो जाता है। गांव के नौनिहाल स्कूल तक नहीं जा पाते हैं। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, बीमार पड़ने पर मरीजों को अस्पताल ले जाना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। एंबुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पाती। जिसके कारण कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। इन समस्याओं से त्रस्त होकर खाले कोटवा गांव के दर्जनों ग्रामीण सिधौली विधायक मनीष रावत के जनता दरबार पहुंचे और सड़क निर्माण की गुहार लगाई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। विधायक मनीष रावत ने ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस मुद्दे को संबंधित विभाग के समक्ष उठाया जाएगा। ताकि गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू हो सके और लोगों को इस विडम्बना से राहत मिल सके। राजकुमार कश्यप, श्यामू कश्यप, बलिराम राजवंशी, मोहन कश्यप, हनुमान कश्यप, रघुबीर राठौर, रामू कश्यप, राहुल कश्यप, रामआसरे राजवंशी, भैनू कश्यप आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गोमती नदी पर छूलाघाट पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने उठायी मांग

सिधौली (सीतापुर)। गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल को छूलाघाट पर बनाए जाने की मांग को लेकर हरदोई व सीतापुर जनपद के सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को भाजपा विधायक मनीष रावत के जनता दरबार पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि मौजूदा पुल काफी ऊँचाई पर है। जिससे लगभग 500 गांव के लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना था कि छूलाघाट पर पुल बनने से नैमिषारण्य धाम जाने का रास्ता सुगम होगा और लखनऊ से भी दूरी कम पड़ेगी। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों में छूलाघाट पुल निर्माण संघर्ष समिति के बलिकरन रावत, संजय कुमार बैगा, सोहन पासी, रामनरेश, गंगाराम पासी, स्वामी प्रसाद, राधा देवी, परशुराम विश्वकर्मा, प्यारेलाल रावत, मैकूलाल रावत, राजाराम, कृष्णपाल सहित बड़ी संख्या में हरदोई और सीतापुर जनपद के लोग शामिल रहे। विधायक मनीष रावत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर आश्वासन दिया कि पुल वहीं बनाया जाएगा। जहां से स्थानीय लोगों को अधिक सुविधा होगी।

## अकीदत और एहतराम से जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी निकला

पाटन, उन्नाव। जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) शुक्रवार को क्षेत्र में बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में महफिल-ए-मिलाद का आयोजन हुआ, जिसमें नबी-ए-पाक के पैगाम-ए-इंसानियत को याद किया गया। इसके बाद नगर व ग्रामीण इलाकों से जुलूस निकाले गए। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग हाथों में हरे झंडे लेकर नात व सलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान जगह-जगह पानी, शरबत और हलवे की सबील लगाई गई। मोहल्लों की छतों से फूल बरसाए गए और तिलावत-ए-कुरआन से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर घरों, इमामबाड़ों, ईदगाहों और मस्जिदों में रोशनी कर सजावट की गई, जिससे पूरा माहौल रौशन और खुशनुमा नजर आ रहा था। अकीदतमंदों ने मोहब्बत और भाईचारे के साथ अमन-ओ-शांति की दुआ की। इस मौके पर शायरों व उलेमाओं ने कहा कि नबी-ए-करीम की जिंदगी इंसानियत के लिए राहे-रौशन है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर मोहब्बत व सौहार्द का पैगाम आगे बढ़ाना चाहिए। जुलूस शांति और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी खुद मौजूद रहकर मार्ग का निरीक्षण करते रहे। कस्बा बिहार में पत्रकार सुरेश मिश्रा और मनिकापुर में ग्राम प्रधान माजिद आलमगीरी हस्सानी ने अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। जुलूस पाटन, बिहार, मनिकापुर, सवाइन, लिलिया, बरवलिया, भगवंत नगर सहित अन्य स्थानों पर भी निकाले गए। इस मौके पर कारी साहब रिजवान, सदर इबरार खान, निहाल, बबलू शाह, इसरार खा, शीबू खान, अजय मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, संदीप कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## भगवान कृष्ण की भव्य जलविहार शोभा यात्रा

**बांदा**। बावन द्वादशी पर्व पर शुक्रवार को राम जानकी मोदी मंदिर, फूटा कुआं, राधा कृष्ण मंदिर छोटी बाजार से भगवान श्री कृष्ण की जलविहार शोभायात्रा का रिमझिम बारिश की फुआर के बीच नगर भ्रमण हुआ। कार्यक्रम संयोजक अमित सेठ भोलू ने बताया कि इसमें भक्तजन शामिल हुए। आज के दिन यह मान्यता है कि भगवान स्वयं मंदिर से निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। शोभा यात्रा का जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन गहोई व ओमर वैश्य समाज ने किया। शोभा यात्रा में भुवनेंद्र रावत, नीरज रावत, राहुल ओमर, अंकित बासु, राजकुमार राज, चंद्र मोहन बेदी, रजत सेठ, नईम नेता, मनीष गुप्ता, अमित साहू, आशीष गुप्ता, निखिल बुंदेली, राहुल ददरिया, लोकेश ओमर, अशोक कुमार ओमर, शांतनु ओमर, केशव ददरिया, अमित छावला, आलोक सेठ व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन आठ को

**ललितपुर**। आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य ने अवगत कराया है कि व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उ.प्र. के निदेशों के अनुपालन में 08 सितम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से नोडल संस्थान, आईटीआई ललितपुर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाना है। मेले में जनपद के ललितपुर के राजकीय/निजी अधिष्ठानों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक युवा अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभाग करने के लिए अपना पंजीकरण बेवसाइड पर कराकर साथ ही अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं छायाप्रति के साथ अप्रेन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला, हड़कंप

**बिजनौर**। एमआर का शव बाग में आम के पेड़ से लटका मिलने से हडकम्प मच गया। सुबह टहलने निकले लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और घर वालों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के वर्धमान कालेज के सामने जैन फार्म आम के बाग में शुक्रवार सुबह सैर पर निकले लोगों ने पेड़ से लटका शव देखा और उसकी सूचना पुलिस को दी। सिविल लाइन चैकी इंचार्ज बबलू कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त अमित कुमार वर्मा निवासी भरत विहार कॉलोनी के रूप में हुई। घटना के समय मृतक अमित वर्मा की पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ नूरपुर स्थित अपने मायके गई हुई थी। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू कलह के चलते अमित ने यह कदम उठाया। आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चलेगा।

## समस्याओं को लेकर पंचायत मित्र देंगे डीएम को ज्ञापन

**बांदा**। ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक शहर के जैन धर्मशाला स्टेशन रोड में आयोजित हुई। बैठक में जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी के अलावा बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे। इसमें वर्तमान समय में जिले में कृषि क्रॉफ्ट सर्वे, गाटा सर्वे के काम को संबंधित विभागों से न करवाकर ग्राम रोजगार सेवकों से यह काम कराने और अनुचित दबाव बनाकर बाध्य किया जा रहा है। सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि ग्राम रोजगार सेवक संविदा कर्मी हैं, इनके पास लेटेस्ट वर्जन का मोबाइल फोन नही है। शासन स्तर से दुर्घटना संबंधी सुरक्षा कवच भी प्राप्त नही है जबकि वर्तमान समय में खेतों में घास व पानी के चलते जहरीले सांप व अन्य विसैले जीव-जन्तु होते हैं। ऐसी स्थिति में सर्वसम्मति से एसोसिएशन ने इस कार्य को न करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन ने कहा कि पीपीएफ व्यवस्था का लाभ रोजगार सेवकों को न मिलने के कारण मृतक रोजगार सेवकों के परिवारों को पीपीएफ का भुगतान तथा अन्य कोई सहयोग नही मिल पा रहा है। समय से मनरेगा मजदूरों का भुगतान न होना, सोशल ऑडिट में आ रही अनेक समस्याओं तथा मानदेय का भुगतान समय से न होने को लेकर निर्णय लिया गया कि 8 सितम्बर को सवेरे 10 बजे विकास भवन से सभी रोजगार सेवक, मनरेगा कर्मी एकत्र होकर पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मांगों के बारे में ज्ञापन सौंपेंगे।

# शिक्षक अपने आचरण से बनता है महानः रामप्रकाश अनंत



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। तेरई फाटक स्थित एक इण्टर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज तालबेहट प्रधानाचार्य रामप्रकाश अनन्त रहे। जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व सर्वपल्ली डा.राधाकृष्णनजी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उसके बाद बच्चों के द्वारा मां सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रामप्रकाश अनन्त ने कहा कि शिक्षक भाग्य विधाता होता है, उसे बहुत खुशी मिलती है जब उसका शिष्य नाम रोशन करता है। शिक्षक अपने आचरण से महान होता है वो जो करता है उसका प्रभाव बच्चों पर अधिक पड़ता है। विशिष्ट अतिथि अरविन्द कुमार ने कहा कि गुरु के प्रति कभी भी मन में नकारात्मक भाव नहीं लाना चाहिए इससे बच्चों के विकास पर प्रभाव पड़ता है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कहा कि हमें गुरु शिष्य परम्परा जो अनादि काल से चली आ रही है, उसे हमें जीवन्त रूप में लाना है।

हमारे लिए सभी छात्र समान होते किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। समाज मे हमें शिक्षक की भूमिका का निर्वाहन सदैव करना चाहिए। इस दौरान शिक्षक रमा तिवारी, महेंद्र सिंह परिहार, रामजीवन, श्रेया तिवारी, सुभद्रा परिहार, अर्चना राजा, राजाजी, ऋषभ कौशिक उपस्थित रहे। संचालन ओमप्रकाश राजपूत ने किया।

## मुख्यमंत्री के शिक्षक पुरस्कार वितरण का देखा प्रसारण



**बांदा**। शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिक्षकों को सम्मानित करने के कार्यक्रम का प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इसमें मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 81 शिक्षकों

● बांदा में भी शिक्षक सम्मानित

को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें बांदा की शिक्षिका रश्मि अग्रवाल भी शामिल हैं। इसके साथ ही 2204 शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए गये।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा उपचार दिए जाने की घोषणा की। उन्होने बताया कि 21 को विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार तथा 136000 विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के जरिए स्कूलों को बेहतर बनाया जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षकों को साल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को आदर्श शिक्षक माना जाता है।

उन्होने एक शिक्षक के साथ समाज सुधारक का भी कार्य किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, एमएलसी प्रतिनिध आलोक सिंह, राजकुमार राज, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

# जलजीवन मिशन के तहत कराये गये कार्यों का विधायक ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में विकास खण्ड जखौरा के सभागार में जल जीवन मिशन में सम्मलित तीन नग कलस्टरों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें बांसी, लखनपुरा और दैलवारा कलस्टर में सम्मिलित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति, सीसी रेस्टोरेशन द पाइपलाइन बिछाये जाने के सम्बन्ध में

● पेयजल योजना व कलस्टरों की हुई समीक्षा

समीक्षा गयी है। बैठक में नोडल अधिकारी दीपक यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष अनुपम चैबे, खण्ड कार्यालय के अधिशाषी अभियंता अवनीश सिंह, विद्युत विभाग के एई देवीसिंह राजपूत, जल निगम के एई अरुण कुमार बौद्ध, जेई चन्द्रशेखर, लाल मोहम्मद एवं कलस्टर बांसी, लखनपुरा तथा दैलवारा के समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे। बैठक में विधायक ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्य हेतु निर्देश दिये गये। उक्त कलस्टरों के ग्राम बांसी, लखनपुरा, नदनवारा, बीधामहावत, अंधेर, दैलवारा, अंधियारी, बूचा एवं मनगुवां में पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत समस्याओं के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक से जानकारी प्राप्त की गयी। ग्राम प्रधानों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामों में अधिकांश हिस्से में पेयजल आपूर्ति हो रही है. परन्तु कनेक्शनों में टोंटी न होने के कारण पानी बर्बाद होता है तथा कुछ कनेक्शन घर के बाहर है। ग्रामों के कुछ मजरों में पाइपलाइन डालना एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, इसके उपरान्त विधायक द्वारा ग्राम छिपाई में स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम में राघवेन्द्र, सतेन्द्र, हेमन्त, लोकेन्द्र आदि के घर जाकर पेयजल आपूर्ति की-स्थिति जांची, जिसमें मौके पर पेयजल आपूर्ति होती हुई पायी गयी। ग्राम प्रधान नीलमणि राजा द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में अधिकांश टोंटी टूटी हुई है एवं जिसके स्टैण्ड पोस्ट नहीं लगे हुए थे। ग्राम के तीन गलियों में पानी नहीं जा रहा है, जिस पर सदर विधायक द्वारा जल निगम के एक्सईएन, एई एवं मेसर्स सुधाकरा इन्फाटेक प्रा. लिए के प्रतिनिधि आकाश सिंह गौर को उक्त कमियों को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके उपरान्त विधायक द्वारा ग्राम रायपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम रायपुर के बस स्टैण्ड के पास किये गये संयोजन पर स्टैण्ड पोस्ट लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्रामीण डा. भोगीराम विश्वकर्मा, सोबरन सिंह यादव, महेश साहू, मुन्ना अहिरवार, अशोक साहू आदि के घर पेयजल आपूर्ति होती हुई पायी गयी एवं ग्राम में पेयजल आपूर्ति एवं गृह पेयजल संयोजन का कार्य संतोषजनक पाया गया।

## जुलूस-ए-मुहम्मदी का धामपुर के विभिन्न स्थानो पर हुआ स्वागत



जिला संवाददाता

**धामपुर, बिजनौर**। अंजुमन फलाहे अहले सुन्नत धामपुर के बैनर तले ईदुल मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मुहम्मदी का स्वागत किया गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा और सलातों सलाम की गूंज से नगर का वातावरण महक उठा। मोहल्ला बन्दूकचियान स्थित नूरी मस्जिद से शुक्रवार को जुलूस शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए संतोष पनवाड़ी तिराहा पर जाकर सम्पन्न हुआ। तिराहे पर फातिहा पढ़ी गई, तबर्रुक का वितरण किया गया और मुल्क की सलामती एंव अमनो अमान की दुआ की गई। जुलूस-ए-मुहम्मदी में अंजुमन फलाहे अहले सुन्नत धामपुर के पदाधिकारियों जकी खान, नसीम सलमानी, फुरकान अहमद, काशिक रजा, इरफान लतीफी, काशिफ खान, मौलाना हुसैन नईमी, मुफ्ती इकबाल, मौहम्मद उस्मान, मौहम्मद शाहिद चिश्ती, ताहिर लतीफी, नाजिम रजा नूरी, आसिफ रजा नूरी, मोहम्मद जुबैर अहमद, आदिल मुल्तानी, शमीम अहमद फल वाले, पूर्व चेयरमैन महमूद हसन कस्सार सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चेयरमैन चैधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व विधायक नईमुल हसन, पूर्व चेयरमैन महमूद हसन कस्सार व कमरुल इस्लाम, शमीम अहमद फल आदि उपस्थित रहे।

# पाचैनी व देवरान गांव में दबंगों का आतंक

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। ग्रामीण अंचलों में दबंगों के लगातार बढ़ रहे अत्याचारों के खिलाफ शुक्रवार को पीड़ित परिवारों के साथ ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय दिया है। शुक्रवार को आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण नारेबाजी करते हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने ग्राम पाचैनी व देवरान में दबंगों द्वारा महिलाओं, पुरुषों से मारपीट व बुजुर्गों को जान से मारने की धमकी दिये जाने और सही धाराओं में मामला दर्ज न होने पर कड़ा आक्रोश जताया। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मामलों की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी हैसमाजवादी पार्टी की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी के नेतृत्व व स्वामी ब्रह्मानन्द यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन भेजा है। बताया कि ग्राम पाचैनी में बीती 1 सितम्बर को गांव के संदीप उर्फ बड़े राजा पुत्र सुरेन्द्र राजा ने दुकान में घुसकर गालियां देते हुये जान से मारने की नीयत से सिर में गंभीर चोट मार दी, जिससे छोटे गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रकरण में गंभीर चोट होने के बावजूद भी पुलिस ने मामूली धाराओं में सूचना दर्ज किया है, जिससे उक्त लोगों के हौंसले बुलंद हैं और उक्त लोग पीड़ित परिवार को गांव में आने-जाने पर भी रोक लगाये हुये हैं। इतना ही नहीं अब राजीनामा करने के लिए अनुचित दबाव बनाते हुये धमका रहे हैं। उन्होंने तत्काल संदीप उर्फ बड़े राजा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। शिकायत देते समय जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत, मुकेश सिंह लोधी एड., रमेश, सतेन्द्र प्रताप लोधी, कल्यान सिंह, काशीराम, हरीकिशन, गजेन्द्र सिंह, चंद्रकांत, राव रविन्द्र सिंह, संजय, गोपाल, पहाड़ सिंह, नरेन्द्र सिंह राजपूत, राहुल सिंह लोधी, फूलचंद्र, अजय रमेशरा, अजय सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। लोधी ने भी शिकायत एसपी को भेजते हुये बताया कि उसके पति व बेटे साहिल और उस पर जानलेवा हमला होने की सूचना पुलिस को दी गयी थी। जिस पर पुलिस ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन तो दिया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। आरोप है कि गांव के दबंग अवैध खनन में लिप्त हैं और दबंग किस्म के लोग हैं, इसलिए उन पर कार्यवाही नहीं हो रही है। बताया कि उक्त लोगों द्वारा अब हथियार लहराते हुये पीड़ित परिवार को जान से मारने की लगातार धमकियां दी जा रहीं हैं। शिकायत देते समय सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, मुकेश सिंह लोधी एड., देवसिंह राजपूत के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

● पीड़ित परिवारों को गांव में जान से मारने की दी जा रही धमकियां
● पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंच कर मांगी सुरक्षा

### त्योहारी सीजन में मिलेगी चीनी

अयोध्या। त्योहारी सीजन में राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न के साथ चीनी भी वितरित किया जाएगा। यह चीनी केवल अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगी। सरकारी सस्ता गल्ला दुकान से खाद्यान्न वितरण के लिए आपूर्ति विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया है। आपूर्ति विभाग के खाद्य आयुक्त भूपेंद्र एस चैधरी की ओर से जारी दिशा निर्देश के मुताबिक सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से सितंबर माह में 10 सितंबर से 25 सितंबर के बीच खाद्यान का वितरण किया जाएगा।

नियम के तहत अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल अर्थात कुल 35 किलोग्राम राशन दिया जाना है।

## बच्चों में हो एकलव्य जैसी लगनः संत कुमार गुप्ता



**बांदा**। शहर के इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता, डा० जगदीश चंसौरिया, राजेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार राज, संतोष मसुरिहा, रामलखन कुशवाहा, अध्यक्षा मीना गुप्ता, दीपिका गुप्ता, सौदामिनी, डा० मनीष कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती, डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन व संत तुलसीदास के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विद्यालय के सिल्वर जुबली वर्ष शिक्षक दिवस पर संगीतमय लघु रामकथा वाचक रितंभरा ने प्रस्तुति दी। इसके बाद अधूरी दोहा-चैपाई सहित अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुयीं। डायरेक्टर जगनायक यादव व उप प्रधानाचार्य डा० रिंकू सिंह ने शिक्षकों की अहम भूमिका बताते हुए उन्हें शिक्षा कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता ने महान शिक्षाविद् डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए शुभकामनाएं दीं। कहा कि हर बच्चे के अन्दर बालक एकलव्य जैसी लगन, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रीना ओमर, श्वेता गुप्ता व सरोज गुप्ता मौजूद रहीं। शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संचालन छात्र प्रमुख मृदुल शुक्ला व छात्रा प्रमुख अनुष्का सिंह ने किया।

## रोमिका सिंह ने जीता बेस्ट मेकअप अवॉर्ड



**बांदा**। नोएडा में आयोजित मेकअप कॉम्पिटिशन में शहर के स्वराज कॉलोनी की रहने वाली रोमिका सिंह ने मेकअप कंपटीशन जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। मेकअप कंपटीशन में देश के 90 आर्टिस्टों ने भाग लिया था। मेकअप कॉम्पिटिशन में लवली, राहिल, शिवानी ने मेकअप टेस्ट लिया और मेकअप से जुड़े अनेक प्रश्न पूंछे। 90 मेकअप आर्टिस्टों में बाँदा की रोमिका सिंह को सभी प्रश्नों के जवाब देने एवं मेकअप से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी होने पर विजेता घोषित किया गया। रोमिका मशहूर मेकअप आर्टिस्ट हैं। इस उपलब्धि पर सभी शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनकी तारीफ की है। रोमिका ने अपनी जीत को एक नई शुरूआत बताया और कहा कि वह आगे भी मेकअप आर्टिस्ट में नए प्रयोग और नवाचार करते हुए अपने हुनर को और निखारने का भरपूर प्रयास करेंगी।

# विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर दी फ्रॉड से बचने की जानकारी



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। बताया गया कि साइबर अपराध

● बच्चों को बताये कि साइबर फ्रॉड से किस प्रकार बचना है

से बचने के लिये क्या करना चाहिए। इसके तहत बिना देखे व अनजान व्यक्ति को फोन पर उसकी बातों में आकर किसी प्रकार का कोई पैसा नही डालें। किसी भी अज्ञात नं. से क्रेडिट होने का टैक्स्ट मैसेज के आधार पर यकीन नही करें।

तत्काल अपना बैंक बैलेस चेक करें तथा मैसेज के आधार पर किसी भी व्यक्ति को पैसे ना डालें। एटीएम स्वीपिंग से बचें एटीएम से पैसे बिड्रॉ करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति को ञरू में प्रवेश न करने दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को हाटस्पाट शेयर न करें क्योकि अपराधी उसका दुर्पयोग कर सकता है। किसी भी अज्ञात मो.नं. से व्हाट्सअप या अन्य किसी सोशल मीडिया पर विडियो काल रिसीव न करें। अगर रिसीव करना जरूरी है तो अपने कैमरे को ढककर रिसीव करें जिससे आप की चेहरा इस्तेमाल करते हुए डीप फेक फोटो/विडियो न बन सके। फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा आईडी न बनायें। अगर किसी भी सोशल मीडिया पर आईडी बनी हो जिसे इस्तेमाल नही करते हो तो उसे डिलीट या डिएक्टीवेट कर दें। फेसबुक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की मित्रता रिक्वेस्ट असेप्ट न करें। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नही करें। टेलीग्राम या अन्य किसी सोशल मीडिया पर मिलने वाले टास्क या किसी पैसा डबल करने वाले लालच में आकर पैसा न डालें। केबीसी लकी ड्रा या अन्य किसी लकी ड्रा के संबंध में जीती हुयी रकम प्राप्त करने हेतु मांगी गयी कोई रजिस्ट्रेशन राशि ना डालें। मोबाइल पर आने वाले किसी ओटीपी को किसी के साथ शेयर न करें। अगर आप एटीएम मशीन से पैसा बि-ड्रॉ नहीं करते हैं तो आधार कार्ड की वेबसाइट पर जाकर अपना फ्रिंगरप्रिन्ट लाक कर दें जिससे आपके अंगूठे का क्लोन बनाकर ठगी नही हो सके। अगर आपको कोई फेसबुक या किसी अन्य सोशल मीडिया पर कोई वाहन दिखाया जा रहा है और काम दाम में सेल किया जा रहा और एडवांस पैसा मांगा जा रहा है तो ऐसे व्यक्ति को वाहन डिलवरी होने तक पैसा न दें। गरीब लोगों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के लिये रजिस्ट्रशन फीस की मांग को लेकर हो रहे स्कैम को लेकर गरीब लोगो जागरूक करे छात्रो को बताया गया। सिम लेते समय ध्यान रखे कि एक सिम लेते समय अपना अंगूठा थम्ब स्कैनर पर एक ही बार लगायें। बैंक किसी भी ग्राहक से उसकी पर्शनल डिटेल नही मांगता है। यदि बैंक के नाम से फोन आता है तो बैंक जाकर ही सम्पर्क करे।

एआई के संबंध में जानकारी दी कि आपके साथ एआई का इस्तेमाल करते हुए किसी आपके जानने वाले की वायस का इस्तेमाल कर धोखधडी हो सकती है। सावधान रहने की हिदायत दी गयी।

नौकरी के नाम पर अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, फोटो, व हस्ताक्षर किसी अनजान को सोशल मीडिया के माध्यम से न दें तथा अपने नाम पर किसी को सिम खरीद कर न दें। इस दौरान उप निरीक्षक विकास कुमार व महिला कां. ज्योति शामिल रहीं।

## बांध का जलस्तर बढा, छोड़ना पड़ा पानी

**बिजनौर**। पहाड़ों पर पिछले कई दिनो से लगातार हो रही बारिश के कारण कालागढ रामगंगा बांध में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सुरक्षा को देखते हुए कालागढ़ डैम से शुक्रवार को लगभग 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रामगंगा बांध के अधिकारियों ने जलस्तर नियंत्रण के लिए यह निर्णय लेते हुए क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने की चेतावनी भी जारी की है। रामगंगा बांध के अधिकारियों के अनुसार, शाम 4 बजे से पावर हाउस के माध्यम से 3,655 क्यूसेक और स्पिव वे के माध्यम से 6,345 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कालागढ़ डैम से छोड़े जाने वाले पानी का असर बिजनौर के निचले इलाकों पर पड़ेगा। प्रशासन ने इस लिए स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और नदी के किनारे या निचले इलाकों में जाने से बचने की अपील की है। साथ ही बचाव दल और पुलिस को भी तैनात कर दिया गया है। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है। कि वे सरकारी निर्देशों का पालन करें।

पिछले कुछ दिनों से पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश के कारण रामगंगा समेत आसपास के कई जलस्तर बढ़ गए हैं। इसके कारण कई नदियाँ, नाले और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अधिकारियों का कहना है। बांध सुरक्षित रहे और आसपास के क्षेत्रों में ज्यादा नुकसान न हो। किसान भी इस पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया को लेकर सतर्क हैं। क्योंकि पानी के बढ़ने से खेतों और फसलों को नुकसान हो सकता है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा के मुंशी सुमेर सिंह के निधन से शोक की लहर

नगीना, बिजनौर। बार एसोसिएशन नगीना के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा के मुंशी सुमेर सिंह के निधन से हर कोई गमजदा है। सुमेर सिंह अपने मधुर व्यवहार के चलते वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा के चेंबर पर 38 वर्षो से मुंशी के रुप में अपनी सेवायें दे रहे थे। थाना नगीना क्षेत्र के गांव पुरैनी निवासी सुमेर सिंह ( 65 वर्ष ) पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार की रात्रि सुमेर सिंह ने अपने गांव पुरैनी में आखरी सांस ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और अधिवक्ताओं में शोक के लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा, दिनेश सिंह चैहान, मनोज कुमार शर्मा कल्याणपुर वाले, अमित कुमार शर्मा, शानू चैधरी, अजय कुमार शर्मा धामपुर वाले, पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, फरिद खान, सहित दर्जनों अधिवक्ता मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को संवेदना दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी महासचिव नईम अहमद निशात अहमद, मुख्तार अंसारी, वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खां, दिनेश कुमार, शादाब अंसारी, नवेद इकराम, इनामुलहक अंसारी, अभिषेक मिश्रा, आदि अधिवक्ताओं ने शोक जताया। वहीं दूसरी और पत्रकार नौशाद अंसारी, शहजाद अंसारी, मनीष राणा, मौ0 अलीम सलमानी, सईदुद्दीन सलमानी, इनामुल्ला, जुल्फिकार आदि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। गांव के ही शमशान घाट पर सुमेर सिंह के अंतिम संस्कार में भारी भीड मौजूद रही। सुमेर सिंह अपने मधुर व्यवहार के चलते वरिष्ठ अधिवक्ता एंव बार के पूर्व महासचिव प्रेम कुमार शर्मा के चेंबर पर पिछले 38 सालों से मुंशी के रुप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## प्रदेश में जिले के नौ थानों को मिला प्रथम स्थान

ललितपुर। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली ( आईजीआरएस ) से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस को माह अगस्त-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 13वां स्थान व कानपुर जोन, कानपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इन थानों को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

## नो हेलमेट नो फ्यूल चेकिंग अभियान, 23 का चालान



**बांदा**। हेलमेट नही-पेट्रोल नहीं अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के भूरागढ़ और मटौंध क्षेत्र के पेट्रोल पंपों का एआरटीओ श्याम लाल, पीटीओ रामसुमेर यादव ने निरीक्षण किया। उन्होने बिना हेलमेट वालों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करते हुए 23 वाहन चालकों का चालान भी किया। बीते दिनों एआरटीओ श्यामलाल एवं पीटीओ राम सुमेर यादव ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में ह्यनो हेलमेट नो फ्यूलह्न अभियान के तहत गहन चेकिंग करते हुए सभी पेट्रोल पंपों के संचालकों को हिदायत देने के साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता के बारे में बताया और कहा कि बिना हेलमेट के किसी को भी तेल न दिया जाए। उन्होने इसे लेकर कड़ी हिदायत भी दी। एआरटीओ शंकर लाल एवं पीटीओ राम सुमेर यादव ने हिदायत देते हुए जानकारी दी कि सुरक्षा मानकों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षा कवच का प्रयोग सुनिश्चित करें और प्रदेश में होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एआरटीओ ने बताया कि 1 से 30 सितम्बर तक चलने वाला यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होने अपील की, कि सभी सहयोग प्रदान कर अपना जीवन सुरक्षित करें।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा निर्णय पर पुनर्विचार करने का सांसद चन्द्रशेखर ने किया अनुरोध

**बिजनौर**। लोकसभा नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। सांसद चन्द्रशेखर ने पत्र के माध्यम से निवेदन करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करने की अनिवार्यता संबंधी आदेश पारित किया गया है। कई शिक्षकों की नियुक्ति पहले निर्धारित नियमों व शर्तों पर हुई थी। वर्षों बाद नई अनिवार्यता लागू करने से उनकी नौकरी पर संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसे में उनके अनुभव को अनदेखा कर अचानक परीक्षा पर जोर देना उचित नहीं है। अधिक उम्र वाले शिक्षकों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना भी बेहद कठिन है।

# विकास को मिलेगी गति

अमरीका के साथ टैरिफ विवाद के बीच अर्थव्यवस्था पर संभावित असर को टालने के लिए और मध्य वर्ग को महंगाई से बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने जीएसटी सुधारों का दांव चल दिया है। इससे अर्थव्यवस्था को कितना फायदा होगा इस पर बहस हो सकती है लेकिन यह तय है कि देश में मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को नयी ऊर्जा मिलेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बुधवार को आयोजित 56वीं बैठक में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अहम सुधारों की घोषणा की गई। माना जा रहा है कि इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, वर्गीकरण संबंधी विवाद कम होंगे और अनुपालन में सुधार होगा। जीएसटी में बदलाव करके उसे मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों वाला तुलनात्मक रूप से सरल ढांचा बना दिया गया है। चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं और सेवाओं के लिए 40 फीसदी की दर रखी गई है। यह भी कहा जा सकता है कि जीएसटी अभी भी पूरी तरह एकल दर वाले कर ढांचे के विचार के करीब नहीं है, लेकिन ताजा बदलाव कई विसंगतियों और व्यवस्था की ढांचागत कमियों को दूर करने वाले साबित होंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि इस माह के अंत से पहले वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय पंचाट का परिचालन शुरू किया जाएगा ताकि अपील




स्वीकार की जा सकें। जीएसटी के ढांचे में इस व्यवस्था की कमी महसूस की जा रही थी। नया कर ढांचा 22 सितंबर से प्रभावी होगा। अब 12 और 28 फीसदी की दरों को समाप्त कर दिया गया है और इनमें आने वाली वस्तुओं को 5 और 18 फीसदी की दर में समाहित कर दिया गया है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होंगी। उदाहरण के लिए खाद्य वस्तुओं की बात करें तो उन्हें 5 फीसदी के स्लैब में डाल दिया गया है। एयर कंडीशनर और 32 इंच से बड़े टेलीविजनों पर अब 28 फीसदी के बजाय 18 फीसदी कर लगेगा। छोटी कारों और मोटरसाइकिल पर भी 28 फीसदी के स्थान पर 18 फीसदी कर लगेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि बीमा उत्पादों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इससे वे किफायती बनी रहेंगी और उनकी पहुंच बढ़ेगी। कृषि उपकरणों मसलन ट्रैक्टर तथा अन्य मशीनरी पर भी जीएसटी कम किया गया है। क्षतिपूर्ति उपकर जिसका संग्रह राज्यों को महामारी के दौरान हुई राजस्व हानि की भरपाई की खातिर लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए किया जाता है, उसका भी अंत हो जाएगा। केवल चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं पर ही वह लागू रहेगा। सामान्य स्तर पर, जीएसटी दरों में कटौती से मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। एक अनुमान के अनुसार, यह आने वाली कुछ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में लगभग एक फीसदी का योगदान कर सकता है और अमेरिका द्वारा लगाए गये टैरिफ के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है। हालांकि, वास्तविक परिणामों का सावधानी पूर्वक मूल्यांकन करना आवश्यक होगा। फिर भी, समग्र रूप से कम जीएसटी दरों का मुद्रास्फीति पर नरमी लाने वाला प्रभाव अवश्य पड़ेगा। सबसे कठिन होगा इसके राजकोषीय प्रभाव का आकलन। यानी सरकार के राजस्व और व्यय पर इसका असर जानना। सरकार ने कहा है कि दरों को तर्कसंगत बनाने से राजस्व पर करीब 48,000 करोड़ रुपये का असर होगा। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि मांग किस तरह प्रतिक्रिया देती है। नीतिगत नजरिये से देखें तो औसत जीएसटी दर 11.6 फीसदी से कम हो जाएगी जो पहले ही एकदम आरंभ के 14.4 फीसदी से कम है। जीएसटी सुधारों से भविष्य में एक समान दर की दिशा में आगे बढ़ने में भी मदद मिलगी। क्योंकि अब चार के बजाय दो दर ही रह गये हैं। इससे टैक्स संरचना को और अधिक सरल बनाने का अवसर मिलेगा। जीएसटी सुधारों से जहां उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी वहीं सियासी नजरिए से भी यह कदम भाजपा को लाभ पहुंचायेगा क्योंकि अगले डेढ़ साल में बिहार, यूपी, बंगाल जैसे बड़े राज्यों में चुनाव प्रस्तावित हैं।

### विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# मोदी के पूर्वोत्तर दौरे से मणिपुर में आयेगी शांति



विजय कपूर

विमर्श

मणिपुर में देशज हिंसा को चलते हुए दो वर्ष से अधिक हो गये हैं। हालांकि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से हालात काफी हद तक नियंत्रित हुए हैं और सभी गुटों ने समझौते व शांति के संकेत भी दिये हैं। इस पृष्ठभूमि में जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह मणिपुर की यात्रा कर सकते हैं। हालांकि उनकी संभावित मणिपुर यात्रा की कोई अधिकारिक तिथि घोषित नहीं की गई है, लेकिन अनुमान यह है कि उनकी जो 13-14 सितम्बर को असम व मिजोरम की यात्रा निर्धारित है, उसी दौरान वह मणिपुर भी जायेंगे। चूंकि अन्य बातों का संज्ञान लेना होता है, इसलिए अंतिम घोषणा भले ही न हुई हो, लेकिन जानकार सूत्रों का दावा है प्रधानमंत्री मणिपुर अवश्य जायेंगे।

गौरतलब है कि विपक्ष अक्सर मोदी की आलोचना करता है कि मैतेई व कूकी समुदायों के बीच जब से हिंसक टकराव आरंभ हुआ है, तब से वह एक बार भी मणिपुर नहीं गये हैं, जबकि दुनियाभर का दौरा करते हैं व देश में भी जगह जगह चुनावी सभाओं को संबोधित करते रहते हैं। आगे बढ़ने से पहले मणिपुर की देशज हिंसा को संक्षेप में समझना आवश्यक है। गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि वह मैतेई समुदाय की मांग की सिफारिश केंद्र को भेजे। इससे राज्य के आदिवासियों को लगने लगा कि उन्हें जो आरक्षण लाभ मिल रहे हैं, उनमें बहुत कमी आ जायेगी। इसलिए 3 मई 2023 को आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने आदिवासी एकता मार्च का आयोजन किया, जिसके बाद राज्य में हिंसा अचानक भड़क उठी, जो अभी तक नहीं रुकी है। इस हिंसा में अब तक 300 से अधिक जानें जा चुकी हैं, हजारों घायल हैं, 57,000 से अधिक लोग विस्थापित होकर सुरक्षा बलों के कैम्पों में शरण लिए हुए हैं और हजारों घरों व अन्य प्रतिष्ठानों को जलाकर राख कर दिया गया है। मैतेई समुदाय मुख्यतः इम्फाल घाटी में रहता




है, जोकि राज्य की कुल भूमि क्षेत्र का मात्र दसवां हिस्सा है। अधिकतर आदिवासी समुदाय पहाड़ों में रहते हैं। इस तरह यह घाटी बनाम पहाड़ी टकराव हो जाता है। चूंकि हिंसा पर राज्य सरकार नियंत्रण स्थापित करने में पूर्णतः असफल हो रही थी, इसलिए 15 फरवरी 2025 को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया और अब कुछ हालात सामान्य से दिखायी देने लगे हैं, विशेषकर इसलिए भी कि बीजेपी की राज्य सरकार (जिसके कार्यकाल में हिंसा आरंभ हुई) को मैतेई समर्थक के रूप में देखा जा रहा था। प्रधानमंत्री 13 सितम्बर को मिजोरम में एक रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद अनुमान है कि वह इम्फाल के लिए फ्लाइट लेंगे।

इसका संकेत 31 अगस्त 2025 को मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक से मिला, जिसके बारे में बताया गया कि 'सितम्बर 2025 में एक वीवीआईपी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई थी'। पुलिस को दो जगह सुरक्षा व्यवस्था करने के आदेश दिये गये हैं- इम्फाल के कांगला किले में, जोकि मणिपुर का परम्परागत शक्ति केंद्र है और चुराचांदपुर के पीस मैदान में। इम्फाल मैतेई बहुल मणिपुर घाटी में है और चुराचांदपुर कूकी बहुल जिला है, पहाड़ी क्षेत्रों की सीमा पर। मणिपुर में प्रधानमंत्री की संभावित यात्रा पर प्रतिक्रिया मिश्रित है। अधिकतर लोग कह रहे हैं कि मोदी 'बहुत देर' से मणिपुर की यात्रा कर रहे हैं। कूकी-जो परिषद के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग को उम्मीद है कि मोदी उनके समुदाय के प्रतिनिधियों व नेताओं से भी मुलाकात करेंगे, 'अगर वह हमारी मुश्किलों को समझने व हमारे मुद्दों का समाधान करने के लिए आ रहे हैं'। वुअलजोंग को उम्मीद है कि मोदी आईडीपी (अंदरूनी तौरपर विस्थापित लोगों) की मुश्किलों को समझने के लिए राहत कैम्पों में भी जायेंगे। मोदी की यात्रा से मणिपुर की समस्या का कोई समाधान निकलेगा या शांति स्थापित होगी, फिलहाल कुछ भी कहना कठिन है। लेकिन इस बीच दो महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं- एक कूकी-जो काउंसिल (केजेडसी) से इम्फाल-दीमापुर नेशनल हाईवे-2 खोलने के लिए ताकि गुड्स व लोगों का आना जाना हो सके और दूसरा कूकी मिलिटेंट्स गुटों के प्रतिनिधियों से कि वह मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बरकरार रखते हुए अपने ऑपरेशनों के स्थगन का नवीनीकरण करेंगे।

भारत के गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार, कूकी नेशनल आगेर्नाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट (यूपीएफ) के प्रतिनिधियों के बीच 4 सितम्बर 2025 को ऑपरेशन स्थगन नवीनीकरण त्रिपक्षीय समझौता हुआ। हालांकि यह समझौता 2008 से ही लागू था, लेकिन फरवरी 2024 के बाद से इसका नवीनीकरण नहीं हो सका था। अब इसका एक वर्ष के लिए कुछ नई शर्तों के साथ विस्तार किया गया है- केएनओ व यूपीएफ सात निर्धारित कैम्पों को कम असुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के लिए तैयार हो गये हैं, कैम्पों की संख्या में भी कमी लायी जायेगी। सीआरपीएफ या बीएसएफ के निकटतम कैम्पों के पास हथियारों को रखा जायेगा, कैडर की फिजिकल वेरिफिकेशन होगी ताकि कोई विदेशी घुसपैठ न कर सके और कैडर को मुआवजा डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिये दिया जायेगा। नवीनीकरण के जो संशोधित नियम हैं, उनका उद्देश्य राज्य में स्थायी शांति व स्थिरता लाना है। नियमों का उल्लंघन न हो, इसके लिए एक संयुक्त निगरानी गुट का गठन किया गया है। इस नवीनीकरण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि केएनओ व यूपीएफ से समयबद्ध अंदाज में भारतीय संविधान के तहत राजनीतिक वार्ता की जायेगी, जिसका अर्थ है कि इन दोनों गुटों को हिंसा का रास्ता पूर्णतः छोड़ना पड़ेगा और मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता में विश्वास करना होगा। पुराने समझौते का यह संशोधित नवीनीकरण मणिपुर में स्थायी शांति स्थापित करने के प्रयासों में 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है बशर्ते कि केंद्र व राज्य सरकारें इस या उस पक्ष की तरफ झुकती हुई प्रतीत न हों। बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह व उनके समर्थकों को उम्मीद है कि मोदी की संभावित यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शासन हटाने व फिर से बीजेपी सरकार गठित करने की घोषणा की जायेगी।

अगर ऐसा होता है तो यह राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा क्योंकि आम धारणा यह है कि बिरेन सिंह की सरकार मैतेई समुदाय की तरफ झुकी रही व उसी के कारण ही मणिपुर में हिंसा की आग ठंडी न हो सकी और उसे बहुत देर से हटाने के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। दूसरी ओर कूकी काउंसिल को उम्मीद है कि जो त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, उससे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासनिक व्यवस्था गठित कर दी जायेगी। मैतेई समुदाय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग प्रशासनिक व्यवस्था के गठन का विरोध करता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मणिपुर की समस्या बहुत जटिल है और उसका समाधान आसान नहीं है। मणिपुर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री क्या प्रस्ताव रखते हैं, यह तो उनकी यात्रा के बाद ही मालूम हो सकेगा।

> पुराने समझौते का यह संशोधन, नवीनीकरण मणिपुर में स्थायी शांति स्थापित करने के प्रयासों में 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है, बशर्ते कि केंद्र व राज्य सरकारें इस या उस पक्ष की तरफ झुकती हुई प्रतीत न हों।

### सोशल मीडिया



सभी को खासकर मेहनती शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मन के पोषण के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मजबूत भविष्य की नींव है।

पीएम मोदी.

# जीवन में सरलता

### अंतर्दृष्टि

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है।

## आप की बात

### नक्सलियों का खात्मा

गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने की घोषणा कर दी है। इस दिशा में गंभीर आपरेशन भी चल रहे हैं। नक्सली मारे जा रहे हैं और बड़ी संख्या में आत्म समर्पण भी कर रहे हैं। लेकिन नक्सली के साथ आतंकियों को भी खत्म करना जरूरी है। क्योंकि आतंकवाद देश के लिए एक गंभीर समस्या है। इससे देश को ब हुत ही अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए आतंकवाद पर कठोर प्रहार होना बहुत जरूरी है।

आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो। लेकिन अब सेना और सुरक्षा बल यह इंतजार नहीं करते हैं कि आतंकवादी कोई हमला करें तब उनको जवाब दिया जाये। अब सेना रिएक्टिव के बजाय प्रोएक्टिव एक्शन लेती है। ऐसे में जहां भी पता चलता है कि यहां आतंकी मौजूद हैं या छिपे हुए हैं तो वहां सर्च ऑपरेशन लांच करती है।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संसाधनों का केन्द्रीयकरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये।

इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है।

**आशुतोष वर्मा, लखनऊ.**

# क्या बिहार में खेल करेंगे पीके



राजनीति ■ राधा रमण

बिहार में सियासी सरगर्मी चरम पर है। विधानसभा चुनाव की घोषणा अगले माह होने के आसारहैं। ऐसा इसलिए कि चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन इस माह 30 सितंबर को करने की घोषणा की है। वैसे भी बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। उसके पहले चुनावी गतिविधियां हर हाल में समाप्त करनी होंगी और नई सरकार का गठन करना संवैधानिक बाध्यता है। इस बार भाजपा बिहार में सरकार बनाने पर आमादा दिखती है। उसके समक्ष 'अभी नहीं तो कभी नहीं' की स्थिति है। फिलहाल प्रदेश में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। उसके 80 विधायक हैं। भाजपा के लिए यह संख्या सर्वाधिक है। 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए कम से कम 122 विधायक चाहिए। सवाल यह कि बाकी के विधायक कहां से आएंगे? पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व में प्रवक्ता रहे डा. विनोद शर्मा की मानें तो बिहार में इस बार एनडीए की लहर है। नीतीश कुमार की अगुवाई में सरकार ने समाज के हर तबके के लोगों को राहत पहुंचाई है। किसानों को 120 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ा है। पत्रकारों, बुजुर्गों, विधवाओं और जेपी आंदोलन के मीसाबंदियों के पेंशन में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। यही नहीं, स्वरोजगार के लिए महिलाओं को सस्ते दर पर कर्ज देने के लिए सरकारी खजाना खोल दिया गया है। सड़कें चकाचक हैं और नौकरियों की बहार है। जनता को और क्या चाहिए? इसमें दो राय नहीं कि बिहार की महिलाओं के सिर पर नीतीश का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। यह वोट इस बार नीतीश के पक्ष में कितना जाएगा, यह चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा, क्योंकि बिहार के अधिकांश जिले बाढ़ की चपेट में हैं और करीब 17 लाख आबादी सड़कों और राहत केंद्रों में शरण लिये हुए हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं और बच्चों की है। दूसरी तरफ राज्य में अपराधी पुलिस के रसूख को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। विपक्ष इसे एनडीए का जंगलराज बता रहा है। महिलाएं इस अराजकता से भी पीड़ित हैं। ऐसे में महिला वोटरों में बिखराव हो जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। राज्य में नीतीश की बिरादरी कुर्मी जाति का वोट करीब 6 प्रतिशत है, यह वोट भी अभी तक नीतीश के पक्ष में पड़ता रहा है। यही वजह है कि नीतीश पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से बिहार की सत्ता पर काबिज हैं।

बिहार में महागठबंधन भी इस बार पूरा जोर लगाए हुए है। राज्य में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को अपेक्षाकृत अधिक सफलता मिली। वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को शेरशाह सूरी की धरती सासाराम से शुरू होकर 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान से निकल कर डाकबंगला चौराहे पर समाप्त हो गई। पुलिस प्रशासन ने इसे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। इसमें महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल रहे। वोट अधिकार यात्रा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रवक्ता संजय राउत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, टीएमसी सांसद यूसुफ पठान, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी शिव कुमार, माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी के मुकेश साहनी, भूपेन्द्र बघेल, अशोक गहलौत, प्रियंका गांधी समेत कई नेता शामिल रहे। विपक्ष राज्य से पलायन, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहा है। लोगों को नौकरी और डोमिसाइल नीति बनाने की बात कह रहा है। एसआईआर के खतरे के प्रति आगाह कर रहा है। सरकार बनने पर महिलाओं को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देने और सुशासन का ख़्वाब दिखा रहा है। इस बीच बिहार के माउन्टेन मैन दशरथ मांझी के परिजनों के लिए गयाजी के गहलोर गांव में पक्का घर बनवाकर राहुल गांधी ने अपनी जय-जयकार करा ली है। दशरथ के बेटे भागीरथ मांझी इसके लिए नीतीश कुमार से लेकर जीतनराम मांझी और भाजपा के कई बड़े नेताओं का चक्कर लगाकर थक चुके थे। इससे आसपास के गांवों में भी राहुल के लिए हमदर्दी जगी है। यह सहानुभूति वोट में कितनी तब्दील होगी?




बिहार की सियासत का तीसरा केंद्र बने प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज पर सबकी निगाहें टिकी हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि प्रशांत इस चुनाव में बड़ा खेल करेंगे। वह अपने दम पर सरकार बनाने से लेकर दोनों बड़े गठबंधनों (एनडीए और महागठबंधन) का खेल बिगाड़ने तक का हो सकता है। एनडीए और महागठबंधन से समान दूरी बनाने वाले लोग आजकल पीके की तरफ खिंचे चले आ रहे हैं। कहना न होगा कि ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है। इनमें रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस और उद्योगपतियों की संख्या काफी है। इसके लिए प्रशांत किशोर बिहार के बाहर रहने वाले प्रवासियों के संपर्क में हैं। उधर, राज्य में जनसुराज की गतिविधियां लगातार जारी हैं। विधानसभा स्तर तक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। पीके ने पलायन के मुद्दे को ठीक से पकड़ा है। वह कहते हैं कि बिहार की बदहाली में यहां के नेताओं की बड़ी भूमिका है। जब तक झारखंड राज्य नहीं बना था, बिहार की बदहाली कम दिखती थी। अब सरेआम हो चुकी है। वह मतदाताओं से कहते हैं कि इस बार का मतदान अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए कीजिए। बिहार में रोजी-रोजगार की व्यवस्था के लिए वोट कीजिए। प्रशांत अपनी सभाओं में नीतीश और लालू दोनों को बिहार की बदहाली के लिए बराबर का जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कहते हैं कि पिछले 35 वर्षों से बिहार में इन्हीं दोनों का शासन रहा है। वह दोनों को नागनाथ और सांपनाथ बताते हैं। कहते हैं कि दोनों विषधर हैं, दोनों डंसते हैं। प्रशांत किशोर जाने-माने चुनावी रणनीतिकार रहे हैं। वर्ष 2014 के संसदीय चुनाव में नरेंद्र मोदी के चुनावी रणनीतिकार रहे थे। भाजपा को सत्ता में लाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। 2015 के विधानसभा चुनाव में वह जनता दल (यू) की तरफ से महागठबंधन के रणनीतिकार रहे थे। तब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने में उनकी अहम भूमिका थी। इससे उनकी लोकप्रियता और कमाई दोनों बढ़ी है। इस बार वह जदयू और राष्ट्रीय जनता दल दोनों पर बराबर हमलावर हो रहे हैं। आश्चर्य यह कि प्रशांत किशोर पर जवाबी हमला जदयू और राजद कम बल्कि भाजपा ज्यादा कर रही है। पिछले दिनों चार सीटों के हुए उपचुनाव में जनसुराज तीन सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। उसे 10 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। पीके बताते हैं कि भाजपा को दस प्रतिशत वोट पाने में 20 साल लगे थे। उपचुनाव के समय हमारी तैयारी प्रीमैच्योर थी। तब भी इतने वोट मिले। वह कहते हैं कि विधानसभा चुनाव में जनसुराज या तो अर्श पर रहेगी या फर्श पर रहेगी। बीच की गुंजाइश काफी कम है। अगर लोगों ने जाति-धर्म से हटकर मतदान किया तो हम अकेले अपने बूते पर सरकार बना सकते हैं, लेकिन बिहार में जाति की राजनीति लंबे समय से जड़ जमाये है। वहां के लोग डॉक्टर और मास्टर भी अपनी जाति का ही खोजते हैं। ऐसे में प्रशांत की जनसुराज क्या गुल खिलाती है, यह समय बताएगा।

रोहतास जिले के बगेयां गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकेश्वर सिंह का मानना है कि प्रशांत किशोर बिहार के केजरीवाल बनने की जुगत में हैं। वह चुनाव जीतें अथवा नहीं, लेकिन दोनों मुख्य गठबंधनों (एनडीए और महागठबंधन) का खेल जरूर खराब करेंगे। इस बीच, गंभीर अपराधों में 30 दिन के लिए जेल जाने पर प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने संबंधी बिल को कैबिनेट की मंजूरी और संसद में पेश कर केंद्र सरकार ने बड़ा दांव चल दिया है। अगर यह बिल कानून बन जाता है तो इसका देशव्यापी असर पड़ेगा और बिहार भी इससे अछूता नहीं रहेगा। यही कारण है कि विपक्ष इस बिल का पुरजोर विरोध कर रहा है। विपक्ष की यह आशंका निर्मूल नहीं है कि सरकार इसका इस्तेमाल विपक्ष की सरकारों को बर्खास्त करने के लिए करेगी। बिहार में विपक्ष के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव हैं। उन पर पहले से ही कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। ऐसे में यह सवाल मौजूं है कि अगर केंद्र सरकार का बिल संसद से पारित होकर कानून बन जाता है और महागठबंधन बिहार में चुनाव जीत भी जाता है तो उसकी सरकार कितनी टिकाऊ होगी। वैसे यह कानून बनाने के लिए संसद के दोनों सदनों में सरकार को दो तिहाई बहुमत की दरकार पड़ेगी जो सरकार के पास फिलहाल नहीं है।

संक्षेप

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होताः कुलपति

**मिल्कीपुर-अयोध्या** । आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस मौके पर कुलपति ने सूर्य भगवान की तुलना शिक्षक से करते हुए बताया कि जिस प्रकार सूर्य की रोशनी से पौधों को ऊर्जा मिलती है उसी प्रकार शिक्षक भी छात्रों को ऊर्जा देने का कार्य करते हैं।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता वह जीवन पर्यंत अपने ज्ञान से दूसरों को सींचने का कार्य करता है। कृषि अधिष्ठाता डॉ डी.के सिंह ने कहा कि समाज के विकास में शिक्षक दीपक का कार्य करता है।

एक अच्छे समाज के विकास के लिए अच्छे लोगों का चयन जरूरी है। एक सफल व्यक्ति के पीछे शिक्षक का हाथ होता है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास जरूरी है। किसी बड़े सपने को साकार करने के लिए लक्ष्य भी बड़ा निर्धारित करना होगा।

# देश व समाज की प्रगति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिकाः चेतनारायण सिंह

जिला संवाददाता



**अयोध्या**। देश व समाज की उत्तरोत्तर प्रगति में शिक्षा और शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है सभी शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने और राष्ट्र समाज के हित में कार्य करने में अपना पूरा योगदान देते रहे उक्त बातें कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा कांग्रेस कार्यालय भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं शिक्षक समारोह की अध्यक्षता शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉक्टर कमलेश यादव ने किया तथा संचालन जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ अवनीश वर्मा ने किया सम्मान समारोह का शुभारंभ जनपद के जाने-माने शिक्षक नेता कांग्रेस शिक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष राम अनुज तिवारी ने भारत रत्न प्रख्यात शिक्षाविद् डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि करकेकिया कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्ण की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है एक आदर्श शिक्षक के रूप में हुए हम सभी के प्रेरणा स्रोत रहे हैं उनकी जयंती पर संकल्प लेकर शिक्षक समाज को मार्गदर्शन देने का काम करें पूर्व विधायक माधव प्रसाद पूर्व प्रधानाचार्य अशोक तिवारी ने कहा शिक्षक समाज कोभावी पीढ़ी कोदिशा देने का काम करते हैं कांग्रेस ने शिक्षकों को सम्मान दिया पेंशन दी आज जो लोग सत्ता में है केवल शिक्षकों से काम लेते हैं उनकी सुविधा से उन्हें कोई मतलब नहीं प्रधानाचार्य प्रिय रामशरण सिंह ने कहा शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होता है देश की शिक्षा आगे बढ़ाने तथा आधुनिक बनाने में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का पूरा योगदान है जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता शीतल पाठक ने बताया शिक्षक दिवस पर हिंदू इंटर कॉलेज रुदौली के प्रधानाचार्य प्रिया राम शरण सिंह को जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह फूल माला और साल भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता करें रहे शिक्षा यह प्रकोष्ठ केप्रदेश महासचिव डॉक्टर कमलेश यादव ने कार्यक्रम में आए सभी शिक्षकों कांग्रेस नेताओं का स्वागत करते हुए आभार जताया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह सलूजा अशोक कनौजिया मोहम्मद आरिफ पीसीसी सदस्य अजीत वमार्पूर्व प्रधानाचार्य अशोक तिवारी परमात्मा प्रसाद वर्मा अमित चैधरी डॉक्टर श्याम प्रकाश वर्माइंद्र कुमार वर्मा अजीत वर्मा आदि मौजूद रहे

## सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन



**अयोध्या**। अवध विश्वविद्यालय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन आक्टा द्वारा दिनांक 5 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घकालीन योगदान को याद किया गया और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि फुपुक्टा अध्यक्ष प्रो वीरेंद्र सिंह चैहान महामंत्री प्रो प्रदीप सिंह रहे।

इस अवसर पर आक्टा के पदाधिकारियों एवं अनेक शिक्षाविदों ने शिक्षकों की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार वह संपूर्ण शिक्षक समाज के लिए आज भी एक आदर्श बने हुए हैं। अपने उन आदर्शों के कारण आज भी अपने यशोशरीर से हम लोगों के बीच उपस्थित हैं। कार्यक्रम में आक्टा पदाधिकारी के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आशुतोष सिंह महिला उपाध्यक्ष प्रो आशा गुप्ता विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ शिव बहादुर तिवारी जी एवं डॉक्टर वेद प्रकाश बेदी जी आक्टा उपाध्यक्ष डॉ उदल कुमार यादव डॉ धनंजय मौर्य जी संयुक्त मंत्री डॉ पूनम शुक्ला एवं डॉ अखिलेश पटेल जी उपस्थित रहे एवं शिक्षकों के सम्मान समारोह एकल स्थानांतरण से हमारी विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किए हुए शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य किया। समारोह में सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में दिवंगत साथियों के परिजनों को 5 लाख का की सहायता राशि तथा गंभीर बीमारी गंभीर बीमारी वाले साथियों को भी सहायता राशि प्रदान की गई। आता अध्यक्ष डॉ जन्मेजय तिवारी जी ने आभार व्यक्त करते हुए कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने न केवल कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि समस्त कार्यक्रमों को सहर्ष स्वीकार करते हुए दिवंगत साथियों एवं गंभीर बीमारी से निजात पाए साथियों को सहायता राशि देने हेतु आक्टा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। आक्टा के अध्यक्ष डॉ जनमेजय तिवारी और महामंत्री प्रो अमूल्य सिंह ने कहा कि शिक्षकों का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके अनुभव भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से साकेत महाविद्यालय के प्रो आशुतोष सिंह एवं आक्टा कोषाध्यक्ष डॉ उदल कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक महाविद्यालयों के शिक्षक, प्राध्यापक व शिक्षाविद उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जुलूस-ए-मुहम्मदी में उमड़ा जन सैलाब



**सोहावल-अयोध्या**। जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और अनुशासन के साथ निकाला गया। इसी कड़ी में जुलूस रौनाही मदरसा से प्रारंभ होकर थाना रौनाही होते हुए सोहावल चैराहा से बेनीपुर होते हुए रौनाही में समाप्त हुआ।इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहे। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारा, मोहब्बत तथा शांति का पैगाम दिया।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नात-ए-पाक पढ़ी और अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सभी की सक्रिय भागीदारी रही। जिससे माहौल सरस और रूहानी बना रहा। इस मौके पर बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर, सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, रौनाही प्रधान प्रतिनिधि खुर्शीद खान, पूर्व प्रधान मिर्जा बब्लू, पूर्व प्रधान मेराज खान, जय सिंह यादव, दान बहादुर यादव, अहसात खान, बसरतुल्लाह खान, मौलाना नवखेज, आफताब अंसारी, जफर आलम आदि मौजूद रहे मौजूद रहे।वहीं शारदा सहायक नहर पुल पर भाकियू के प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि लंगरे रसूल चलाया गया।

# भूटान के पीएम दासो शेरिंग टोबेगो ने रामलला के किए दर्शन





जिला संवाददाता

**अयोध्या**। भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबेगो शुक्रवार की सुबह रामनगरी अयोध्या पहुंचे और पहले विदेशी प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ रामलला के दर्शन किए।

भूटान के प्रधानमंत्री शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे अपने तय कार्यक्रम के अनुसार भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से बिहार के गया से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही समेत विदेश मंत्रालय, शासन, प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सीधे राम मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान थोड़ी देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया। भूटान के पीएम सुबह 10:00 बजे राम मंदिर पहुंचे। करीब एक घंटे 40 मिनट के राम मंदिर प्रवास में उन्होंने रामलला और राम दरबार के दर्शन किए। इसके साथ ही कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडपम के मंदिरों में भी दर्शन पूजन किया। उन्होंने लोअर प्लिंथ के चारों ओर लगने वाले म्यूरल के साथ परकोटा की दीवार पर लगने वाले ब्रांज के म्यूरल को भी निहारा। इस दौरान अपने मोबाइल से रामजन्मभूमि परिसर की तस्वीरें कैद करते रहे। राम मंदिर की नक्काशी उनको बहुत अच्छी लगी। राम मंदिर में दर्शन और भ्रमण के दौरान वह काफी प्रसन्न थे। रामलला के दरबार में उन्होंने तीन बार साष्टांग प्रणाम किया। रामलला की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किया। इसके बाद चरणामृत प्रसाद ग्रहण किया। राम मंदिर से प्रधानमंत्री होटल रामायणा पहुंचे। यहां पर भूटान की पारंपरिक शैली में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उनका स्वागत किया गया। प्रदेश सरकार की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से उनके सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। दोपहर भोज में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री अयोध्या एयरपोर्ट आए और यहां से भारतीय वायुसेना के विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच भोजन सामग्री पहुंचाने में जुटी राजस्व टीम



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**। पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण बैराज से छोड़े गए पानी से तहसील क्षेत्र में सरयू नदी उफान पर है। विकासखंड पूरे डलई के ग्राम गुनौली, कोयलावर, जलालपुर, टिकरी गांव मे बाढ़ से फसलें जलमग्न हो गई हैं और कई परिवार बेघर हो गए हैं। तहसीलदार महिमा मिश्रा ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। राजस्व विभाग की टीम प्रभावित परिवारों में सुबह का नाश्ता, दोपहर व शाम में भोजन के रूप में कुल 2500 लंच पैकेट वितरण कर रही है। लगातार सरयू नदी का जलस्तर कम हो रहा है क्षेत्र में आवागमन हेतु 3 नाव व 2 मोटरबोट संचालित है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच** । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार 06 सितम्बर 2025 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी तथा तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## डाकघरों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होगा विशेष शिविर

**बहराइच** । अधीक्षक डाकघर, बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बेड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# मेरी आत्मा ज्ञान व दर्शन के लक्षणों से युक्त हैः आचार्य श्री सौरभ सागर



**बाराबंकी**। मेरा आत्मा के अलावा कुछ भी नहीं है यही उत्तम आकिंचन हैं। वह मेरी आत्मा ज्ञान व दर्शन के लक्षणों से युक्त है इस लक्षण में कोई आवरण नहीं पड़ा है केवल आचरण है। गृहस्थ जीवन में रहकर ये सोचते रहो की हे प्रभु तुम्हारी मुद्रा को

**● जैन मंदिर में एक माला प्रभु के नाम पर पहेलियां और पेपर गेम का आयोजन**

नमस्कार करता हूँ और तुम्हारी जैसी मुद्रा धारण किये हुए मुनिराज को भी नमस्कार करता हूँ। इस संसार में लेकर भी कुछ नहीं आया था और साथ लेकर भी कुछ नहीं जाएगा। उक्त उद्गार ज्ञानयोगी आचार्य श्री सौरभ सागर ने उत्तम आकिंचन धर्म का अर्थ बताया। प्रातः काल जैन श्रावक मंदिर पहुंचने पर लोक कल्याण के लिए सभी जीवों में सुख समृद्धि व शांति का संचार हेतु चैबीस तीर्थंकर भगवान का मंत्रोचार के साथ अभिषेक और शांतिधारा किया गया। सांयकालीन सभा में प्रभु की सामूहिक आरती किया गया। जिसमे छोटे छोटे बच्चों ने भाव नृत्य किया। निकिता जैन ने एक माला प्रभु के नाम, अजब गजब पहेलियाँ एवं पेपर गेम का आयोजन किया। इस अवसर पर राज कुमार जैन धनावत, ज्योति जैन, प्रखर जैन, आकाश जैन, दीपक जैन, रजनी जैन, रुपाली जैन, स्वेता सेठी लक्समी जैन, अतुल जैन, पंकज छाबड़ा मौजूद रहे।

## जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरकः जिला कृषि अधिकारी

जिला संवाददाता

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 4307 मैट्रिक टन यूरिया, 5527 मैट्रिक टन डीएपी, 3820 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13090 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 61669 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 446 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी सहकारी समितियां को पर यूरिया उर्वरक भेजी जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ए.आर. को-आपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ प्रतिदिन बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां उर्वरक भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्राम प्रधान की पत्नी लापता

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के सत्ती चैरा चैकी क्षेत्र की ग्राम सभा बरई कला ग्राम प्रधान रामदीन की पत्नी सावित्री देवी घर से लापता हो गयी। घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम देकर आस-पास तालाश करने के बाद भी कहीं पता नहीं चल सका।

परिजनों के अनुसार बीते वृहस्पतिवार की दोपहर को खेत की ओर गयी थी। देर शाम तक घर नहीं आई। दिमागी हालत ठीक नहीं होने के कारण किसी अनहोनी की आशंकाऐं बनी हुई हैं। इस सम्बन्ध में चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने जानकारी होने से इंकार किया। चैकी प्रभारी ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## संस्कार भारती अवध प्रांत की बैठकसंपन्न



**बहराइच**। तारा महिला इंटर कॉलेज के सभागार में संस्कार भारती अवध प्रांत इकाई बहराइच के गठन एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्कार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार व्यास मुख्य अतिथि रहे तथा विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सिंह अवध प्रांत मंत्री संस्कार भारती व रवि रूद्रांश जिलाध्यक्ष संस्कार भारती जनपद बाराबंकी की उपस्थिति रही। देशराज सिंह के संचालन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जनपदीय कार्यकारिणी बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले शिव कुमार सिंह रैकवार, राम संवारे द्विवेदी चातक, निशा शर्मा, रमेश चन्द्र तिवारी, गुलाब चन्द्र जायसवाल, प्रदीप बहराइची, राम सूरत वर्मा, अयोध्या प्रसाद नवीन, वीरेश पांडेय, सनी जायसवाल, जगदीश केशरी, संतराम वर्मा, जसवीर सिंह जस्सी, ओम प्रकाश यादव, ममता जायसवाल, अजित मौर्य, सोमेश मौर्य सावन, राकेश दुबे, दयानन्द शर्मा, अर्पण शुक्ल आदि विद्वतजन की उपस्थिति रही।

## आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



**बहराइच** । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द विकास खण्ड रिसिया अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र रघुनाथपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर बच्चों को समय से आंगनबाड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। लाभार्थियों को

**● रेन हार्वेस्टिंग टैंक ढकवाने के दिये निर्देश**

मिलने वाली सेवाओं को सुचार रूप से संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि केन्द्र पर ई-सीसीई सामग्री, आरओ सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहे। बच्चों को मिलने वाला पुष्टाहार भी केंद्र पर वितरित किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान रेन हार्वेस्टिंग टैंक खुला पाये जाने पर सीडीओ ने निर्देश दिया कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत टैंक पर ढक्कन लगवा दिया जाय। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने स्पष्ट किया कि बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंगनबाड़ी सेवाएं गरीब व जरूरतमंद बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का अहम साधन हैं। उन्होंने कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचाए। सीडीओ ने कहा कि उनके द्वारा शीघ्र ही अन्य केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के समय डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, सीडीपीओ अनुज कुमार, पर्यवेक्षिका मोनिका तथा मुख्य सेविका रीता सोनी भी मौजूद रहीं।

# अराजक तत्वों ने मारपीट की



**बहराइच**। जनपद बहराइच को ग्राम पंचायत झाला कला में संतोष पाठक के घर पर अराजक तत्वों के लोगों के द्वारा दूसरे गांव से आकर घर में घुसकर मारपीट किया और तोड़फोड़ किया और महिलाओं के साथ में छेड़खानी जैसे वारदात को लेकर स्थानीय थाना में प्रार्थी के द्वारा शिकायत पत्र दिया गया था जिस पर एस ओ मटेरा अभिनव प्रताप सिंह के द्वारा तत्काल भाव से विपक्षियों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत किया गया था वही विधायक जी के अचौक निरीक्षण के द्वारा इस मामले में बताया गया है परिजनों ने कहा है कि विधायक जी से शिकायत किया है कि आज करीब 13 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक मटेरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी नहीं किया गया है जिस संबंध में आज माननीय नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा जी ने ग्राम पंचायत झाला कला में पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को आश्वासन भी दिया है कि परेशान मत होना और वही विधायक जी के तरफ से यह भी बताया गया है कि अगर पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं करती है तो बड़े स्तर पर व बड़े पैमाने पर सभी मंडल अध्यक्षों व विधायक और तमाम कार्यकर्ता गणों के साथ में बहराइच में धरना प्रदर्शन करने का भी आश्वासन दिया है और वहीं पर मान्य विधायक रामनिवास वर्मा जी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा है कि अगर इस मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं करती है और पुलिस रवाइया अच्छा नहीं रहा तो हल्का में तैनात पुलिस अफसर को तत्काल भाव से सस्पेंड करवा दिया जाएगा और वहीं पर विधायक रामनिवास वर्मा जी ने जनपद के सभी उच्च आला अधिकारियों को भी फोन करके इस मामले को अवगत कराया है और तत्काल भाव से अराजक तत्वों को गिरफ्तारी का आदेश भी विधायक जी ने दिया है। इसी मौके पर थाना मटेरा की काफी पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहे। अब देखना यही होगा कि माननीय विधायक रामनिवास वर्मा जी के द्वारा दिए गए आदेशों का भी प्रशासन के द्वारा पालन किया जाता है या नहीं नानपारा 283 विधानसभा क्षेत्र विधायक रामनिवास वर्मा जी के साथ तीन मंडल अध्यक्ष और तमाम भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे।

## आशाओं, संगिनियों व कर्मचारियों में उठी खुशी की लहर

सोहावल-अयोध्या।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल पर सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का कार्यवाक अधीक्षक डा. उमेश तिवारी को बनाये जाने पर सभी आशाओं,संगिनियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।

सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकत्री आशा बहू संगठन के सभी पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा लिए गए इस अहम निर्णय का स्वागत किया है। संगठन की पदाधिकारी मधु सिंह, कंचन यादव,सरिता दुबे, संगीता चैहान,रानी कनौजिया,रीता यादव,नीलम सिंह,मंजू सिंह, शालनी सिंह,फूलमती,रेनू सिंह,ननका,अजरा बानो, संगीता वर्मा सहित कई आशाओं ने बताया कि हम सब पूर्ण रूप से इस बात से सहमत हैं कि जो भी निर्णय लिया गया है वह समाज के हित में है।हमारी माँग है कि डाक्टर उमेश तिवारी को पूर्णकालिक प्रभार दे दिया जाय। सभी आशा का प्रत्येक कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग पूर्व की भांति मिलता रहेगा।

## एसपी ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**बहराइच**। शिक्षक दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एम्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शिक्षकों को किया गया सम्मानित* भारत के राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एम्स इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा समाज में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए बताया कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए सच्चे मार्गदर्शक होते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते है।

संक्षेप

## पत्नी व प्रेमी ने की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र में युवक की हत्या का राज को पुलिस ने खोल दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला बुधवार की रात का है। सुबह सूचना मिलने पर चांदा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। परिजन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार टीम का गठन पुलिस के द्वारा किया गया। एसओजी व सर्विलांस की मदद से पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि मृतक की हत्या उसकी पत्नी और प्रेमी जयप्रकाश ने की है। दोनों ने पहले से ही मृतक को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। वही पुलिस के मुताबिक, घटना वाली रात जयप्रकाश मृतक को अपने साथ ले गया और उसे शराब पिलाई। अत्यधिक नशे में होने पर जब मृतक घर लौटने लायक नहीं रहा तो उसे रास्ते में पेड़ के नीचे गिरा दिया। जिसके बाद पत्नी को मौके पर बुलाया। वहीं पुलिस के मुताबिक जयप्रकाश ने चाकू से गला रेत दिया और पत्नी ने ईंट से सीने पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। एएसपी ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आदर्श शिक्षक सम्मान से महेश प्रसाद सम्मानित

**सुलतानपुर।** लायंस क्लब सुलतानपुर द्वारा आयोजित समारोह में केएनआईएमटी फामेर्सी संकाय के निदेशक डॉ. महेश प्रसाद को आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान, विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु सतत प्रयास तथा नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक नागरिक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। लायंस क्लब के अध्यक्ष ने डॉ. प्रसाद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. महेश प्रसाद ने यह उपलब्धि अपने विद्यार्थियों और सहयोगी शिक्षकों को समर्पित करते हुए कहा कि शिक्षक का सबसे बड़ा पुरस्कार उसके छात्रों की सफलता होती है। उनका यह सम्मान संपूर्ण शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है।

## जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक अरुण कुमार प्रजापति के निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर पहुंचकर शिक्षकों को सम्मानित किया। घूरीपुर गांव में स्थित निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर कार्यक्रम में प्रधान प्रेम नारायण माली, रंजीत वर्मा, प्रेमसागर वर्मा, नीलकमल, दिनेश कुमार व पूर्व प्रधान विनय कुमार, रणधीर सिंह ने गोरसरा गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथाना के शिक्षकों अरुण कुमार प्रजापति, नरेंद्र प्रताप वर्मा, विनय कुमार विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, इंद्रेश कुमार, संतोष कुमार को सावित्री बाई फुले का चित्र देकर अंग वस्त्र ओढ़ाकर शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। बताते चलें कि शिक्षक अरुण कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय में पठन पाठन के बाद रोजाना दर्जनों गांवों के बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा घूरीपुर गांव में एक किराए के कमरे में दो घंटे देते हैं। जिससे बच्चे कई जगहों पर कंपटीशन में परीक्षा देकर उत्तीर्ण भी हो चुके हैं, और आगे की पढ़ाई में लगे हैं।

# आखिरकार प्रसूता की मौत का हो ही गया सौदा

### आखिर कब तक होती रहेगी निजी अस्पतालों में मरीजों की मौतें




**बछरावां, रायबरेली।** प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काटा राजमार्ग जाम किया प्रशासन ने राजमार्ग का जाम हटवाया उसके बाद शुरू हुआ दोनों पक्षों मे बातचीत का सिलसिला। एजेंटों का काकश कितना मजबूत था कि आखिरकार प्रसूता की मौत का सौदा हो ही गया। अभी बीते 18 अगस्त को एक प्रसूता की मौत बछरावां के इसी अस्पताल आर के चौधरी हॉस्पिटल मैं मैं हुई थी। उसकी चिता की आग ठंडी नहीं हुई की दूसरी प्रसूता को बलि की बेदी पर चढ़ा दिया गया। आखिरकार कब तक क्षेत्र में भोले भाले ग्रामीण नागरिकों की बहू बेटियों की मौतें होती रहेगी।

**पति की जुबानी कैसे हुआ मौत का सौदा**

कल प्रसूता निशा की मौत नॉर्मल डिलीवरी के बाद अस्पताल की लापरवाही से हुई। उसके बाद जब शुरू हुआ सिलसिला बातचीत का तो अस्पताल प्रशासन ने सफेदपोशों की मदद से उसके पति को चार लाख रुपए की पेशकश की आखिरकार अस्पताल प्रशासन द्वारा दो लाख नगद और दो लाख की चेक मौत के बदले दी गई। वहीं संवाददाता से उसके पति नरेंद्र ने बताया कि अस्पताल प्रशासन चार देने को तैयार था हम घर के अकेले है दौड़ भाग नहीं कर सकते इसीलिए चार लाख पर मान गए हैं। अब क्या उनके मानने से लापरवाही पर पर्दा पड़ जाएगा। कम से कम पिछली बार जब प्रसूता की मौत हुई थी परिजनों ने मौत का सौदा तो नहीं किया था। सीधी लड़ाई लड़ने के लिए कानून का सहारा लिया और बछरावां थाने में शिकायती पत्र देकर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। अब आने वाला समय बताएगा कि उसे मुकदमे में क्या होगा।

**जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया**

स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार अधिकारी भी अपनी लचर नीति के कारण कोई भी कार्यवाही करने के लिए तैयार नहीं हैं। जहां एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आला अधिकारी सरकार की साख को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं जब कोई बात होती है तब केवल टीम द्वारा जांच की जा रही है जांच की रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी ना जांच की रिपोर्ट आती है ना ही कोई कार्यवाही होती है ले देकर सारे मामले सलटा दिए जाते हैं।

## आईएएस के नाम पर ठगी के मामले में शामिल दूसरे आरोपी की जमानत अर्जी हुई खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में आईएएस की नौकरी दिलाने के नाम पर दर्ज मुकदमे में दूसरे आरोपी मनीष दुबे की जमानत अर्जी को एडीजे प्रथम संतोष कुमार ने खारिज कर दिया है।

आरोपी के अधिवक्ता राजेश कुमार द्विवेदी ने आरोपी मनीष दुबे की इस नौकरी के नाम पर ठगी मामले में खाते में पैसे आए तो लेकिन रिटर्न अथवा लौटा देने की बात कही। साथ ही न तो वादी से फोन पर बात हुई है न ही व्हाट्सएप चैट है और अन्य कोई भूमिका न होना बताया, जबकि एडीजीसी पवन द्विवेदी व वादी मुकदमा के अधिवक्ता अजय तिवारी ने कहा कि सभी आरोपियों ने अपने बैंक खाते में पैसे लिए है, सभी ने मिलकर कूट रचित ज्वाइनिंग लेटर व अन्य कागजात तैयार किए है। मनीष ने तो लेटर लाकर वादी को दिए थे जो व्हाट्सएप चैट व अन्य रिकॉर्ड से स्पष्ट है। अतएव जमानत निरस्त होने योग्य है। उभय पक्ष की दलीलें सुनने के बाद एडीजे ने मनीष की जमानत खारिज कर दिया। इसके पहले 30 अगस्त को वकील बजरंग द्विवेदी की जमानत इसी अदालत से खारिज हो चुकी है। उधर आरोपी श्रेयांश अग्रहरि की जमानत अर्जी पर सुनवाई नौ सितंबर को होगी। आरोपी के अधिवक्ता के अनुरोध पर कोर्ट ने अगली तारीख नियत की। विदित रहे कि 16 जून को कोतवाली नगर में सात आरोपियों के खिलाफ 38 लाख रु की ठगी कर आईएएस की नौकरी देने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

## कृषि संकाय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के कृषि संकाय में शिक्षक दिवस पर बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समारोह की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में छात्रों ने प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह एवं समस्त प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों के भी संवाहक होते हैं। संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों का सच्चा मार्गदर्शक बताया। डॉ. नीरज सिंह ने शिक्षक दिवस का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए शिक्षकों की बहुआयामी भूमिका पर विचार रखे। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषणों और कविता पाठ के माध्यम से शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों व समाजसेवियों का हुआ सम्मान



**अमेठी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के अमूल्य योगदान, कड़ी मेहनत और समर्पण को नमन करते हुए भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू की ओर से शुक्रवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उनके जनसंपर्क कार्यालय अमेठी में हुआ। पिंटू सिंह की गैरमौजूदगी में उनके प्रतिनिधि विजय पाल उपाध्याय और प्रधान संघ अध्यक्ष संग्रामपुर संजय सिंह मुन्ना ने शिक्षकों और समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय पाल उपाध्याय ने कहा कि नए भारत के निर्माण में गुरुजन की सबसे बड़ी भूमिका होती है। हमारे गुरु न केवल शिक्षा देते हैं बल्कि वे छात्रों में व्यवहारिक ज्ञान, नैतिकता और संस्कार भी विकसित करते हैं। इसीलिए माता-पिता के बाद बच्चे के जीवन को आकार देने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने गुरुजनों के सम्मान का फैसला लिया है और उनकी अनुपस्थिति में यह सम्मान समारोह संपन्न कराया गया। उन्होंने आगे कहा कि एक शिक्षक अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में जीवन-यापन और समाज में सही दिशा पाने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है, जो हमें गुरुजनों से ही प्राप्त होती है। कार्यक्रम में सतीश शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष संग्रामपुर संजय सिंह (मुन्ना), शैलेंद्र सिंह डम्पी, विंदेश्वरी दूबे, ओमप्रकाश सिंह, गिरजाशंकर शुक्ल, दिनेश प्रताप सिंह एडवोकेट, दिलीप कुमार वर्मा, धीरेन्द्र कुमार पांडेय, कमलेश यादव, राकेश यादव, त्रिभुवन प्रसाद, दिनेश मिश्र समेत बड़ी संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## ईद ए मिलाद उन नबी के जुलूस का दरगाह पर भव्य स्वागत

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां में बड़ी अकीदत के साथ मुस्लिम भाइयों ने ईद ए मिलाद उल नबी का जुलूस निकाला। जुलूस बाजार की जामा मस्जिद से जुलूस शुरू होकर बछरावां नगर के मुख्य मार्गो से होकर सैयद शाह बाबा की दरगाह पर पहुंचा। दरगाह पर पहुंचने पर जुलूस का दरगाह कमेटी व स्थानीय लोगों नेफूलों की वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चैबंद रही। इस ईद ए मिलाद-उन-नबी के जुलूस में निजामुद्दीन मंसूरी, बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, भैय्यन हुसैन, शहाबुद्दीन, ननकऊ, राजू, रेशू, तुषार, इमरान, अद्दू, तुषार, इकराम, जाबिर, मिनहाज, मेराज, शमीम कुरेशी, मुन्ना आदि लोग एकत्रित रहे। इस कार्यक्रम में उर्स कमेटी के सदर निजामुद्दीन व नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नगर पंचायत नसीराबाद के मोहल्ला मोमिनपुरा मे 12 रबीउल अव्वल के मौके पर होने वाले बीस दिवसीय जलसों का पहला जलसा अब्दुल रशीद मास्टर की तरफ से आयोजित किया गया। जलसे को सम्बोधित करते हुए हजरत मौलाना मोहम्मद साद नदवी ने अपने तकरीर में कहा कि नमाज को पांबदी से पढे, नमाज से ही दीन दुनिया और आखिरत की कामयाबी मिलती है। हमें दुनिया और आखिरत की कामयाबी के लिए मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहवसल्लम और उनके सहाबा की जिंदगी से सबक लेना होगा और उन्हीं के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारनी होगी इसी में हमारी भलाई है। उन्होंने कहा कि मदहे सहाबा पढना हमारा बुनियादी हक है। जलसे मे मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद रईस, मोहम्मद अयाज मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद शमीम, हाफिज मोहम्मद तौहीद हाफिज मोहम्मद दानिश, मोहम्मद मुतुर्जा, मोहम्मद सिद्दीक मोहम्मद गफूर, मोहम्मद नाजिम शेर मोहम्मद मोहम्मद आरिफ ने भी अपने-अपने नातिया कलाम पेश किया। विकासखंड के अंतर्गत शुक्रवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन (ईद मिलादुन्नबी) के उपलक्ष्य में बड़े ही धूमधाम और अकीदत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समाज की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे कस्बे का माहौल सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिक्षक सम्मानित




- न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने मनाया शिक्षक दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा शिक्षक दिवस पर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 138 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर एनएसजीआई ने अपने परिवार के शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एनएसजीआई के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह और संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के साथ माँ सरस्वती का पूजन कर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मदर टेरेसा के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के स्वागत गीत और एनएसपीएस त्रिपुला द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई तत्पश्चात एनएसजीआई परिवार के शिक्षकों को बेस्ट मदर टीचर, बेस्ट हाउस इंचार्ज, डायनेमिक टीचर, बेस्ट क्लास टीचर, को-करिकुलर एक्टिविटी टीचर, शत-प्रतिशत अटेंडेंस, हाईएस्ट एवरेज मार्क्स अचीवर, बेस्ट सब्जेक्ट टीचर और शत-प्रतिशत मार्क्स अचीवर इन बोर्ड एग्जामिनेशन 2025 जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एनएसपीएस सलोन के शिक्षकों की कव्वाली महफिल-ए-उस्ताद (कहानी हर टीचर की) ने रंग जमाया तो एनएसपीएस सलेथू के शिक्षकों का चाक एन्ड चैलेंज अभिनय, आरकेडी एनएसपीएस के शिक्षकों की प्रेरक नाट्य प्रस्तुति, एनएसबीवीएम के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत महिषासुर वध और एनएसपीस त्रिपुला के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका आकर्षण का केंद्र रही। इसी क्रम में एनएसपीएस लालगंज के शिक्षकों द्वारा रेट्रो टू मेट्रो थीम पर आधारित नृत्य, आईडी एनएसपीएस के शिक्षकों द्वारा लवकुश संवाद पर आधारित समूह गीत वएनएसजीआई की म्यूजिक टीम द्वारा शिक्षक दिवस पर विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने कहा कि आज हम सभी शिक्षकों के प्रति समर्पित पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जयंती पर एकत्रित हैं, जिनके सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, शिक्षक समाज का प्रेरणा स्रोत होता है, समाज के प्रति जिम्मेदारी और विद्यार्थियों की सफलता ही एक शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण आयाम है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**भेटुआ ,अमेठी।** डॉक्टर सर्व पल्ली राधाकृष्णन देश के द्वितीय राष्ट्रपति के जन्म दिन के अवसर पर शिक्षक दिवस क्षेत्र के सभी विद्यालयों मे मनाया गया । सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम भारती मे दीप प्रज्वलित कर श्री राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राधे श्याम श्याम सिंह ने कहा कि बच्चों को सादगी मे रहकर अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाना चाहिए। मुख्य अतिथि ने बीते वर्ष कि इंटर मीडियट परीक्षा मे प्रथम स्थान पर रहे अनुराग अग्रहरि , द्वितीय स्थान पर रहे राज प्रताप सिंह व तृतीय स्थान प्राप्त अंकेश मौर्य व हाई स्कूल मे विशाल यादव ,आदित्य शुक्ल व रवि मौर्य को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश निरीक्षक राज बहादुर दीक्षित,प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्र,रामनयन मौर्य,रामनाथ,राजेंद्र मिश्र सर्वजीत संतोष कश्यप के साथ सैकड़ो की संख्या मे अभिभावक भी सम्मिलित रहे।

## ऐहार गांव में शिक्षकों का किया स्वागत सम्मान

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार गांव में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बोलते हुए भाजपा नेता चंदन त्रिवेदी ने कहा कि गुरुजनों के प्रति हृदय तल की गहराइयों से प्रस्तुत किए गए सम्मान की भावना हमें वैश्विक मान प्रदान करती है। चरण स्पर्श और प्रणाम करने के साथ-साथ मन में श्रद्धाभाव रखते हुए गुरुजनों द्वारा प्रदान की गई शिक्षा का समाज और देश के विकास में इस्तेमाल कर उच्चतम ऊचाइयों को प्राप्त करना ही वास्तविक रूप में गुरुजनों को सम्मानित करना है। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजसेवी और भाजपा नेता चंदन त्रिवेदी के द्वारा ऐहार गांव में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चंदन त्रिवेदी ने सभी शिक्षकों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र से सम्मानकिया।

# 50 सेवानिवृत्त शिक्षकों का भव्य सम्मान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षक दिवस पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर द्वारा आयोजित एक गरिमामयी सम्मान समारोह में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से सेवानिवृत्त हुए 50 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा-जगत की तपस्या और समर्पण को नमन करते हुए इन वरिष्ठ शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मानित शिक्षकों में शेषनाथ सिंह (कूरेभार), मुख्तार अहमद (जयसिंहपुर), कविता कुमारी (नगर क्षेत्र), हरिश्चंद्र शर्मा (मोतिगरपुर), चांपा देवी (दोस्तपुर), इंद्रसेन सिंह (अखंडनगर), राकेश सिंह (लंभुआ), बैजनाथ यादव (कादीपुर) सहित जनपद के सभी ब्लॉकों से चयनित शिक्षक शामिल रहे, जिनके दशकों लंबे योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि व प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि हमारे वरिष्ठ शिक्षक वह दीप हैं, जिन्होंने तमस में भी शिक्षा की लौ जलाए रखी। उनके संघर्ष व समर्पण से आज की पीढ़ी आलोकित हो रही है। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट रहकर अधिकारों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने सरकार द्वारा शिक्षकों पर थोपे जा रहे गैर-शैक्षणिक कार्यों पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा शिक्षक को पढ़ाने का अधिकार वापस मिलना चाहिए। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय व जिला मंत्री राम आशीष ने शिक्षकों को संघर्षशील बने रहने की प्रेरणा दी और पुरानी पेंशन बहाली के लिए बड़े आंदोलन का संकेत दिया। समारोह में अटेवा, जूनियर शिक्षक संघ सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच का संचालन मास्टर ट्रेनर सर्वेश सिंह ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षक समाज न केवल जागरूक है, बल्कि संगठित भी है, और वह अपने सम्मान व अधिकारों की रक्षा हेतु हर मोर्चे पर संकल्पबद्ध है।

## मऊ गांव में शिव शक्ति कांवरिया संघ ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** प्रत्येक व्यक्ति को भोजन कराना एक पुनीत कार्य है और हजारों की संख्या में उपस्थित कांवरियों के बीच में रहकर जलपान कराना ईश्वरीय अनुभूति के बराबर है तथा क्षेत्र में ऐसे आयोजनों का होना नितांत आवश्यक है। जिससे कि क्षेत्र सहित गांव में आपसी भाईचारा बना रहे। यह उद्गार महराजगंज क्षेत्र के मऊ बाजार में शिव शक्ति कांवरिया संघ द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह व्यक्त कर रहे थे। क्षेत्र के मऊ बाजार में शिव शक्ति कांवरिया संघ द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री ऊंचेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अहोरवा भवानी, शिवरतनगंज, रामपुर पवारा, फरसी, हैदरगढ़, बाराबंकी, शुकुल बाजार, खेखरुआ, तिलोई, राजा फत्तेपुर, सेमरौता, सिंहपुर समेत दूर दराज से कांवरियों एवं शिव भक्तों का जत्था पहुंचा और प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं विनोद कुमार सोनी ने बताया कि, यह कार्यक्रम सभी ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। लगभग 20,000 भक्तों का प्रसाद तैयार किया गया है। जो भंडारे में उपस्थित उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस मौके पर सहयोगी अंजनी कुमार गुप्ता, राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, भोलू सिंह, सतीश सिंह, शुभम सिंह, ललित सेठ, मनोज कुमार गुप्ता, शिव चंद्र सोनी, रामचंद्र, छेद्दू मित्री, दीपक कुमार, मोतीलाल सोनी, विजय सोनी, राकेश गंगापुर कुटी, संजय, शिव दीन, राकेश कुमार, छोटे तिवारी, रामदीन, लल्लन तिवारी, रिंकू अवस्थी, राजेश सिंह, ज्योति प्रकाश अवस्थी, बृजेश पांडेय, विश्सू तिवारी, संतोष गुप्ता, अनिल आदि सेवा भाव में लगे देखे गये।

## सघन जागरूकता अभियान, समझदारी की बात सबके साथ



**गौरीगंज,अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निदेर्शानुसार सघन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जागरूकता जलामा सोरांव हरिहरपुर पनियार प्रभनपुर लोहंगपुर ग्राम सभा के लोगो को एचआईवी एड्स, एस टी आई के बारे में जानकारी दी गई वहीं कंडोम के बारे में बताया गया साथ ही साथ बताया गया परिवार निवोजन के साथ साथ इसके इस्तेमाल से ल्ब्क्श रळक,फ्ळक हेपिटाइटिस इ उ होने की सम्भवना नही रहती साथ साथ टीबी मुक्त पंचयात होने के साथ साथ अगर किसी को 1 हफ्ते से खासी बलगम बुखार शाम को पसीना वजन में कमी हो तो नजदीकी हेल्थ सेंटर पर बलगम की जांच ७ग्ी जरूर से जरूर कराए अनदेखा न करे साथ ही साथ ल्ब्क्श की भी जांच कराए ये सब निशुल्क है । इस मौके पर अनिल कुमार सिंह,प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह, सिद्धार्थ पाठक समाजसेवी,सुनील पाठक,महेंद्र पाठक,विष्णुदत्त पाठक राजेश मिश्रा,गयाप्रसाद, सरजू रामपदारथ, आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** बारह रबीउल अव्वल शरीफ के मौके पर गोसाईगंज क्षेत्र के कई गांवों बाजारों में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति पूर्वक से मनाया गया। वही भरथीपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी बारह रबीउल अव्वल शरीफ का जुलूस अपने रवायती अंदाज मे पूरे शानो शौकत के साथ निकला गया। भरथीपुर गांव में अकीदत के साथ शुक्रवार दोपहर जुम्मे की नमाज के बाद जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। जगह-जगह पर जुलूस का स्वागत किया गया। जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर मदरसा हमीदिया फुरकनिया में परचम कुसाई के साथ जुलूस-ऐ-मुहम्मदी का आगाज हुआ। नौजवानो ने बड़े ही प्यारे अंदाज में आमादे रसूल पर नातिया कलाम पढ़कर लोगों के दिलो को मुनव्वर किया। कारी शाहनवाज इस्माईली साहब ने जश्ने आमद ए रसूल के मौके पर इस्लाही बयान किया और सरकार दो आलम की प्यारी सीरत के बारे में बताया मेरे आका मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए, आपके आने से दुनिया में अमन चैन आया, खुशहाली आई, औरतों की इज्जत बढ़ी, बेवाओं के चेहरे पर खुशी आई और साथ में आवाम को भी इस हालते मासरे में जो परेशानियां साबित हो रही हैं, उस पर भी इस्लामी रोशनी डाली और बेटियों के शादी पर दहेज की प्रथा के बारे में लोगों को समझाया कि दहेज के सिस्टम को इस समाज से खत्म करने की जरूरत है, जिससे लोगों को अपनी बेटियों के निकाह करने में आसानी हो सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर द्वारिकागंज पुलिस बल मौके पर मौजूद रही। इस मौके पर हाजी मुनीर खाँ, पूर्व प्रधान मिर्जा सज्जन कमाल बेग, इदरीस रजा उर्फ गूडडू, सिराज पठान, निसार पठान, मो. साबिर पठान, शहरयार उर्फ मुन्ना, मिर्जा सुहैल बेग, मिर्जा रेहान बेग, अकील पठान, मो. नफीस पठान, इकराम पठान, मो नसीम, इद्रीस रंगरेज, समीर रंगरेज, इमरान रंगरेज, नसीबुल्ला खाँ, मो. इसरार, आसिफ पठान आदि शामिल रहे।

# कूरेभार में धूमधाम से निकला जलूस-ए-मोहम्मदी

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर शुक्रवार को कूरेभार कस्बे में मुस्लिम समुदाय ने परंपरागत अंदाज में मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का जलूस-ए-मोहम्मदी निकला सुबह 9 बजे के बाद बेलाल जामा मस्जिद से गाजे-बाजे के बीच जलूस रवाना हुआ, जिसमें कस्बे की एक दर्जन से अधिक अंजुमनों ने शिरकत की। दोपहर होते निदुरा, सेमरा, रूसहा सहित अन्य मुस्लिम बाहुल्य गांवों की अंजुमने भी जलूस में शामिल हुई। सैकड़ों की तादाद में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे शानो-शौकत और रवायती अंदाज में जुलूस निकाला। आकर्षक ढंग से सजी अंजुमनों ने पैगंबर-ए-इस्लाम की याद में नारे बुलंद किए। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और नौजवानों तक सभी ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कस्बे के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए जलूस जब चैक पहुंचा तो हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली जहां दर्जनों हिन्दू समाज के बुजुर्गों वो युवाओं द्वारा अंजुमनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह स्टाल लगाकर जलपान और लंगर की व्यवस्था भी की गई। नबी की याद में ह्यसरकार की आमद मरहबाह्न की सदाएं




पूरे कस्बे में गूंजती रहीं। जुमें की नमाज के बाद तमाम अंजुमनों को इनाम भेंटकर हौसला अफजाई की ही। इस दौरान मौलाना शफीक कादरी, रिजवान अहमद, पूर्व प्रधान मो0 असलम, मो. अशरफ खान, आरिफ बाबा, मो. शोएब, समाजसेवी लाडिल खान, मो. शादाब, अमीर पठान, नफीस पठान, आदिल असलम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**विधायक ने किया फल वितरण**

**कूरेभार।** कार्यक्रम में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू विशेष तौर पर पहुंचे। कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार की अगुवाई में दोनों जनप्रतिनिधियों ने कूरेभार चैक पर जलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया और फल वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाए जाने चाहिए। जलूस के दौरान प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कूरेभार थाना प्रभारी रवींद्र सिंह दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश, थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**संग्रामपुर,अमेठी।** कांग्रेस के शीर्ष नेता व अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी पर सोशल मीडिया के जरिए की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। कार्यकताओं ने शुक्रवार को संग्रामपुर थाने पहुंचकर विरोध जताया और संबंधित फेसबुक आईडी धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, ठेंगहा निवासी कांग्रेस सोशल मीडिया जिला सचिव अजय गुप्ता ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट पर सुनील पाल और विश्वजीत सिंह नामक फेसबुक आईडी से आपत्तिजनक व अमर्यादित टिप्पणी की गई। टिप्पणी की भाषा न केवल असंसदीय बताई जा रही है बल्कि इसे कांग्रेसजनों ने देश के सम्मानित नेता पर सीधा हमला माना है। इस घटना के सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने मामले को गंभीर बताते हुए तुरंत संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवेंद्र विक्रम सिंह और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता संग्रामपुर थाने पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह से मुलाकात कर आरोपी फेसबुक आईडी संचालकों पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यकताओं का कहना था कि इस प्रकार की अभद्र टिप्पणियाँ समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती हैं और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विपरीत हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के वरिष्ठ नेता हैं और उनके प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग असहनीय है। उन्होंने मांग की कि मामले की गहन जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करने का साहस न कर सके। इस मौके पर जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य, सोशल मीडिया जिला सचिव अजय गुप्ता, यूथ कांग्रेस नेता बृजेश सिंह, लोहा सिंह, शुभम तिवारी, रवि मौर्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। थाने पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

संक्षेप

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस ने एक अभियुक्त को 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त भोला पुत्र बच्चनलाल निवासी गांधी टौला थाना टूण्डला को रेस्ट कैम्प में खाली खंडहर पड़े रेलवे क्वार्टर के पास थाना टूण्डला से एक अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त से बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पॉक्सो में वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 3.09.2025 को वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के साथ अभियुक्त संदीप यादव पुत्र चोब सिंह निवासी प्रतापपुर रोड 20 फूटा गली के सामने कस्बा व थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद द्वारा बदनीयत से बत्तमीजी व छेडछाड करने के सम्बन्ध पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त संदीप यादव के मकान पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के व्रि०द्ध ार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पुलिस पर जबरन वसूली का आरोप

**रायबरेली।** हरचंदपुर थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने चौकी पुलिस पर जबरन वसूली के आरोप लगाए हैं। गोड़वा गदियानी गांव के अजय कुमार भारती ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। घटना 2 सितंबर 2025 को दोपहर 3 बजे की है। अजय हरचंदपुर में काम से गए थे। गंगागंज में पेट्रोल पंप के पास गुलुपुर चैकी के सिपाहियों ने उन्हें रोका। आरोप है कि सिपाहियों ने उन्हें चौकी ले जाकर मारपीट की। एक लाख रुपये की मांग की गई। पैसे न देने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने उनका एटीएम छीन लिया। पिन नंबर लेकर खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए। सादे कागज पर दस्तखत करवा लिए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। थाना अध्यक्ष आदर्श कुमार सिंह का कहना है यह मामला एक महिला से जुड़ा है। महिला के 6 माह का बच्चा है उसी को युवक अपने साथ कार में ले जा रहा था उसी को लेकर दोनों पक्षों ने सुलह कर ली है मामले की जांच की जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सुदौली गांव में शुक्रवार की सुबह झांसी जनपद के समथर थाना क्षेत्र के बरनावा गांव के रहने वाले राकेश कुमार (27) पुत्र श्यामसुंदर अपने भाई रवि के साथ किराए के मकान पर रहकर पानी पूरी बेचने का काम करते थे। भाई रवि ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह सोकर उठे तो देखा कि कमरे में पंखे में साड़ी के फंदे के सहारे उसका भाई राकेश कुमार फांसी के फंदे पर झूल रहा है। आनन फानन में वह फांसी के फंदे से उतार कर देखा तो राकेश कुमार की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस बाबत कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है।

# डीएम-एसएसपी ने किया यमुना में बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बंगाली घाट, विश्राम घाट, राजा घाट आदि का निरीक्षण किया। डीएम ने आम-जनमानस से यमुना जी के पास न जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने लोगों की सुरक्षा हेतु लगाए गए बैरियर एवं बैरीकेडिंग का अवलोकन किया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को निर्देश दिए कि घाटों के निकट निरंतर सतर्कता बरते तथा अनाउंसमेंट करते रहे। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों के निकट गश्त करते रहे तथा लोगों को जागरूक करते रहे तथा आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनको पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम एवं एसएसपी ने श्री गीता (बिरला) धर्मशाला में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसएसपी ने स्वयं बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाना खिलाया। उन्हें खाने में सब्जी, पूड़ी, हलवा, बेसन का लड्डू तथा पेठा परोसा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी परिवार को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीएम ने मेडिकल टीम की उपस्थिति को चेक किया तथा बाढ़ प्रभावित परिवारों को दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। डीएम एवं एसएसपी ने वृंदावन स्थित मोदी भवन, गुरुकुल विवि, मालूक पीठ आश्रम में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा सभी का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की सुविधाओं हेतु भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, मेडिकल टीम, विद्युत, जेनरेटर, पंखे, गद्दे, चादर, तकिया आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आश्रम में पहुंचाया जा रहा है। डीएम ने विभिन्न परिवारों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि सभी पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करे, भोजन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। कोई भी पशु भूखा नहीं रहना चाहिए। डीएम एवं एसएसपी ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत वृंदावन परिक्रमा मार्ग तथा कालीदेह मंदिर के आस-पास का निरीक्षण किया।

## बाढ पीड़ितों को मंडलायुक्त-डीआईजी सहित डीएम-एसएसपी परोस रहे हैं खाना

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** आज कन्हैया की नगरी में यमुना अपना रौद्र रूप दिखा रही है लेकिन कहते है ब्रज में रहने वाले का रखवाला स्वयं योगीराज श्रीकृष्ण है, जिसने अपने भक्तों पर आसीम कृपा के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ को यूपी की सत्ता पर काबिज कर रखा है, और सीएम ने बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसएसपी सहित



अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मथुरा की कमान सौंप रखी है। आज यह अधिकारी रामदूत बनकर अपने हाथों से पीड़ितों को खाना परोस कर उनके दुख दर्द को कम करने का प्रयास कर रहे है। यह नजारा शुक्रवार शाम जयसिंहपुरा स्थित रूहानी आश्रम और बिरला धर्मशाला में देखने को मिला।

मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने शुक्रवार शाम को जयसिंहपुरा में स्थित रूहानी आश्रम में बने बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। वहां रह रहे लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और मंडलायुक्त और डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने अपने हाथों से बाढ़ पीड़ितों को फल और दूध वितरित किया तथा अपने हाथों से खाना भी परोसा और अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के लिए फल और दूध के वितरण में कमी नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने राहत शिविर में रह रहे लोगों को सामग्री खुद भी वितरित की। निर्देश दिए कि लोगों को राहत सामग्री मुहैया कराने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। मंडलायुक्त ने नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग को सफाई और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने अपने हाथों से खाना परोसा। इसके पश्चात दोनों उच्च अधिकारियों ने बिरला धर्मशाला में बने शेल्टर होम पर बच्चों को वितरित की गई राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरी चीजें शामिल थीं। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को कम करने और प्रभावितों तक समय पर राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाये।

## रोटरी क्लब ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन




**फिरोजाबाद।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब द्वारा रोटरी आई हॉस्पिटल परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष महावीर जैन और संचालन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लक्ष्मीकांत बंसल ने किया। इस दौरान साहित्यकार डा.रामसनेही लाल यायावर एमजी गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. संध्या द्विवेदी प्राइमरी विद्यालय केशोराय के शिक्षक विनीत शर्मा कंपोजिट स्कूल टूंडला की शिक्षिका दीप्ति जैन और शिक्षक विजयपाल शास्त्री को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष महावीर जैन ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और उनका योगदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। शिक्षक दिवस पर उनका सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। सचिव नमन जैन ने कहा कि रोटरी क्लब फिरोजाबाद हमेशा शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहा है और आगे भी रहेगा। लक्ष्मीकांत बंसल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम संयोजक कल्पना राजौरिया ने कहा कि, शिक्षक बिना किसी दिखावे के समाज को दिशा दे रहे हैं। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व कुलपति जी.के.अग्रवाल, पूर्व क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक कल्पना राजौरिया नमन जैन अचल मित्तल और नरेश बंसल की उपस्थिति रही।

## शिक्षक ही एक अच्छे समाज का दर्पण

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। छात्रों के द्वारा अपने गुरुओं के प्रति कविता एवं भाषण के द्वारा भाव प्रकट किए गए, तथा डॉ# सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिक्षक गोकुलचंद्र गौतम ने कहा एक शिक्षक हाथ थामता है, दिमाग खुलता है, और दिल को छूता है, एनसीसी अधिकारी



अमित उपाध्याय ने कहा हर सफल छात्र के पीछे एक शिक्षक खड़ा होता है, जो उन पर विश्वास करता है₹ हिमांशु भारद्वाज ने कहा शिक्षक दीपक के समान होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देता है, प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं कॉलेज की शिक्षकों का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सुरेश पचौरी शीरध्वज शर्मा, दिनेश राय धर्मेंद्र चौधरी रिचा गुप्ता अजय कुमार हरिओम शर्मा कौशल शर्मा प्रदीप कौशिक हेमलता पाल, राजवीर सिंह, मुनेश बघेल नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा मांग पत्र




**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र के काजीपाड़ा मोहल्ले में कुछ दबंग लोगों ने सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बना दी है। इस मामले में अखिल भारतीय समता फाउंडेशन और महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि दबंग लोग पुलिस से मिलीभगत कर अवैध कब्जा कर रहे हैं। साथ ही अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें धमकी दी जा रही है। विरोध में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने राजकीय छात्रावास से जिला अधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी और समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे में रास्ता नहीं खुला तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में भीम आर्मी मथुरा के अध्यक्ष, कई एडवोकेट और स्थानीय लोग शामिल रहे।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर हुआ भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन

- लोगों ने जोश और गर्व के साथ लगाये हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे



**मथुरा।** मथुरा में ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर सिरसागंज परिवार की जानिब भरतपुर गेट स्थित घास की मंडी पर भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वर्गीय यकूनुद्दीन कुरैशी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, व तारिक अली एडवोकेट को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने तबर्रुक ग्रहण किया और स्वर्गीय यकूनुद्दीन साहब के समाज के प्रति योगदान को याद किया। इस आयोजन को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश मुस्लिम विकास सोसाइटी की अहम भूमिका रही। संस्था ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था की और आपसी भाईचारे, इंसानियत और एकता का संदेश देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि ऑपरेशन सिंदूर की याद में भी श्रद्धा अर्पित की गई। इस दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह, कर्नल सोफिया कुरैशी और भारत पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की तस्वीरों और बैनरों को प्रदर्शित किया गया। इनके माध्यम से नारी शक्ति, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने पूरे जोश और गर्व के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, जिससे माहौल देशभक्ति और सामाजिक सौहार्द से भर गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बनकर उभरा। सिरसागंज परिवार और मुस्लिम विकास सोसाइटी के इस प्रयास की क्षेत्रवासियों ने सराहना की और ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की अपील की।इसमें प्रमुख रूप से मास्टर बाबू उद्दीन, मास्टर शहाबुद्दीन, सिराजुद्दीन, इकराम अली एनुदीन, फैसल कुरेशी, फैजान कुरेशी, शौकीन कुरेशी, जाकिर डिश वाले, हीरो भाई, इरफान मिस्त्री जीशान कुरेशी व शहर के गणमान्य लोग स्थापित रहे।

# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों ने रखा उपवास, सरकार से मांगी पेंशन



**रायबरेली।** शिक्षकों पर एक के बाद एक थोपे जा रहे सरकारी आदेश, विद्यालय मर्जर सहित पुरानी पेंशन की मांग को लेकर गुरुजनों ने शिक्षक दिवस पर उपवास रखा। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान एवं अटेवा के प्रदेशीय आह्वान पर आज शिक्षकों ने विकास भवन, कस्बों व घरों पर उपवास रखा। ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसो. (अटेवा) के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए उपवास रखा। शिक्षकों ने यूपीएस का विरोध करते हुए शिक्षकों ने कहा सरकार से हमें न ही एनपीएस चाहिए और न ही यूपीएस चाहिए, हमें सिर्फ और सिर्फ सरकार से अपने बुढ़ापे की लाठी के तौर पर ओपीएस यानि पुरानी पेंशन चाहिए। सैकड़ों गुरुजनों ने सरकार से इस पेंशन को वापस लेते हुए हमारा स्वाभिमान कही जाने वाली पुरानी पेंशन दिलाने की मांग की। जिला संयोजक इरफान अहमद ने कहा कि शिक्षक दिवस, जो सामान्यतः शिक्षकों के सम्मान व उनके योगदान को स्मरण करने का दिन होता है, इस बार एक नई इबारत लिख गया। अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच के आह्वान पर जिले के शिक्षकों व कर्मचारियों ने शिक्षक दिवस पर सामूहिक उपवास रखकर सरकार की नीतियों के प्रति विरोध जताया और अपने अधिकारों की लड़ाई का ऐलान किया। इस मौके पर मो. नसीम, अविनाश, योगेंद्र गुप्ता, तुलसीराम, प्रवेश यादव, अनवर अली, अनिल यादव, इन्द्रसेन, अमित, सितांशु सोनकर, लेखपाल संघ से अभिषेक पटेल, रमेश पटेल, अनिल चौधरी विपिन मौर्य (लेखपाल), शिवकुमार तिवारी, धर्मेंद्र द्विवेदी कानूनगो, राजेंद्र कुमार, प्रतिभा, माया, अश्वनी कुमार आदि ने सामूहिक उपवास रखकर पुरानी पेंशन की मांग दोहराई।

## वामन भगवान की शोभायात्रा निकली

**मथुरा।** आज नगर में वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ कुंजबिहारी मंदिर (डीग गेट) से हुआ, जो चैक बाजार एवं मंडी रामदास मार्ग से होती हुई प्राचीन दाऊजी मंदिर, होलीगेट पर जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्तों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समापन अवसर पर दाऊजी मंदिर के महंत राजू पंडित एवं गुड्डू गौतम ने पटुका एवं माल्यार्पण कर सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इसके उपरांत वामन भगवान की विधिवत सेवा-पूजा की गई और भोग अर्पित कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में लगभग 10 आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं, जिनमें वामन भगवान के विभिन्न स्वरूपों और धार्मिक



प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। कई बैंड व डीजे दलों ने भक्ति धुनों पर वातावरण को जीवंत बना दिया। श्रद्धालु हाथों में ध्वज और पताकाएँ लिए जयकारों के साथ चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय जगह-जगह भक्तों और व्यापारियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। महिलाओं और बच्चों की भी विशेष सहभागिता देखने को मिली। चारों ओर ह्ववामन भगवान की जयह्व के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस पावन मौके पर गुड्डू गौतम प्रमुख समाजसेवी, अजय शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, योगेश भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार, पप्पू पंडित, बी एल पांडेय, सोनू शर्मा, पंकज पंडित, शालू शर्मा एवं वंश पिरोनिया मौजूद रहे।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस की रही धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

रायबरेली। कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन और स्वर्गीय शकुंतला सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कार्यक्रम का आगाज हुआ। नन्हे मुन्हे बच्चों ने गीत और नृत्य के जरिये समां बांध दिया। बच्चों ने इस अवसर पर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है और शिक्षक ही समाज को बदल सकता है।

## बड़ा रासमंडल में मनाया राधारानी का छठी महोत्सव



**मथुरा।** वृंदावन लाडली सरकार श्री राधारानी के प्राकट्य के छठवें दिवस तीर्थनगरी में बृजेश्वरी राधिका रानी का छठी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़ा रासमंडल में विशेष मंगला आरती, श्रीजी का श्रृंगार, बधाई समाज गायन, फूल बंगला आदि विविध मनोरथ श्रीराधारानी के प्रीत्यर्थ हुए। श्री राधावल्लभ संप्रदाय के प्रमुख स्थान गोविंद घाट स्थित बड़ा रासमंडल में प्रातः काल समाज में श्रीजी का बधाई गायन श्री महंत लाडली शरण महाराज के सानिध्य में हुआ। समाज में बधाई गायन राकेश मुखिया के निर्देशन में श्रद्धालु समाजियों और संत परिकर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संप्रदायों के संतों की उपस्थिति प्रासंगिक रही। जिनमें मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज, चतुः संप्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद महाराज, सिंहपौर हनुमान मंदिर के महंत सुंदर दास महाराज, हिताश्रम के महंत कमल दास महाराज, चतुः संप्रदाय के श्री महंत फूलडोल बिहारी दास महाराज आदि ने श्रीजी के छठी उत्सव में श्रद्धालुओं को बधाइयां दी। महोत्सव के दौरान संपूर्ण रासमंडल परिसर श्रीराधारानी और हित हरिवंश महाप्रभु के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। समाज गायन के मध्य ढांढी - ढांढिन ने भी नृत्यमय बधाई गायन किया। चहुंओर राधा प्यारी ने जन्म लियौ है, कीरत किशोरी ने जन्म लियौ है, के जयकारे सुनाई दे रहे थे। छठी महोत्सव में श्रीजी को फूल बंगला में विराजित कर छप्पन भोग निवेदित किया गया।

## श्रीयमुना मंदिर के पुनरुद्धार की रखी आधार शिला



**मथुरा।** पुण्यतीर्थ विश्राम घाट पर प्राचीन श्री यमुना मंदिर की पुनरोद्धार की आधार शिला शुक्रवार को रखी गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमाथुर चतुर्वेद परिषद के संरक्षक और अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के संरक्षक महेश पाठक ने आचार्य और विद्वान पं. संग यमुना पूजन किया। इस दौरान बातचीत में महासभा के राष्ट्रीय नेता पाठक ने बताया कि ये सात पुरियों मे से एक मथुरा पुरी के पुण्य तीर्थ विश्राम घाट का अति प्राचीन मंदिर है। इसे भव्य और दिव्य बनाया जायेगा। उन्होंने तीर्थ विकास परिषद के कार्यों की सराहना की। इस दौरान परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एड. यमुना आरती मुकुट मण्डल समिति के संरक्षक सुभाष चतुर्वेदी प्रयाग नाथ मुकेश संता राजू अमित शैलेश अंकुर दाऊ गजानंद गणेश माथुर चतुर्वेद परिषद् से कमल मौला नीरज अनिल पम्मम संजय मंत्री भाइयो भौरे मिहारी आदि उपस्तिथ रहे।

# जिला भाजपा की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला संपन्न

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला इकाई की कार्यशाला हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने की। कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में जिला प्रभारी अशोक कटारिया मौजूद रहे।

कार्यशला को संबोधित कर रहे मुख्य अतिथि श्री कटारिया ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओ को जनता से सीधे जोड़ने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का अवसर है। वहीं, सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरण, प्रदर्शनी, वोकल फॉर लोकल अभियान और प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से जुड़ी पुस्तक वितरण जैसी गतिविधियां होंगी। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तथा 2 अक्तूबर को गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वदेशी और खादी अपनाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खेल-कूद प्रतियोगिता के




आयोजन भी करने होंगे।इसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और खो-खो शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी पदाधिकारियों को अपनी अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल के प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष आदि से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रम में जुटजाने का आव्हान किया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि इस अभियान से पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा। कार्यकताओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ने और जनता तक सीधा पहुंचने का यह एक बड़ा अवसर होगा। मथुरा में भी जिले के सभी मंडलों में इस अभियान को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश वाष्णेय, गोकुल विधायक पूरन प्रकाश, मांट विधायक राजेश चैधरी, जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी, अनिल चैधरी, आकाश भानु प्रताप सिंह चैधरी, अमन ठाकुर, भगत सिंह जादौन, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुदिता शर्मा, प्रियंका उपाध्याय, तरुण सैनी, मंडलों के अध्यक्ष, कार्यशाला के संयोजक और सह संयोजक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कुशल संचालन जिला महामंत्री महिपाल सिंह ने किया।

## चोरी के माल सहित 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस व एसओजी सर्विलास की संयुक्त टीम द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रात्रि में इलेक्ट्रोनिक दुकान से हुयी चोरी की घटना का अनावरण किया गया। 3/9/2025 को प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी देवखेडा थाना पचोखरा फिरोजाबाद ने प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात चोरों द्वारा एटा रोड गल्ला मण्डी के पास स्थित उसकी दुकान से चोरी कर ली है तथा 03 आन्ट्रीनेटर 03 मोटर 10 ऐग जोन्ट व अन्य सामान चोरी कर लिया है। उक्त चोरी की घटना के अनावरण हेतु टूण्डला पुलिस व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गयी, गठित टीम द्वारा शुक्रवार को निहाल सिंह की पुलिया से छितरई की ओर जाने वाले रास्ते से अभियुक्तगण विजय उर्फ धोनी पुत्र सत्य प्रकाश व रोहित पुत्र प्रदीप कुमार दोनों निवासी सवांई थाना एत्मादपुर जनपद आगरा को मय चोरी से सम्बन्धित माल 3 पम्प जनरेटर, 2 किचेन बाले एक्जॉस्ट फैन टूल्स रिंच पाना आदि 2 बिजली गैंग बॉक्स विजली का तार एवं कॉपर वायर मय 1 एक तमंचा व 1 जिंदा कारतूस के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से बरामदा माल के आधार पर कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।




# विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने की कोशिश करेंगी दीपिका



ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)। अपने करियर के अंतिम पड़ाव में अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी एक बार फिर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने की कोशिश करेंगी जिसमें भारत 15 साल की गाथा खडके की अगुआई में अगली पीढ़ी का प्रदर्शन करने को तैयार है।

पुणे की गाथा ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में चमकदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए सीनियर टीम में अपनी जगह पक्की की। अनुभवी दीपिका और अंकिता भकत के साथ गाथा की उपस्थिति ने अतीत और भविष्य की तीरंदाजों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा करने का मंच तैयार कर दिया है। ट्रायल्स में अव्वल रहीं दीपिका के साथ अंकिता और गाथा ने भारत की तीन सदस्यीय रिकर्व महिला टीम बनाई। गाथा ने जुलाई में मैड्रिड में पदार्पण किया था और चीनी ताइपे की ओलंपियन और विश्व कप पदक विजेता चिउ यी-चिंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। उनका अंतिम-16 में पहुंचना इस प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिससे वह दीपिका और अंकिता से आगे हो गईं। वहीं मां बनने के बाद 31 वर्षीय दीपिका के लिए विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का एक और मौका है क्योंकि ओलंपिक के साथ यह पदक भी उनकी कैबिनेट में नहीं है। 2011 में पहली बार हिस्सा लेने बाद से इस सबसे प्रतिष्ठित भारतीय तीरंदाज ने केवल टीम रजत पदक (2011, 2015) जीते हैं लेकिन कोई व्यक्तिगत पदक नहीं जीता है। यह उनकी छठी विश्व चैंपियनशिप होगी। अंकिता महिला टीम की तीसरी सदस्य हैं जिन्होंने दो साल पहले बर्लिन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था लेकिन पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं। भारतीयों के सामने दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती होगी जिसकी अगुआई तोक्यो ओलंपिक चैंपियन एन सान तथा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज लिम सिह्योन कर रही हैं। महिला रिकर्व में कोरियाई टीम प्रबल दावेदार हैं और यह देखना होगा कि क्या भारतीय उनकी बाधा पार कर पाते हैं। पुरुष रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और राहुल के साथ भारत की अगुवाई करेंगे। कभी देश की सबसे उज्ज्वल ओलंपिक उम्मीद माने जाने वाले धीरज एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक के बाद आशाओं पर खरे नहीं उतर पाए हैं लेकिन ग्वांगजू में उनके पास वापसी का मौका है। पुरुष टीम डेन बॉश 2019 के रजत पदक की बराबरी करने की उम्मीद करेगी जो रिकर्व तीरंदाजी में भारत का आखिरी पोडियम स्थान था। इस प्रतियोगिता में भारत को सबसे बड़ी सफलता कंपाउंड वर्ग में मिली है जिसमें पिछले चरण में ओजस देवताले और अदिति स्वामी ने क्रमशः पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत चैंपियन बनकर इतिहास रचा था। लेकिन इस बार दोनों ही क्वालीफाई करने में असफल रहे जिससे इस बार दारोमदार पुरुष वर्ग में प्रथमेश फुगे, अमन सैनी और ज्‍षभ यादव जैसे खिलाड़ियों पर होगा। वहीं महिला टीम की कमान अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम संभालेंगी जो अब भी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक की तलाश में हैं। वेन्नम के नाम तीन विश्व पदक - रजत (यांकटन 2021) और कांस्य (डेन बॉश 2019, बर्लिन 2023)- हैं। उनके साथ परनीत कौर और युवा पृथिका प्रदीप भी होंगी।

भारतीय टीम इस प्रकार है:

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल

रिकर्व महिलाः दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके

कंपाउंड पुरुषः प्रथमेश फुगे, अमन सैनी, ऋषभ यादव

कंपाउंड महिलाः परनीत कौर, पृथिका प्रदीप, ज्योति सुरेखा वेन्नम।

# बीसीसीआई ने की भारतीय टीम की जर्सी प्रायोजन की दरों में बढ़ोतरी




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपये कर दिये हैं।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, नयी दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद ड्रीम 11 के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है। सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम 11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। बीसीसीआई को हालांकि 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नयी दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। बीसीसीआई संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपये से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है। ड्रीम 11 के हटने के बाद भारतीय टीम के मुख्य प्रायोजक अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को बोलियां आमंत्रित कीं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया, बोली लगाने वाले (जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है) को भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए। भारतीय टीम यूएई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप में बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेलेगी, क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के कारण अपने वास्तविक धन से जुड़े ऑनलाइन गेम को बंद कर दिया है। इस अधिनियम में कहा गया है, कोई भी व्यक्ति वास्तविक धन से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाने या उसमें शामिल होने में संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए बढ़ावा देता हो।

# संन्यास का फैसला बदलकर अब समोआ के लिए खेलेंगे न्यूजीलैंड के रोस टेलर

वेलिंगटन। पांच सितंबर (एपी) न्यूजीलैंड के महान क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिये टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिये सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरू रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरूण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिये खेलने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिये समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे। टेलर ने स्टफ न्यूज वेबसाइट से कहा कि जब खिलाड़ी आपको संन्यास का फैसला बदलकर उनकी मदद के लिये कहते हैं तो बहुत बड़ी बात है। मैं अब युवा तो नहीं हूं लेकिन इतना फिट हूं कि बाउंड्री के पास दौड़ सकूं।

संक्षेप

## सबालेंका दूसरे खिताब से एक जीत दूर

न्यूयॉर्क। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। सबालेंका ने गुरुवार रात को अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। सबालेंका ने बाद में कहा कि मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।

## भांबरी और वीनस का सफर सेमीफाइनल में थमा

न्यूयॉर्क। भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया था। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। भांबरी और वीनस की जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था और अंतिम चार तक के अपने सफ़र में वरीयता प्राप्त जोड़ियों को भी हराया। यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है। पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है।

# यूपी प्रो हैंडबॉल लीग की ट्रॉफी का अनावरण

## लीग की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर से




लखनऊ। आईपीएल व प्रो कबड्डी की तर्ज पर होने वाली प्रदेश की पहली आधिकारिक हैंडबॉल लीग यूपी प्रो हैंडबॉल लीग की ट्रॉफी का अनावरण शुक्रवार को एक भव्य समारोह में किया गया। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान और 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से होने वाली लीग की ट्रॉफी का अनावरण मुख्य अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन) व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानी सिंह ने किया।

उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के 20 उत्कृष्ट राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान लीग की प्रतिभागी आठ टीमों के नाम भी घोषित किए गए। इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर नवीन पूनिया (भारतीय हैंडबॉल टीम के पूर्व उपकप्तान, हरियाणवी गायक) बनाए गए हैं। उन्होंने लीग के थीम सांग यूपी खेलेगा हैंडबॉल की भी लांचिंग की। मुख्य अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि यह ट्रॉफी प्रदेश में हैंडबॉल खेल के गौरव और नई संभावनाओं का प्रतीक है। इस लीग से प्रदेश में हैंडबॉल खेल को नई ऊंचाई मिलेगी। यह लीग न केवल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिलाएगी, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह भी भरेगी। आने वाले वर्षों में यह लीग उत्तर प्रदेश को हैंडबॉल का हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रथम संस्करण में आठ टीमें हिस्सा ले रही है और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में और भी टीमें इस लीग में शामिल होंगी। विशिष्ट अतिथि रानी सिंह ने कहा कि लीग का आयोजन जब खेलेगा यूपी दहलेगा मैदान की टैग लाइन के साथ होगा, जो खिलाड़ियों में जोश जगाएगा। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के संस्थापक निदेशक अमित पाण्डेय (कार्यकारी महासचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने कहा कि इस लीग की ट्रॉफी केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह यूपी के खेलों के बढ़ते सम्मान और पहचान का प्रतीक है। 20 किलो वजन की प्योर मेटल से बनी और 22 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग से सजी इस ट्रॉफी में हैंडबॉल के नेट और गेंद का डिजाइन शामिल है, जो खेल की सटीकता, एकाग्रता और तीव्रता का संदेश देता है। मुझे विश्वास है कि लीग प्रदेश के खिलाड़ियों के सपनों को साकार करेगी। पाण्डेय ने कहा कि लीग की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर, 2025 से होगी। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में होने वाली लीग में आठ टीमें भाग लेंगी और कुल 39 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

# भारत का महिला एशिया कप हॉकी में आगाज, थाईलैंड को 11-0 से हराया



हांगझोउ (चीन)। उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाये और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की। मुमताज, उदिता और शर्मिला ने पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग और रुतुजा ने फील्ड गोल किए। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को पांच रन से हराकर वनडे श्रृंखला जीती



लंदन। दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्ज़के की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली।

बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्ज़के वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रूस्टिन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

# सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

## पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊः इस टूर्नामेंट की इनामी राशि 20 लाख रुपये है




लखनऊ। 2025 के प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन की सातवीं प्रतियोगिता पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊहोगी, जो 9 से 11 सितम्बर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जाएगी।

इस टूनार्मेंट की इनामी राशि 20 लाख रुपये है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। प्रतियोगिता तीन राउंड (54 होल) में खेली जाएगी, जिसमें दो राउंड (36 होल) के बाद कट लगाया जाएगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी (टाई सहित) तीसरे और अंतिम राउंड में जगह बनाएंगे।

इस टूनार्मेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। लखनऊ से भाग लेने वाले खिलाड़ी हैं - संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता। विदेशी खिलाड़ियों में प्रमुख हैं- अमेरिका के जो हर्न और डॉमिनिक पिकिरिल्लो, इटली के फेडरिको जुकेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलेयमान तथा नेपाल के सुभाष तामांग। 2025 का पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन अब तक बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा है, जिसमें खेले गए छह इवेंट्स से छह अलग-अलग विजेता सामने आए हैं। इस साल के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर (पीजीटीआई) में खेलने का स्वतः अधिकार मिलेगा। अमनदीप जोहल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने कहा, ₹पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को तराशना और पूरे भारत में गोल्फ को बढ़ावा देना है। सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में नेक्सजेन इवेंट का आयोजन हमारे लिए एक अहम उपलब्धि है। लखनऊ, जो एक उभरता हुआ गोल्फिंग सेंटर है, में इस आयोजन से गोल्फ को और गति मिलेगी। हम लखनऊ गोल्फ क्लब के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं और खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हैं। आर. एस. नंदा, कैप्टन, लखनऊ गोल्फ क्लब ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पुरुषों का प्रोफेशनल इवेंट आयोजित किया जा रहा है और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया की वापसी हो रही है। हम खिलाड़ियों, सदस्यों और दर्शकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह टूनार्मेंट लखनऊ में गोल्फ को और लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। हम सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हैं। रजनीश सेठी, मानद सचिव, ने कहा, ₹पीजीटीआई जेन नेक्स्ट लखनऊ इवेंट क्लब सदस्यों को पेशेवर खिलाड़ियों से जुड़ने का मंच देगा और साथ ही कोर्स की सुविधाएँ प्रदर्शित करने और बेहतर बनाने का अवसर भी देगा। इसके अलावा कोर्स का स्टाफ प्रोफेशनल इवेंट आयोजित करने का अनुभव हासिल करेगा।

# गणेश विसर्जन के लिए 21 हजार पुलिसकर्मी तैनात

## पहली बार पुलिस यातायात प्रबंधन और ट्रैफिक संबंधी अन्य अद्यतन जानकारी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करेगी



मुंबई। गणेशोत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई में 21,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पहली बार पुलिस यातायात प्रबंधन और ट्रैफिक संबंधी अन्य अद्यतन जानकारी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने कहा कि गिरगांव चौपाटी पर एआई आधारित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जबकि प्रमुख गणपति मंडलों को क्यूआर कोड जारी किए गए हैं और विसर्जन यात्रा में भाग लेने वाले वाहनों के लिए स्टिकर भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस को वाहनों का पता लगाने, भीड़ पर नजर रखने आदि में मदद मिलेगी, ताकि वास्तविक समय में यातायात परिवर्तित किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि भीड़ और विसर्जन यात्रा पर नजर रखने के लिए जिन ड्रोनों का इस्तेमाल किया जायेगा, उनमें सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के साथ-साथ सुरक्षा उद्देश्यों के लिए लाइट भी लगी होंगी। अधिकारी ने बताया कि यह ड्रोन और शहर भर में लगे 10,000 सीसीटीवी कैमरे भीड़ पर नजर रखेंगे, जबकि निजी ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 12 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, 40 उप पुलिस आयुक्त, 61 सहायक पुलिस आयुक्त, 3,000 अधिकारी और 18,000 पुलिसकर्मी इस बल का हिस्सा होंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा राज्य आरक्षित पुलिस बल की 14 कंपनियां, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की चार कंपनियां, त्वरित प्रतिक्रिया दल और बम खोजी एवं निस्तारण दस्ता भी तैनात रहेगा। चौधरी ने बताया कि शहर में करीब 6,500 सार्वजनिक गणेश मूर्तियां और 1.75 लाख घरेलू मूर्तियां समुद्र तटों, अन्य जल निकायों और 205 कृत्रिम तालाबों में विसर्जित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विसर्जन स्थलों पर जीवनरक्षक (तैराक) भी मौजूद रहेंगे। वहीं बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने शनिवार को मूर्तियों के विसर्जन को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की है और स्थिति को संभालने के लिए 10,000 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। शहर भर में स्थापित 70 प्राकृतिक जल निकायों और 298 कृत्रिम तालाबों में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। नगर निकाय ने श्रद्धालुओं से प्राकृतिक जल निकायों में प्रदूषण कम करने के लिए घरेलू और सामुदायिक गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों का चयन करने का आग्रह किया है। बीएमसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि प्राकृतिक जल निकायों और कृत्रिम तालाबों पर 2,178 जीवनरक्षक (तैराक) तैनात किये गये हैं।

## स्मार्ट कक्षाओं और ब्लैक बोर्ड से ज्यादा जरूरी है स्मार्ट शिक्षक : राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चीज स्मार्ट शिक्षक हैं।

एक शिक्षिका के रूप में अपने समय को याद करते हुए उन्होंने इसे अपने जीवन का बहुत ही सार्थक काल बताया। मुर्मु विज्ञान भवन में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं, जहां उन्होंने 60 से अधिक शिक्षकों को शिक्षण और सीखने में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है। लेकिन सबसे ज़रूरी है स्मार्ट शिक्षक... स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने छात्रों के विकास की ज़रूरतों को समझते हैं। स्मार्ट शिक्षक स्नेह और संवेदनशीलता से पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक छात्रों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करने का काम करते हैं। मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करना शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित छात्र, उन छात्रों से बेहतर होते हैं जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में ज्ञान के साथ संवेदना भी होती है। संवेदना और ज्ञान का समन्वय छात्रों पर भी प्रभाव डालता है। सबसे गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी शिक्षा की शक्ति से उन्नति के शिखर को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को शक्ति देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि उनके छात्र उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत को वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए, हमारे शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में पहचान मिलनी चाहिए।

### संक्षेप

## भ्रष्टाचार के आरोपों की स्वतंत्र जांच को मंजूरी न दें जोन

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन के अधिकारियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों की जांच के लिए स्वतंत्र मंजूरी देने से परहेज करने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने कहा कि यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों का उल्लंघन है क्योंकि ऐसी मंजूरी उसके सतर्कता विभाग द्वारा दी जानी चाहिए। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को संबोधित एक हालिया परिपत्र में कहा कि रेलवे बोर्ड सतर्कता के संज्ञान में आया है कि कुछ जोनल रेलवोउत्पादन इकाइयां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 17ए के तहत स्वतंत्र रूप से अनुमति दे रही हैं। परिपत्र में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों को उद्धृत किया गया है, जिसके अनुसार, सरकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते समय की गई किसी सिफारिश या निर्णय के लिए किसी लोक सेवक के विरुद्ध जांच सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं की जा सकती। परिपत्र में क्षेत्रीय अधिकारियों को सलाह दी गई है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत राजपत्रित और अराजपत्रित दोनों अधिकारियों के संबंध में अनुमति के लिए अनुरोध को सक्षम प्राधिकारी की आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड सतर्कता को भेजा जाना चाहिए।

## व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार नवारो की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए नयी दिल्ली पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को गलत और भ्रामक बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने नवारो द्वारा दिए गए गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। पिछले सप्ताह, नवारो ने भारत पर क्रेमलिन के लिए तेल धन शोधन केन्द्र होने का आरोप लगाया था। भारत रूसी हथियार खरीदना जारी रखे हुए है, जबकि उसने अमेरिकी रक्षा कम्पनियों से संवेदनशील सैन्य प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने और भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया था।

ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जिसमें भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। भारत ने अमेरिकी कार्वाई को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया और इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि उसे ही दंडात्मक कार्रवाई के लिए क्यों चुना गया। हैरानी की बात यह है कि अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन पर कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की है। रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए भारत कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

## ट्रंप ने प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों की मेज़बानी की



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों के एक समूह की मेजबानी की और उनकी कंपनियों द्वारा देश में किए जा रहे निवेश की जानकारी ली।

ट्रंप ने एक लंबी मेज के चारों ओर बैठे इन दिग्गजों को बेहद बुद्धिमान करार दिया। विभिन्न कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जहां ट्रंप की तारीफ कर रहे थे और तकनीकी प्रगति से जुड़ी आकांक्षाओं पर चर्चा कर रहे थे, वहीं ट्रंप का पूरा ध्यान निवेश पर था। उन्होंने मेज के चारों ओर घूमकर इन अधिकारियों से पूछा कि वे देश में कितना निवेश कर रहे हैं। मेटा के सह संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ट्रंप के दाहिनी ओर बैठे थे। जुकरबर्ग ने कहा कि वह करीब 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश कर रहे हैं। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने भी 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की बात कही, वहीं गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 250 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का अनुमान व्यक्त किया। इन लोगों से मुखातिब होने के बाद ट्रंप ने प्रश्न किया माइक्रोसॉफ्ट का क्या? इस पर माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा निवेश 80 अरब डॉलर प्रति वर्ष के करीब है। ट्रंप ने यह राशि सुन कर कहा कि अच्छा है, काफी अच्छा। मेहमानों की इस सूची में ट्रंप के करीबी रहे एलन मस्क शामिल नहीं थे। इस साल की शुरुआत में मस्क और ट्रंप के बीच एक नए विधेयक को लेकर विवाद हुआ था और दोनों ने सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर काफी कड़ी टिप्पणियां की थीं। मेहमानों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में मस्क के प्रतिद्वंद्वी रहे ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और पेमेंट प्रॉसेसिंग कंपनी शिफ्ट4 के संस्थापक जेरेड इसाकमैन भी शामिल थे।

## आरएसएस की तीन दिवसीय समन्वय बैठक जोधपुर में शुरू



जोधपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके संबद्ध संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक शुक्रवार को यहां शुरू हुई। यह बैठक संगठन मंत्र के सामूहिक वाचन के साथ शुरू हुई।

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बैठक के प्रथम सत्र में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस तीन दिवसीय बैठक (57 सितंबर) में संघ के 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इसमें वर्षभर के कार्यों एवं उनके अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही, पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवन, स्व आधारित रचना, नागरिक कर्तव्य पालन), संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रयासों पर चर्चा होगी। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में संगठनों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नये प्रयोगों की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से सभी छह सह सरकार्यवाह, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, संगठन मंत्री मिलिंद परांडे, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांता अक्का, प्रमुख कार्यवाहिका ए. सीता गायत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, संगठन मंत्री आशीष चौहान, सक्षम के अध्यक्ष डॉ. दयाल सिंह पवार, संगठन मंत्री चंद्रशेखर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, संगठन मंत्री बी.एल. संतोष, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संगठन मंत्री अतुल जोग, सीमा जागरण मंच के संयोजक मुरलीधर भाग ले रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक संस्था नहीं बल्कि उच्च संवैधानिक निकाय है: रेड्डी



गुवाहाटी। इंडिया गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवाद बी सुदर्शन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां कहा कि उपराष्ट्रपति का पद कोई राजनीतिक संस्था नहीं, बल्कि उच्च संवैधानिक निकाय है।

रेड्डी गुवाहाटी में थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। रेड्डी ने कहा कि यह कोई साधारण राजनीतिक संस्था नहीं है... इस पद पर बैठने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अपेक्षित गुण न्यायाधीश के समान हैं - अपने शब्दों, कार्यों और कर्मों में निष्पक्ष, तर्कसंगत और उचित... उपराष्ट्रपति पद के बारे में मेरी यही समझ है। उन्होंने इससे पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग (ईसीआई) एक संवैधानिक निकाय है जिसे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी व्यक्ति को चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए कोई पूर्वनिर्धारित व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि क्योंकि यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस पर कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अविवेकपूर्ण होगा।

### इंटरटेनमेंट...

## एआर रहमान तैयार करेंगे रामायण का संगीत



मुंबई। फिल्मकार नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण का संगीत दुनिया के दो दिग्गज संगीतकार ए आर रहमान और हैंस जिमर मिलकर तैयार करेंगे। रहमान का कहना है कि जिमर के साथ वे इस फिल्म के लिए ऐसा पार्श्व संगीत तैयार करेंगे जो अलग होने के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होगा।

दोनों संगीतकार रामायण के संगीत के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह फिल्म संस्कृत महाकाव्य रामायण पर आधारित है, जिसका निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। प्राइम फोकस स्टूडियो के नमित मल्होत्रा इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर भगवान राम, साईं पल्लवी देवी सीता और यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। रहमान ने जिमर के साथ काम करने के अनुभव के बारे में कहा हैंस जिमर एक शानदार संगीतकार हैं, जिन्होंने बेहतरीन काम किया है। मैं उन्हें 2009 से जानता हूं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। उन्होंने मुझे पहले भी संगीत तैयार करने का निमंत्रण दिया था, लेकिन तब मैं दूसरे कामों में व्यस्त था। दो बार ऑस्कर पुरस्कार जीत चुके जिमर ने द लॉयन किंग, ग्लेडिएटर, पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन, इनसेप्शन, इंटरस्टेलर, द डार्क नाइट राइज़ेस और ड्यून जैसी हॉलीवुड फिल्मों में संगीत दिया है। वर्ष 2008 की फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए दो ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले रहमान ने उन्हें और जिमर को साथ लाने का श्रेय नमित मल्होत्रा को दिया। रहमान ने कहा अब तक हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही है। हम तीन-चार बार मिल चुके हैं। मैं इससे अधिक कुछ नहीं कह सकता क्योंकि अभी काम चल रहा है। रामायण को लेकर रहमान ने कहा कि उन्होंने और जिमर ने ऐसा संगीत बनाने की कोशिश की है जो अनूठा हो और वैश्विक दर्शकों के दिल को भी छुए। रामायण दो भागों में रिलीज होगी।

## ट्रोलर्स के भद्दे कमेंट्स पर भड़कीं अनुष्का शंकर

नयी दिल्ली। सितार वादक अनुष्का शंकर ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरों और स्टोरीज पर लोगों द्वारा की गईं आपत्तिजनक टिप्पणियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके शरीर पर किसी और को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। वह सितार वादक पंडित रविशंकर की पुत्री हैं। अनुष्का ने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं थी, जिन पर अजनबी पुरुषों द्वारा उनके कपड़ों और शरीर के बारे में लैंगिक भेदभावपूर्ण टिप्पणियां की गई हैं। संबंधित एक टिप्पणी में कहा गया भारतीय शास्त्रीय संगीत पवित्र संगीत है। लेकिन पहनावा मेल नहीं खा रहा है। वहीं, एक अन्य टिप्पणी में कहा गया, आप धन्य हैं, लेकिन क्लीवेज दिखाने की कोई जरूरत नहीं है। बारह बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित सितारवादक ने कहा कि एक तरह से यह सिर्फ एक शरीर है।

## शिल्पा शेट्टी व पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी



मुंबई। मुंबई पुलिस ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एलओसी जारी किया, क्योंकि शिल्पा और उनके पति अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू थाने में एक कारोबारी से ऋण-सह-निवेश सौदे में कथित तौर पर लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था। लुकआउट सर्कुलर एक ऐसी व्यवस्था है, जिसका उपयोग आमतौर पर आव्रजन और सीमा नियंत्रण चौकियों को अलर्ट जारी कर किसी व्यक्ति को देश छोड़ने से रोकने या उसकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए किया जाता है।

## गैंग्स ऑफ वासेपुर से पूरी तरह अलग है निशानची




मुंबई। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने कहा है कि आगामी फिल्म निशानची उनकी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से अलग है। उन्होंने कहा कि 2012 में आई फिल्मै गैंग्स ऑफ वासेपुरै उन कहानियों से प्रेरित थी जो उन्होंने सुनी थीं, वहीं उनकी नई फिल्म सीधे तौर पर उनके अपने जीवन और कानपुर तथा लखनऊ में हुई उनकी परवरिश से जुड़ी है। इस हफ्ते की शुरुआत मैं निशानचौ का ट्रेलर जारी किया गया था और तब से सोशल मीडिया पर इसकी तुलनौ गैंग्स ऑफ वासेपुरै से की जा रही है, जो पीढ़ियों से चली आ रही गिरोहों की प्रतिद्वंद्विता पर आधारित थी और काफी लोकप्रिय हुई थी। निशानची जुड़वां भाइयों बबलू और डबलू के अंतर्संबंधित जीवन पर आधारित है। इसमें ऐश्वर्य ठाकरे दोहरी भूमिका में हैं, उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी हैं। ठाकरे इस फिल्म से अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। हालांकि, कश्यप ने दोनों फिल्मों के बीच किसी तरह की समानताओं को खारिज कर दिया। निदेशक ने एक बयान में कहा कि वासेपुर, मुंहजुबानी प्रचार की वजह से लोकप्रिय फिल्म बन गई और जहां भी मैं जाता, लोग चिल्लाने लगते- वासेपुर 3, वासेपुर 3।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com